*  ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 82

पंजाब में भाजपा अकेले दम पर लड़ेगी चुनाव, प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने किया एलान









# बजट सत्र से पहले नयी नियोजन नीति लायेगी सरकार : सुप्रियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने दावा किया है कि वह झारखंड विधानसभा के आगामी बजट सत्र से पहले नयी नियोजन नीति राज्य सरकार ले आयेगी। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा युवाओं के लिए नियोजन नीति अहम मसला है। उम्मीद है कि बजट सत्र से पहले नयी नियोजन नीति तैयार हो जायेगी। इसके अलावा सुप्रियो ने गृह मंत्री अमित शाह को निशाने पर लिया। आरोप लगाते कहा कि सात जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बारे में गृह मंत्री ने चाईबासा में जो कहा, वह निंदनीय है। राष्ट्रपति अनुकंपा पर नहीं बनी हैं। गृह मंत्री का बयान ऐसा है मानो पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा ने उन्हें अनुकंपा पर राष्ट्रपति पद पर बिठाया हो। आज देश में हर पेशे में इंजीनियरिंग, पायलट, प्रोफेसर और अन्य पेशे में महिलाएं अपनी पहचान बना रही हैं। ऐसे में देश के सर्वोच्च सैन्य कमांडर के बारे में गृह मंत्री का बयान महिलाओं, आदिवासियों, दलितों के प्रति उनकी घटिया सोच को दर्शाता है। पूरी भाजपा को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।



## 2024 में झारखंड से साफ होगी भाजपा

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अमित शाह पूर्व में भी चक्रधरपुर आये थे। उनके आने के बाद से समूचे कोल्हान में भाजपा विधानसभा चुनाव में साफ हो गयी थी। अब वे झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों पर जीत नहीं, हार के लिए रणनीति बनाना शुरू करें। चाइबासा के अलावा बाकी प्रमंडलों में भी वे दौरा करें। भाजपा 2024 में एक भी सीट पर जीत का मुंह नहीं देख पायेगी, बल्कि पूरी तरह साफ हो जायेगी।

## छात्रों ने जताया विरोध

प्रेस वार्ता के बाद टेट पास और कई युवा अभ्यर्थियों ने सुप्रियो भट्टाचार्य के सामने नियोजन नीति को लेकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि सरकार के उटपटांग फैसलों के कारण उनका करियर प्रभावित हो रहा है। एक तरफ नियोजन नीति को स्थगित करने की बात है, दूसरी ओर शिक्षकों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया है, जो भ्रामक है। इस पर सुप्रियो ने आश्वस्त किया कि जल्द ही नयी नियोजन नीति सरकार लायेगी।

# कड़ाके की ठंड के चलते 15 जनवरी तक बंद रहेंगे पांचवीं तक के स्कूल

- टीचर जायेंगे स्कूल, छुट्टी के दौरान बच्चों का मिड डे मील जारी रहेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ठंड के मद्देनजर राज्य के सभी स्कूलों में नर्सरी से कक्षा पांच तक की कक्षाएं 15 जनवरी तक स्थगित कर दी गयी हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बढ़ती ठंड को देखते हुए यह आदेश जारी किया है। मंत्री जगन्नाथ महतो ने शिक्षा सचिव को आदेश दिया था कि स्कूल बंद करने की दिशा में विभाग कार्यवाही करें। इससे पहले शीतलहरी को देखते हुए कक्षा पांच तक की सभी कक्षाएं आठ जनवरी तक स्थगित की गयी थीं। सोमवार से सभी स्कूलों को खोला जाना था, लेकिन ठंड का प्रकोप इन दिनों लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसके देखते हुए विभाग ने पहल की है।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के जारी आदेश में कहा है कि 16 जनवरी से स्कूलों में कक्षाएं यथावत्त चालू रहेंगी। वहीं आठ से 15 जनवरी तक सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षक उपस्थित होकर ऑफिस के कार्यों का निपटारा करेंगे। गरीब बच्चों के खाद्य सुरक्षा के लिए सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) स्कूलों में बच्चों को मीड डे मील दिया जायेगा।

## कांग्रेस का संविधान तोड़ने पर लिया एक्शन

# आलोक दुबे, डॉ राजेश गुप्ता सहित पांच को 6 साल के लिए निलंबित करने की अनुशंसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अनुशासन तोड़ने और पार्टी विरोधी कार्य करने पर प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने आलोक दूबे और डॉ राजेश कुमार गुप्ता सहित पांच को 6 साल तक पार्टी से निलंबित करने की अनुशंसा की है।

 

अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने यह अनुशंसा प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष से की है। बताते चलें कि आलोक दुबे और डॉ राजेश कुमार गुप्ता सहित कुल सात लोगों को नोटिस दी गयी थी। इन सात नेताओं में आलोक दुबे, डॉ राजेश कुमार गुप्ता, साधु शरण गोप, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सुनील सिंह, राकेश तिवारी और अनिल ओझा को नोटिस जारी कर 14 दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया था। अलोक दुबे और डॉ राजेश गुप्ता ने जवाब देने के लिए समय मांगा था। पार्टी में समय देने का प्रावधान नहीं होने के कारण उनकी मांग का अस्वीकार कर दिया गया। वहीं, शरण गोप, राकेश तिवारी और अनिल ओझा ने नोटिस का जवाब दिया। जिसमें से साधु गोप के जवाब से समिति संतुष्ट नहीं हुई। जबकि, राकेश तिवारी व अनिल ओझा के जवाब से संतुष्ट होकर उन पर कार्रवाई नहीं की।

बता दें कि पार्टी की ओर से मना किये जाने के बावजूद कई प्रदेश पदाधिकारी सहित कुछ लोगों ने प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी की थी। जिसके कारण अनुशासन समिति का मानना है कि जान-बूझकर कांग्रेस की प्रतिष्ठा घटाने का कार्य जान- किया गया है। जो कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुशासनात्मक नियम 04 के (क) एवं (ड़0) का घोर उल्लंघन है। इसके कारण ही सभी को पहले शोकॉज किया गया था अब 6 साल के लिए निलंबित करने की अनुशंसा समिति ने की है।

## वरिष्ठ भाजपा नेता केसरी नाथ त्रिपाठी का निधन



नयी दिल्ली। वरिष्ठ भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के पूर्व गवर्नर केसरी नाथ त्रिपाठी का रविवार सुबह पांच बजे प्रयागराज में निधन हो गया। उनकी उम्र 88 साल थी। उन्हें दिसंबर में हाथ में फ्रैक्चर और सांस लेने में दिक्कत होने के बाद उत्तर प्रदेश के एक अस्पताल में भर्ती किया गया था। इसके बाद त्रिपाठी को कमजोरी आने की वजह से आइसीयू में एडमिट किया गया था। इलाज एक हफ्ते से ज्यादा चलने के बाद उन्हें घर लाया गया, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली।

# अमित शाह फरवरी में फिर झारखंड आयेंगे

## बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बीते छह और सात जनवरी को झारखंड दौरे पर थे। वे इस दौरान चाईबासा में विजय संकल्प रैली में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार पर जोरदार हमला बोला था, लेकिन उनकी एक मनोकामना इस दौरान अधूरी रह गयी। दरअसल वे अपने झारखंड दौरे के दौरान बाबा वैधनाथ के दर्शन करना चाहते थे, लेकिन अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण वे ऐसा नहीं कर सके।



इस बात की जानकारी देते हुए गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने उनसे कहा है कि वह फरवरी में अपनी अधूरी मनोकामना पूरी करने झारखंड आयेंगे और देवघर स्थित बाबा बैधनाथ के दर्शन करेंगे।

वहीं इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह साहेबगंज की जनता से रुबरु भी होंगे। वे साहेबगंज में सभा को संबोधित करेंगे।

# आइआइटी-आइएसएम में शिकागो से आया छात्र कोरोना पॉजिटिव

- जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जायेगा सैंपल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** आइआइटी-आइएसएम धनबाद में विदेश से आया एक छात्र कोविड पॉजिटिव पाया गया है। उसके सैंपल को जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए जिला सर्विलांस पदाधिकारी डॉक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि आईआईटी आईएसएम में एक छात्र, जो शिकागो से आया था, वह कोविड पोजिटिव पाया गया। आगे की जांच के लिए उसके सैंपल को जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जायेगा।

जिला सर्विलांस पदाधिकारी ने बताया कि संक्रमित छात्र एक जनवरी 2023 को शिकागो से नयी दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा। वहां उसकी कोविड जांच नहीं हुई थी। चार जनवरी को वह एक अन्य छात्र के साथ राजधानी एक्सप्रेस से धनबाद पहुंचा और यहां से आइआइटी आइएसएम गया। आइआइटी आइएसएम में पहले से ही एक आइसोलेशन केंद्र बनाया गया है, जहां बाहर से आने वाले छात्रों को पहले रखा जाता है। दोनों छात्रों को आइसोलेशन सेंटर में रखा गया। वहीं शिकागो से जो छात्र आया था, उसे बुखार भी था। दोनों छात्रों के सैंपल की आरटी पीसीआर पद्धति से आइआइटी आइएसएम ने टैग एसआरएल लैब में जांच की गयी। जांच में शिकागो से आने वाला छात्र कोविड पोजिटिव पाया गया।

छात्र की पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद जिला सर्विलांस पदाधिकारी ने बोगी नंबर, बर्थ नंबर सहित पूरी कांटेक्ट ट्रेसिंग की. जिला सर्विलांस पदाधिकारी ने बताया कि अभी छात्र में कोविड के लक्षण नहीं दिखायी दे रहे हैं।

## उत्तराखंड के जोशीमठ में लैंडस्लाइड पर एक्सपर्ट बोले : रिस्क बड़ा है

# लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट करेंगे : चीफ सेक्रेटरी

- पीएमओ ने हाई लेवल मीटिंग की
- आज वैज्ञानिकों की टीम पहुंचेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जोशीमठ।** उत्तराखंड के जोशीमठ के हालात को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को एक हाई लेवल मीटिंग की। एक्सपर्ट से बात करने के बाद बड़े रिस्क की आशंका जाहिर की गयी है। मीटिंग में जिला प्रशासन से लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कराने के लिए कहा गया है।

चीफ सेक्रेटरी एसएस संधू ने कहा कि हमारी कोशिश है कि बिना किसी नुकसान के लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट कराया जाये। लैंडस्लाइड के कारणों का पता लगाने के लिए सोमवार को एक्सपर्ट की एक टीम जोशीमठ जायेगी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक यह पता लगाने में लगे हैं कि लैंडस्लाइड को कैसे रोका जा सकता है। जल्द ही समाधान ढूंढ लिया जायेगा। इसके लिए जरूरी कदम उठाये जाने शुरू कर दिये गये हैं, हालांकि अभी के हालातों को देखते हुए लोगों को डेंजर जोन से निकालना ज्यादा जरूरी है।



### पीएम मोदी ने सीएम धामी से पूछा- कितने लोग प्रभावित हैं

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर इस मामले में जानकारी ली। धामी ने बताया कि पीएम ने कई तरह के प्रश्न पूछे जैसे कितने लोग इससे प्रभावित हुए हैं, कितना नुकसान हुआ, लोगों के विस्थापन के लिए क्या किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने जोशीमठ को बचाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

मीटिंग में पीएमओ के सेक्रेटरी जनरल डॉ पीके मिश्रा, कैबिनेट सेक्रेटरी और नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के सदस्य शामिल हुए। जोशीमठ के प्रशासनिक अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौजूद रहे। मीटिंग के बाद उत्तराखंड के चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी, मुख्यमंत्री के सचिव आरके मीनाक्षी सुंदरम ने लैंडस्लाइड क्षेत्रों का जायजा लिया।

## सीएम धामी के सामने बिलख कर रोये लोग

लोगों का दर्द बांटने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ पहुंचे। लोग उनके सामने बिलखकर रोने लगे। महिलाओं ने उन्हें घेर लिया। वे बोलीं- हमारी आंखों के सामने ही हमारी दुनिया उजड़ रही है, इसे बचा लीजिए। हमें अपने घरों में रहने में डर लग रहा है। इधर, चमोली जिला प्रशासन ने बताया- जोशीमठ के 9 वार्डों के 603 घरों में अब तक दरारें आई हैं। 66 परिवारों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है।

## जोशीमठ में किरायेदार घर छोड़ कर भागे

वहीं, प्रशासन ने इलाके को डेंजर जोन घोषित किया है। प्रशासन की चेतावनी के बाद जोशीमठ के सिंगधर इलाके में किराये के मकान में रहने वाले लोग भाग चुके हैं। इस बीच एक किरायेदार ने बताया कि यहां के हालात 'बहुत भयावह' हो गये हैं, जिसके कारण वे घर खाली कर रहे हैं। एक अन्य व्यक्ति गुरनाम सिंह पंवार ने कहा कि मैं इस जगह को छोड़ना चाहता हूं क्योंकि मैं यहां बढ़ते लैंड स्लाइड से डरा हुआ हूं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 52,700 रु./10 ग्राम
चांदी 73,500 रु./प्रति किलो



## निर्णायक कदम : सबसे बड़े सामाजिक मुद्दे पर राजद ने नीतीश को कर दिया मजबूर

# बिहार में जातीय जनगणना पर बाजी मार ले गये तेजस्वी

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में राजनीतिक रूप से सबसे संवेदनशील प्रदेश बिहार में 7 जनवरी, 2023 की तारीख इतिहास में दर्ज हो गयी है। कई बार की ना-नुकूर और तमाम राजनीतिक दांव-पेंचों के बाद इस तारीख से राज्य में जातीय जनगणना का काम शुरू हो गया है, जो 31 मई तक चलेगा। इस सर्वेक्षण में 12.7 करोड़ आबादी और 2.58 करोड़ घरों को कवर किया जायेगा। इसे हालांकि जातिगत जनगणना नहीं कहा गया है, लेकिन इसमें जाति संबंधी जानकारी जुटायी जायेगी। 38 जिलों में करायी जानेवाली इस जनगणना में 534 प्रखंड और 261 शहरी स्थानीय निकाय शामिल होंगे। इसके लिए पांच सौ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। जातीय जनगणना का अंतिम परिणाम क्या होगा, इस पर कोई भविष्यवाणी अभी नहीं की जा सकती है, लेकिन राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील इस सामाजिक मुद्दे पर पहली जीत राजद और उसके नेता तेजस्वी यादव ने जरूर हासिल कर ली है। यह तेजस्वी यादव ही थे, जिन्होंने बराबर इस मुद्दे को जिंदा रखा और अंततः नीतीश कुमार को इस बारे में निर्णायक कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया। लालू प्रसाद यादव के राजनीतिक उत्तराधिकारी की इस राजनीतिक कामयाबी का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि इसी जातीय जनगणना के मुद्दे पर बिहार में कांग्रेस की सरकार गिर गयी थी। तेजस्वी यादव ने कहा भी है कि इस सर्वेक्षण से सरकार को गरीब लोगों की मदद के लिए वैज्ञानिक तरीके से विकास कार्य करने में मदद मिलेगी। उन्होंने भाजपा सरकार की गरीबी विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए भाजपा पर जातीय जनगणना की मुखालफत करने का आरोप लगाया है। इससे साफ पता चलता है कि बिहार में यह सामाजिक मुद्दा राजनीतिक रूप से कितना संवेदनशील बन गया था। बिहार की इस ऐतिहासिक घटना के बारे में परत-दर-परत बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह



**अंतिम परिणाम चाहे जो भी हो, पहली जीत मिली लालू के लाल को**

राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील प्रदेश बिहार में जातीय जनगणना शुरू हो गयी है। प्रदेश ही नहीं, पूरे देश का एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बन चुका यह मसला अंततः मुकाम तक पहुंच गया है, तो इसके संभावित असर के बारे में जानना जरूरी हो गया है। इस जातीय जनगणना का अंतिम परिणाम क्या होगा, इस बारे में बिना कोई भविष्यवाणी किये इतना तो कहा ही जा सकता है कि इसके शुरू होने को राजद और उसके नेता सह बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की बड़ी राजनीतिक जीत की संज्ञा दी जा सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि, तेजस्वी ने ही सबसे पहले इसकी मांग उठायी थी, जिस पर केंद्र के इनकार के बावजूद नीतीश सरकार ने सहमति दी।

जातीय जनगणना कराने पर सहमति नीतीश कुमार के शासन में बनी और यह काम भी पूर्व घोषित तिथि 7 जनवरी से शुरू हो गया है। लेकिन यह मुद्दा बहुत पहले से बिहार का सबसे मुख्य राजनीतिक मुद्दा बना हुआ था। तेजस्वी जब नेता प्रतिपक्ष थे, तब उन्होंने पहली बार इसकी मांग उठायी थी। तब नीतीश कुमार ने एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पीएम नरेंद्र मोदी के पास भेजा था। उसमें भाजपा के नेता भी शामिल थे। बाद में तेजस्वी यादव ने कोरोना काल की समाप्ति पर नीतीश कुमार से मुलाकात की और जातीय जनगणना की मांग की। इसे इस रूप में भी देखा जा सकता है कि नीतीश कुमार अगर भाजपा का साथ छोड़ राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन के साथ आये, तो उसमें जातीय जनगणना को लेकर तेजस्वी यादव की सीएम से अकेले-अकेले में हुई मुलाकात ही सबसे बड़ा आधार बनी।

### केंद्र ने ठुकरा दिया था जातीय जनगणना का प्रस्ताव

बता दें कि केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना का प्रस्ताव तकनीकी कारणों का हवाला देकर ठुकरा दिया था। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि जाति आधारित विभिन्न तरह के ब्योरे जुटाने के लिए जनसंख्या जनगणना उपयुक्त साधन नहीं है। इसलिए जनगणना के माध्यम से जाति आधारित जनगणना कराना संभव नहीं है। हलफनामे में कहा गया था कि आगामी जनगणना में पिछड़े वर्ग (बीबीसी) के नागरिकों के बारे में जानकारी एकत्र करना संभव नहीं है। ओबीसी-बीबीसी की गणना को हमेशा प्रशासनिक रूप से जटिल प्रक्रिया माना गया है और पिछड़े वर्ग की की पहचान का मानक सुनिश्चित करने में व्यावहारिक कठिनाइयां हैं।

### केंद्र की ना के बावजूद बिहार में बन गयी जाति जनगणना पर सहमति

केंद्र सरकार ने जब जातिगत जनगणना से इनकार कर दिया और कहा कि राज्य चाहें, तो अपने स्तर से जातिगत जनगणना करा सकते हैं, तब नीतीश कुमार ने तेजस्वी की मांग पर घोषणा की थी कि राज्य सरकार अपने बूते जनगणना करायेगी। फिर इसका ड्राफ्ट तैयार हुआ और राज्य कैबिनेट से पारित होने पर जातिगत जनगणना कराने की घोषणा हुई थी। माना यह जाता है कि केंद्र सरकार के ना के बावजूद राज्य में भाजपा इसके पक्ष में इसलिए राजी हुई थी कि उसे भय था कि इसी मुद्दे पर नीतीश का झुकाव राजद की ओर हो सकता है। इसलिए जातिगत जनगणना का मुद्दा तेजस्वी यादव ने उठाया था। उनकी हां में हां मिलाते हुए नीतीश भी इसके लिए राजी हो गये थे।

### नीतीश-तेजस्वी की नजदीकी का आधार बनी जातिगत जनगणना

जातिगत जनगणना के मुद्दे पर ही तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार की नजदीकी शुरू हुई थी। भाजपा इससे भयभीत थी। भाजपा के भय का कारण इसलिए भी था कि 2020 में नयी सरकार बनने पर नीतीश भाजपा से असहज महसूस कर रहे थे। भाजपा-जदयू के बीच कड़वाहट कई मौकों पर उजागर हो रही थी। इसीलिए जातिगत जनगणना के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में और इसके लिए बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में भाजपा शामिल होती रही थी। हालांकि भाजपा का त्याग किसी काम नहीं आया। जातिगत जनगणना के मुद्दे पर तेजस्वी ने नीतीश कुमार को समर्थन देने की बात कही थी और आखिरकार नीतीश-तेजस्वी यादव एक हो गये।

### ओबीसी वोट बैंक खिसकने के डर से भाजपा ने दिया था साथ

बिहार में ओबीसी एक बड़ा वोट बैंक है। माना जाता है कि बिहार में करीब 52 फीसदी आबादी ओबीसी की है। ऐसे में जाति जनगणना का विरोध करने पर ओबीसी के वोट महागठबंधन को ट्रांसफर होने का भय भाजपा को था। यही वजह रही कि भाजपा ने केंद्र की ना के बावजूद नीतीश की हां में हां मिलाने का फैसला किया था।

### जातिगत जनगणना का क्रेडिट तेजस्वी को

बिहार सरकार का मुखिया होने के कारण नीतीश कुमार ने भले ही जातिगत जनगणना शुरू करायी है, लेकिन इसका क्रेडिट फिलवक्त तेजस्वी यादव को जा रहा है। उन्होंने कहा भी है कि लालू प्रसाद का सपना पूरा हुआ। दरअसल लालू प्रसाद शुरू से ही इसकी मांग कर रहे थे। 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद हुए उपचुनावों में भी यह मुद्दा बना था। तब नीतीश कुमार भाजपा के साथ थे। चूंकि सबसे पहले तेजस्वी ने यह मांग की और उनकी ही मांग पर नीतीश कुमार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए भेजा, इसलिए इसका क्रेडिट तो तेजस्वी को ही जाता है।

---

## सिंह राशि 2023 वार्षिक राशिफल

# सभी क्षेत्रों में नयी योजनाओं के लिए लाभकारी

**नया साल 2023 का आगाज हो चुका है। नया साल 2023 सभी के लिए नयी उम्मीदें, नये सपने, नया लक्ष्य और चुनौतियों से रूबरू होने का साल होगा। नया साल 2023 सभी के जीवन में ढेर सारी उम्मीदें लेकर आने वाला वर्ष होगा। सभी यह सोचते हैं कि बीते साल जो हमारे काम अधूरे रह गये हैं, वे आने वाले नये साल में जरूर पूरे हों। नये साल पर करियर में एक नया मुकाम हासिल हो, जीवन में पैसे से संबंधित सभी तरह की बाधाएं आने वाले साल में न रहें और अपनों का प्यार नये साल में मिलता रहे ऐसी उम्मीदें रखते हैं। हम सभी लोगों के मन में आने वाले नये साल में नौकरी, बिजनेस, धन-दौलत, ऐशोआराम, शिक्षा, प्यार और सेहत कैसा रहेगा, इस बात को जानने की उत्सुकता हमेशा रहती है। इन सभी सवालों के जवाब को जानने के लिए ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से वार्षिक राशिफल की मदद ली जाती है। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा हमें बता रहे हैं कि सभी 12 राशियों के लिए नया वर्ष 2023 कैसा रहने वाला होगा।**


ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा

इस वर्ष 2023 सिंह राशिवाले जातकों के लिए सभी क्षेत्रों में नयी योजनाओं के लिए लाभकारी अवसर प्रदान करनेवाला साबित होगा। जीवन में बेहतर सुधार के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिलेंगे। आप सामाजिक-राजनीतिक या खेल या कलात्मक क्षेत्र से जुड़े हुए हैं तो अपने प्रतिभा तथा काम को प्रदर्शित करने का इस वर्ष में बेहतरीन मौका मिलेगा।

आपकी राशि सिंह काल-चक्र की पांचवीं राशि है। यह राशि अग्नि तत्व, रजोगुण, स्थिर स्वभाव एवं सूर्य ग्रह से प्रभावित होती है। आपकी राशि का प्रतीक चिह्न सिंह शक्ति एवं न्याय का परिचायक है।

### सिंह राशि का ज्योतिषात्मक परिचय-

इस राशि को राशि चक्र में 121 से 150 अंश तक का राशि क्षेत्र प्राप्त है। सिंह राशि में मघा नक्षत्र के 4 चरण (मा,मी,मू,मे), पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र के 4 चरण (मो,टा,टी,टू) एवं उत्तराफाल्गुनी के एक चरण (टे) से मिलकर बनी है। इस राशि में 1 से 20 अंश तक मूलत्रिकोण में और 21 से 30 अंश तक स्वराशि में रहता है।इस राशि में कोई ग्रह न नीच का होता है और न ही उच्च में होता है। भारतीय मतानुसार 17 अगस्त से 16 सितंबर तक सूर्य सिंह राशि में रहता है। सूर्य मत से राशि निर्धारण करने वाले इस अवधि में उत्पन्न व्यक्ति की राशि सिंह मानते हैं।

### आपका स्वभाव एवं व्यक्तित्व

**आप पुरुष हैं तो-**

आपका व्यक्तित्व आकर्षक रहेगा जिससे अन्य लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। आप निर्भय पुरुष होंगे तथा अपने समस्त शुभ एवं महत्वपूर्ण सांसारिक कार्यकलापों को निर्भयता से संपन्न करके उनमें वांछित सफलता प्राप्त करेंगे जिससे आपको भौतिक सुख संसाधनों तथा अन्य ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी तथा उन्नति मार्ग भी प्रशस्त रहेंगे।

**आप स्त्री हैं तो-**

आप संघर्षशील, अनुशासनप्रिय, अच्छी मित्र एवं गृहकार्य में दक्ष होती हैं। पति और पुत्र पर अंकुश रखकर उन्हें स्वेच्छानुसार चलाती हैं। आप सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणीय रहती हैं। आपके बताये बिना कोई आपके मन की बात नहीं जान सकता। आप दयालु, स्वाभिमानी, वाकपटु एवं स्वतंत्रता प्रेमी होती हैं।

### आप में गुण हैं-

1. आप आत्मविश्वासी होने के साथ-साथ आशावादी हैं। आत्मनिर्भर रहना चाहते हैं.

2. आप बाधाओं और परेशानियों के आने से विचलित नहीं होते, डटकर मुकावला करते हैं।

3. आपमें नेतृत्व करने की क्षमता है। उच्च जीवन जीना चाहते हैं।

4.मित्र एवं स्वजन-कुटुंबियों से स्नेह रखते हैं। आप दूरदर्शी हैं।

5. हीन भावना आपमें नहीं है। निर्भीक होकर बात करते हैं।




### आपके जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष-

आपका भाग्योदय 22वें या 28वें वर्ष में हुआ होगा। आपके लिए 16, 24 व 28वां वर्ष विशेष परिवर्तन एवं उन्नति का प्रतीक होगा। आपके उम्र के 1,10, 19, 28, 37, 46, 55, 64, 73, 82 वां वर्ष विशेष परिवर्तन एवं अनुकूल सिद्ध होगा।

**इस वर्ष 2023 की निम्नलिखित समयावधियां धनलाभ, कार्यसिद्धि, आनंदप्राप्ति एवं मनोकांक्षा पूर्ण होती हैं।**

- 14 जनवरी से 13 फरवरी तक का समय।
- 13 मई से 14 जून तक का समय।
- 15 जून से 15 जुलाई तक का समय।
- 17 अक्टूबर से 13 नवंबर तक का समय।

### करियर

सिंह राशि वाले जातकों के लिए वर्ष 2023 शिक्षा, नौकरी तथा व्यवसाय की दृष्टि से शुभ फलदायक रहेगा। विशेष प्रयत्न करने से प्रतियोगिता परीक्षा और अन्य परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। 15 जनवरी से 25 मई तक शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी पाने की इच्छा पूर्ण होने की संभावना है। व्यवसाय की दृष्टि से मिश्रित फलदायक रहेगा। जो लोग सेवारत हैं, उन्हें अपने अधिकारियों को प्रसन्न रखना होगा, अन्यथा स्थानातंरण या विभागीय परिवर्तन की स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

### आपका प्रेम एवं वैवाहिक जीवन

इस वर्ष 2023 में सिंह राशि वाले विवाह योग्य युवक-युवतियों के विवाह होने की योग है। प्रेम विवाह या अंतरजातीय विवाह करने से पूर्व माता पिता को वर और घर के बारे में पूर्ण छान-बीन करना नितांत जरूरी होगा। अवसर पूरे वर्ष प्राप्त होंगे। विवाहित लोगों का जीवन सकारात्मक सुख अपनाने पर और भी अधिक सुखद होगा। आप रोमांस के क्षेत्र में अधिक क्रियाशील रहते हैं और पूर्ण तृप्ति की आकांक्षा रखते हैं। आपका मिथुन, तुला एवं कुंभ राशि वालों से क्षेष्ठ प्रेम संबंध बन पड़ता है। वृष, कन्या एवं मकर राशि वालों के साथ अच्छा वैवाहिक जीवन का निर्वाह होता है। कर्क, वृश्चिक एवं मीन राशि वालों से विरोध रहता है।

### आपका रोजी-रोजगार-व्यवसाय

आप नेतृत्व-प्रधान कार्यों में विशेष सफल हो सकेंगे। आप चाहे नौकरी करें या व्यवसाय, जो भी करेंगे, उच्च-स्तर में ही करेंगे। आप राजकीय सेवा, सैन्य विभाग, पुलिस विभाग, प्रशासक, प्रिसिंपल, अध्यापक, सम्पादक, इंजीनियर, चिकित्सक, कैमिस्ट, सलाहकार, वकालत, विद्युत, विज्ञान विभाग, मंत्री, नेता, सिनेमा, राजनीतिज्ञ, फोटोग्राफी, पशुपालन, कागज, अनाज, कपड़ा, कृषि आदि कार्यों को करके धन एवं ख्याति अर्जित कर सकेंगे।

### फाइनेंस

इस वर्ष आर्थिक क्षेत्र में थोड़ी प्रगति होगी। इलेक्ट्रानिक वस्तुओं की खासतौर से खरीदारी कर सकेंगे। पैतृक-संपत्ति से लाभ होगा। जमीन-जायदाद संबंधी मुकदमों का फैसला आपके पक्ष में होगा। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों का पदोन्नति इस वर्ष जून तक होने की योग है। गृह-भूमि-वाहन सुख प्राप्त होगा। कोई डुबा हुआ धन प्राप्त होगा। अक्टूबर-नवंबर माह में आकस्मिक धन लाभ के योग है।

### सफलता के लिए ध्यान दें

**1.एस्ट्रो टिप्स-**

हर क्षेत्र में विशेष उन्नति के लिए अत्यधिक क्रोध से बचकर रहें एवं शंकालू प्रवृत्ति को त्याग दीजिए। आपके लिए रविवार, सोमवार, मंगलवार एवं बृहस्पतिवार लॅकी दिन है। रविवार का व्रत एवं सूर्य की उपासना सदैव लाभकारी है। आपके लिए 1, 3, 9 अंक शुभ है। भाग्योदय व आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए चांदी के सिक्के को हल्दी की घोल में डुबोकर पूजाघर में रखें।

**2.वास्तु टिप्स-**

घरेलू सुख-शांति के लिए स्फटिक का कछुआ उत्तर दिशा में रखें। ऑफिस के मुख्य द्वार पर विंड चाइम्स व चीनी सिक्के लटकाने से आपका भाग्योदय हो सकता है।

### हेल्थ

स्वास्थ्य की दृष्टि से यह वर्ष मिश्रित फलदायक रहेगा। मौसमी बीमारियां परेशान करेंगी। सर्दी-जुकाम और कमर दर्द से ग्रस्त रहेंगे। जो लोग गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। उनकी सेहत में सुधार होगा। घर के छोटे बच्चों को सर्दी से बचना जरूरी होगा। जून-जुलाई के महीनों में सेहत के प्रति जरा-सी भी लापरवाही लंबी बीमारी का कारण बन सकती है।

---

# जामताड़ा में अवैध लॉटरी कारोबार का पर्दाफाश

**डियर नागालैंड, डियर हुगली, डियर हंक नाम की नकली लॉटरी टिकट में पैसे गंवा रहे झारखंड-बंगाल बॉर्डर के लोग, पुलिस ने गैंग को दबोचा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** धनबाद जिले के जामताड़ा और पश्चिम बंगाल बॉर्डर इलाके के रहने वाले लोगों की मेहनत की कमाई इन दिनों डियर नागालैंड, डियर हुगली, डियर हंक नाम के नकली टिकट की भेंट चढ़ता जा रहा है। इस इलाके में इन दिनों हर दिन तकरीबन पांच हजार नकली लॉटरी टिकट बिकता है। पुलिस ने ऐसे नकली लॉटरी टिकट बेचने वाले गिरोह के सदस्यों को धर दबोचा है। पुलिस के मुताबिक इन नकली लॉटरी टिकट बेचने वालों का नेटवर्क बंगाल के साथ-साथ झारखंड, ओड़िशा, बिहार में भी फैला हुआ है। पुलिस गिरोह के लोगों को रिमांड पर लेकर इनसे अन्य सदस्यों के बारे जानकारी ले रही है।

### असली टिकट के झांसे में फंसते हैं लोग

बताते चलें कि इन बॉर्डर इलाके में नागालैंड और पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से संचालित लॉटरी टिकट प्रचलित है। अपराधी इन्हीं सरकारी टिकटों की तरह की नकली लॉटरी टिकट छापते हैं और फिर लोगों के बीच बेचते हैं। लोगों के बीच हर दिन इस बात का प्रचार किया जा रहा है कि कोई न कोई करोड़ों रुपये का मालिक बन रहा है। नकली लॉटरी टिकट बेचने वालों ने इस मौके का फायदा उठाया है। पुलिस ने जिन लोगों को पकड़ा है, उन लोगों ने बताया कि डियर नागालैंड, डियर हुगली, डियर हंक नाम से फर्जी टिकट बेचकर करोड़ों की कमाई की है।

### 12 लोगों को पुलिस ने दबोचा

आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के तहत जमुरिया थाना क्षेत्र से 10 और आसनसोल क्षेत्र से दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने पुलिस को बताया कि प्रतिदिन लगभग पांच हजार नकली लॉटरी टिकट बेचने का काम करते हैं। पिछले कई महीने से क्षेत्र में लगभग हर जगह इन फर्जी टिकटों की बिक्री कर रहे थे। जमुरिया पुलिस इस गिरोह का पता लगाने में सफल रही है। पकड़े गये लोगों में कमलेश कुमार गुप्ता, श्यामल करमाकर, राकेश सिंह, सरफराज आलम, मेजर नसीम अंसारी, मंगल दास, शहाबुद्दीन जर्राह, श्यामचरण अधिकारी, मेजर अख्तर, अजीत गुप्ता, अरविंद पांडेय और रवि गिरी शामिल हैं। इन्हें सात दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### 26 लोगों की संलिप्तता आयी सामने

गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब इस चक्रव्यूह के तमाम पहलुओं का पदार्फाश करने की तैयारी में है। पुलिस के अनुसार जमुरिया निवासी कमलेश गुप्ता इन फर्जी टिकटों को बेचने का सबडिस्ट्रीब्यूटर है। आसनसोल के अरविंद और रवि टिकटों की डिलिवरी करता है। टिकटों का वितरण कमलेश द्वारा क्षेत्र के विभिन्न सेलिंग एजेंट प्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाता है। अकेले जमुरिया इलाके में ही पुलिस को 26 लोगों के नाम पता चले हैं जो ये फर्जी टिकट बेचते हैं। इसमें सैकड़ों बेरोजगार युवा जुड़े हुए हैं। नकली टिकटों की बिक्री पर दिया जाने वाला कमीशन बहुत अधिक रहता है। अब पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि टिकट कहां पहुंचाये गये, इस धंधे का मास्टरमाइंड कौन है, कहां से ये टिकट छपे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.3 °c | 10.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.19 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 07.38 बजे |



## चुटुपालू स्थित शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

# हेमंत सरकार में कोई शहीद स्थल नहीं रहेगा उपेक्षित : विनोद पांडेय

**वीर अमर शहीद टिकैत उमरांव सिंह और वीर शहीद शेख भिखारी की 164वीं शहादत दिवस पर झामुमो नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 1857 की क्रांति में अहम भूमिका निभाने वाली झारखंड के वीर अमर शहीद टिकैत उमरांव सिंह और वीर शहीद शेख भिखारी की 164वीं शहादत दिवस पर झामुमो नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता और राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागू बेसरा सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता चुटुपालू स्थित शहीद स्थल पहुंचे और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

यह कार्यक्रम झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति के द्वारा किया गया। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड के तमाम शहीदों को हेमंत सोरेन की सरकार में ही सम्मान मिल रहा है। शहीदों के परिजनों की सुधि लेने वाला अगर कोई है, तो वह हेमंत सोरेन की सरकार है।

शहीद स्थल का सौंदर्यीकरण के लिए फंड बहुत पहले ही दिया जा चुका है। झारखंड में तमाम शहीद स्थलों पर सरकार संज्ञान ले रही है, कोई भी शहीद और शहीद स्थल उपेक्षित नहीं रहेगा। फागू बेसरा ने कहा, शेख भिखारी और टिकैट उमराव सिंह ने अंग्रेजों से लोहा लिया था, और रांची जिले के चुटुपल्ली घाटी में हंसते-हंसते बरगद के पेड़ पर फांसी पर चढ़ा दिये गये थे। दोनों ने अपने बलिदान से समाज और देश को हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय दिया। आज हम सभी को उनके बलिदान को याद करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, झारखंड वीरों की माटी है।

इससे पहले झामुमो के सभी कार्यकर्ता मोरहाबादी स्थित गुरुजी के आवास के पास जमा हुए। फिर जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में जुलूस के साथ चुटुपालु स्थित शहीद स्थल पर पहुंचे। यहां पर सभी ने दोनों वीरों को श्रद्धांजलि दी।

## नौकरी नहीं तो राजनीति से संन्यास वाली हेमंत की घोषणा का क्या हुआ: बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर सीएम हेमंत सोरेन को जनता से किये गये उनके वादों की याद दिलायी है। बाबूलाल ने 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सोरेन के किये गये उस ट्विट को शेयर किया है, जिसमें उन्होंने 5 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। मरांडी ने कहा कि न राज्य में 5 लाख नौकरी मिली, न बेरोजगारों को भत्ता और न ही नौकरी नहीं तो राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले सीएम का इस्तीफा आया। आखिर मुख्यमंत्री बिना नियोजन नीति के राज्य के युवाओं को कैसे नौकरियां देंगे।

### मंद पड़ा अवैध पत्थर खनन का धंधा फिर तेज हो गया

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण-सहयोग में पल रहे दलाल, बिचौलिये, माफिया और कुछ बेइमान अफसरों के खिलाफ इडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद पत्थर चोरी का धंधा मंद पड़ा गया था, लेकिन वह धंधा फिर तेज हो गया है। रांची के ओरमांझी में शनिवार को अवैध पत्थर खनन विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत इसी का परिणाम है। रांची-खूंटी रोड पर दस माइल चौक के पास जो अवैध खदान, क्रशर बंद करवाये गये थे, वो फिर तेज गति से काम में लग गये हैं। साहिबगंज और दुमका के इलाके में भी अवैध पत्थर खनन शुरू हो गया है।

### पिंडरगरिया रेलवे साइडिंग पर सोरेन परिवार का कब्जा

बाबूलाल ने आरोप लगाया है कि पिंडरगरिया रेलवे साइडिंग पर तो सोरेन राज परिवार ने ऐसा कब्जा किया है कि वहां दूसरे को रेक लोड की इजाजत नहीं है। झारखंड की नदियों से बालू सफाचट करके अब ये लोग अपने कारोबार साम्राज्य का विस्तार बिहार की नदियों तक कर रहे हैं। पता नहीं आदिवासियों के नाम पर राजनीति की आड़ में बेतहाशा पैसे कमाने की इनकी भूख कब मिटेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कर्मक्षेत्र में जो रुकावट बनी हुई है, बकाये रकम की प्राप्ति होगी।
- **वृष** — धन लाभ व कार्यों में आशानुकूल सफलता मिलेगी, प्रियजनों का सहयोग।
- **मिथुन** — आपको किसी काम में अनुपम कीर्ति मिलेगी, चारों ओर आपकी वाहवाही होगी।
- **कर्क** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, महत्वपूर्ण कार्य सफल, सुखद दांपत्य जीवन।
- **सिंह** — किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से अधूरा काम पूरा होगा, गुप्त शत्रुओं पर विजय।
- **कन्या** — प्रेम प्रसंगों में सफलता मिलेगी, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।
- **तुला** — आर्थिक पक्ष कुछ हद तक बेहतर बनेगा, परिवार में मांगलिक कार्य का संपादन होगा।
- **वृश्चिक** — रोजी-रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे, आयु-आरोग्य की रक्षा होगी।
- **धनु** — परिश्रम का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा, आर्थिक-योजनाओं में सफलता मिलेगी।
- **मकर** — शुभ समाचार मिलेंगे, संपत्ति संबंधी विवाद हल होंगे, पारिवारिक उलझनें दूर होंगी।
- **कुंभ** — घर में कोई मंगल कार्य हो सकता है, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की स्थिति लाभप्रद रहेगी।
- **मीन** — कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेगी, आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे।

## राजीव लोचन बख्शी बने पीआरडी निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी राजीव लोचन बख्शी एक बार फिर से पीआरडी के निदेशक बनाये गये हैं। फिलहाल वे वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थे। विभाग से इनकी सेवा वापस ली गयी है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग ने इस बाबत रविवार को एक अधिसूचना जारी की है। बता दें कि बीते 15 दिसंबर को राजीव लोचन बख्शी को पीआरडी के पद से हटाया गया था। उनकी जगह आदिवासी कल्याण आयुक्त रहे मुकेश कुमार को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के साथ पीआरडी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। 28 दिन बाद राजीव लोचन को दोबारा पीआरडी निदेशक बनाया गया है।



## सुषमा बड़ाइक गोलीकांड के मुख्य आरोपी दानिश रिजवान को हम ने पार्टी से निकाला

**रांची।** सुषमा बड़ाइक गोलीकांड के मुख्य आरोपी दानिश रिजवान को पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की पार्टी हम ने महासचिव पद समेत सभी पदों से छुट्टी करते हुए पार्टी से निकाल दिया है। दानिश पर रांची की चर्चित महिला सुषमा बड़ाइक पर 13 दिसंबर 2022 को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के समीप हमला करने का आरोप है। दानिश को बिहार पुलिस की मदद से झारखंड पुलिस द्वारा गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। दानिश आरा टाउन थाना के तरी मोहल्ला का निवासी है। दानिश रिजवान गुरुवार को एक केस के सिलसिले में आरा सिविल कोर्ट गया था। इसी दौरान टाउन पुलिस और रांची पुलिस ने उसे कोर्ट से बाहर निकलते ही धर दबोचा था।

### दानिश पर पहले भी लग चुका है रेप का आरोप

बताया गया कि इससे पहले दानिश रिजवान पर एक महिला ने रेप का भी आरोप लगाया था। दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला के मुताबिक 11 साल पहले जब वह पटना आयी थी, उस वक्त दानिश एक टीवी पत्रकार था। उसने उसके साथ दुष्कर्म किया था। बाद में यह महिला जेल चली गयी और जेल में ही इसे अपने गर्भवती होने की जानकारी मिली। अब इस महिला का आरोप है कि दानिश उसके बच्चे का पिता है। वह डीएनए टेस्ट की मांग कर रही है। वहीं, दानिश रिजवान ने अपने ऊपर लगे आरोपों के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## रांची में सरना प्रार्थना सभा सह सम्मेलन

# सरना धर्म कोड की मांग और पारसनाथ का उठा मुद्दा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजी पड़हा सरना पार्थना सभा ने झारखंड की राजधानी में रविवार को विराट सरना पार्थना सभा सह सम्मेलन हुआ। इसमें रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों और नेपाल से भी सरना आदिवासी शामिल हुए। सम्मेलन में सरना धर्म कोड की मांग जोरदार ढंग से उठी। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश मे निवास करने वाले 12 करोड़ आदिवासियों को अपना धर्म कोड मिलना चाहिए। यह हमारे अस्तित्व से जुड़ी मांग है।

**रांची में आयोजित सम्मेलन में झारखंड के विभिन्न जिलों और नेपाल से सरना आदिवासी हुए शामिल**

### कहा- पारसनाथ आदिवासियों का है

सम्मेलन में पारसनाथ पर दावेदारी की भी बात उठी। वक्ताओं ने कहा कि पारसनाथ जैनियों का नहीं हैं, आदिवासियों का है, हमारा पूजा स्थल है। हमलोग सदियों से वहां पूजा पाठ, रीति रिवाज करते आये हैं। एक जैन मुनि वहां साधना करने आये थे। उनका निधन हो गया। इसके बाद वहां उस जैन मुनि की समाधि बना दी गयी। तो क्या वह पूरा परिसर पहाड़ उनका हो गया। सरकार इसे गंभीरता से ले नहीं तो यहां दो सुमदाय में तनाव उत्पन्न होगा।

कार्यक्रम के दौरान सरना मां और देव धर्मेश की पूजा अर्चना की गयी, जिसमें सरना महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर डॉ प्रवीण उराव, अजय तिर्की, कुंदर्शी मुंडा सहित कई लोगो ने अपने विचार रखे।

## फर्जी सिम से संबंधित दर्ज मामले की सीआइडी ने मांगी जानकारी

**रांची।** फर्जी सिम से संबंधित दर्ज मामलों की सीआइडी ने जिले के एसपी से जानकारी मांगी है। सीआइडी ने सभी जिलों के एसपी से साल 2021-2022 तक ऐसे मामलों में दर्ज केस की जानकारी मांगी है। जिनमें फर्जी सिम का इस्तेमाल किया गया हो। सीआइडी ने थाना का नाम, कांड संख्या, अभियुक्तों की जानकारी, फर्जी सिम का मोबाइल नंबर, कैफ धारक के नाम, पता का विवरण और मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर कंपनी की डिटेल मांगी है।

### मामले की जांच के बाद कार्रवाई करेगी सीआइडी

जानकारी मिलने के बाद सीआइडी मॉड्स का पता लगाकर इस संबंध में आगे की कार्रवाई करेगी। सीआइडी की रिसर्च विंग भी इन मामलों को लेकर अध्ययन करेगी। गौरतलब है कि फर्जी सिम की खरीद से साइबर अपराध की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं आपराधिक गिरोहों के द्वारा ही फर्जी कागजातों के आधार पर खरीदे गये सिम के इस्तेमाल की जानकारी सामने आयी है। ऐसे में सीआइडी के द्वारा फर्जी तरीके से जारी सिम पर नकेल की तैयारी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## झारखंड में डिग्रियां बांटने वाले फॉर्मेसी कॉलेजों पर कसा शिकंजा

**स्वास्थ्य विभाग की कमिटी ने ली परीक्षा तो पास हुए केवल सात फीसदी स्टूडेंट, अब फिर मिलेगा फॉर्म भरने का मौका**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के डिग्रियां बांटने वाले फार्मेसी कॉलेजों पर इस बार स्वास्थ्य विभाग ने जबरदस्त शिकंजा कसा है। फार्मेसी कॉलेजों के सत्र 2021 के सेकेंड ईयर की परीक्षा इस साल औषधि नियंत्रक की कमिटी ने न लेकर स्वास्थ्य विभाग की कमिटी ने ली। जिसका परिणाम यह हुआ कि 93 फीसदी स्टूडेंट फेल हो गये। बताते चलें कि रेवड़ियों की तरह पैसे लेकर डिग्री देने वाले फार्मेसी कॉलेजों की शिकायत स्वास्थ्य विभाग को मिली थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने परीक्षा लेने के लिए विशेष कमिटी बनायी थी। इसी कमिटी ने परीक्षा लेकर रिजल्ट जारी किया है।

### 2866 स्टूडेंट में पास हुए महज 195, कभी आता था 99 फीसदी रिजल्ट

बताते चलें कि राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है, जब स्वास्थ्य विभाग के नियंत्रण में परीक्षा ली गयी है। इस परीक्षा परिणाम में 93 फीसदी स्टूडेंट फेल हो गये। जबकि कभी ऐसा भी होता था कि पास होने वाले छात्रों का प्रतिशत 98-99 होता था। विभागीय नियंत्रण में परीक्षा का आयोजन होने से यह प्रतिशत घटकर 07 से भी कम (6.80) पर आ गया है। यानी 93 प्रतिशत अभ्यर्थी फेल हो गये हैं। राज्य भर से इस परीक्षा में कुल 2866 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिसमें से महज 195 सफल घोषित किये गये हैं।

### औषधि निदेशक की कमिटी पहले लेती थी परीक्षा

इस साल से पहले तक परीक्षा का आयोजन औषधि निदेशक की अध्यक्षता में बनी कमिटी परीक्षा लेती थी। इस बार स्वास्थ्य विभाग ने डिप्लोमा इन फार्मेसी कोर्स के परीक्षा के लिए कमिटी बनायी थी। जिसके चेयरमैन चंदन कुमार को बनाया गया था। इसी कमिटी ने सभी सरकारी व निजी फार्मेसी कॉलेजों के लिए क्वेश्चन सेटिंग से लेकर परीक्षा के 'आयोजन एवं कॉपी जांच कर रिजल्ट प्रकाशित करने का काम किया।

### 72 साल के अभ्यर्थी ने भी दी थी परीक्षा

बताते चलें कि इस साल की परीक्षा में वैसे-वैसे लोग भी शामिल हुए जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक थी। इस परीक्षा में सबसे अधिक उम्र के अभ्यर्थी की उम्र 72 साल थी। अब तक राज्य के फार्मेसी कॉलेज विशेषकर निजी फॉर्मेसी कॉलेज पैसे लेकर डिग्री देने का काम करते थे। इस बार ऐसे कॉलेजों पर स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कसा है।

### 12 जनवरी से फिर भरे जायेंगे फॉर्म

इस परीक्षा परिणाम में जो अभ्यर्थी फेल हुए हैं, उनके लिए परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसके लिए 12 जनवरी से फॉर्म भरे जायेंगे। डिप्लोमा इन फार्मेसी परीक्षा समिति के कार्यालय से यह फार्म 50 रुपये देकर प्राप्त कर सकते हैं। जो उम्मीदवार परीक्षा में पास कर गये हैं, वो ऑफिस से मार्क्सशीट ले सकते हैं।

## निर्मम हत्या : घटना के दूसरे दिन भी यूनियन कार्यालय और आवास के आसपास भटकती रही पुलिस

# रजरप्पा में यूनियन नेता की हत्या के मामले में 36 घंटे बाद भी नहीं मिला कोई सुराग



घटनास्थल यूनियन कार्यालय में मामले की जांच-पड़ताल करती पुलिस।

**साक्ष्य जुटाने के लिए कार्यालय में फिंगरप्रिंट का लिया गया सैंपल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव रमेश विश्वकर्मा की शनिवार की रात अज्ञात अपराधियों ने उनके ही यूनियन कार्यालय में निर्मम हत्या कर दी। आसपास का इलाका अभी भी डर के साये में है। लोग कुछ भी बोल पाने में असमर्थ हैं। क्योंकि ऐसी निर्मम घटना रजरप्पा में पहली बार घटी है। पहली बार किसी की हत्या कार्यालय में घुसकर गला रेत कर की गयी है। घटना के बाद पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिए हाथ-पांव मार रही है, लेकिन सफलता नहीं मिली है।

### जांच कर रही है स्पेशल टीम : एसडीपीओ

घटनास्थल यूनियन कार्यालय मामले की जांच-पड़ताल करने पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने कहा कि घटना के उद्भेदन करने के लिए वरीय अधिकारी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम में शामिल अधिकारी जल्द ही अपराधियों को पकड़ कर मामले का उद्भेदन करेंगे। अपराधियों की गिरफ्तारी से ही पता चल पायेगा कि रमेश विश्वकर्मा की हत्या का मुख्य कारण क्या है। हालांकि पुलिस हर बिंदुओं पर बारीकी से जांच-पड़ताल कर रही है।

### 36 घंटे बाद भी पुलिस का हाथ खाली

यूनियन नेता रमेश विश्वकर्मा की हत्या के 36 घंटे बाद भी पुलिस का हाथ खाली है। अपराधियों को पकड़ना तो दूर अबतक शिनाख्त करने में भी सफलता हासिल नहीं हुई है। पुलिस केवल साक्ष्य जुटाने के लिए कई लोगों से पूछताछ कर रही है। लेकिन अबतक उन्हें कोई भी सफलता हाथ नहीं लगी है। जिससे पुलिस का तनाव बढ़ रहा है। वहीं आम जनमानस के जेहन में खौफनाक वारदात का नजारा कौंध रहा है।

### रामगढ़ एसडीपीओ ने की घटनास्थल की जांच

यूनियन नेता रमेश विश्वकर्मा की हत्या के बाद रजरप्पा पुलिस काफी रेस में है। पूछताछ के साथ आराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी है। घटना के दूसरे दिन रविवार को भी रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक घटनास्थल यूनियन कार्यालय पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से अवलोकन किया। लेकिन उनकी जांच आसपास में ही सिमट कर रह गयी। आसपास के लोगों से घटना के बाबत बारीकी से पूछताछ की। लेकिन कोई भी जवाब उनको संतुष्ट नहीं कर पाया। क्योंकि लोगों का कहना था कि घटना के वक्त हमलोगों को कोई जानकारी नहीं प्राप्त हो पाया। बाद में जब हो-हल्ला हुआ तो पता चला कि रमेश विश्वकर्मा की हत्या हो चुकी है। ऐसे में दूसरे दिन की कार्रवाई पुलिस की नकाफी रही और उनका जांच आसपास में ही दम तोड़ दिया।

### बिखरे खून का नमूना लिया गया

घटना में शामिल अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस अधिकारी अभी से ही गंभीर दिख रहे हैं। पुलिस की एक स्पेशल टीम का नेतृत्व कर रहे अवर निरीक्षक रौशन कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर इधर-उधर बिखरे खून और फिंगरप्रिंट का नमूना लिया। जिसे बाद में अपराधी और मृतक के फिंगरप्रिंट से मिलान किया जायेगा। उसी के आधार पर पुलिस अपराधियों को सजा दिलाने में कामयाब होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



## सरस मेला में खरीदारी करने पहुंची सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन, कहा-

# पति के साथ शॉपिंग करना मुश्किल होता है



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरस मेला का रविवार को आखिरी दिन था**

**रांची।** सरस मेला का रविवार को आखिरी दिन था। मेला में काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी सरस मेला में खरीदारी करने पहुंची थीं। वह अपनी सहेलियों के साथ मेले में पहुंची थीं। कल्पना सोरेन मेले में बिना सुरक्षा के पहुंची थीं। न ही उनके साथ कोई बॉडीगार्ड था और न ही कोई फोर्स उसके आसपास मौजूद थी।

इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने वहां के कारीगरों की तारीफ की। साथ ही मेला के आयोजकों को बधाई भी दी। मीडिया ने उनसे पूछा कि सीएम हेमंत सोरेन के आपके साथ क्यों नहीं आये तो उन्होंने मुस्काराते हुए कहा कि उनके साथ आना संभव नहीं है। उनके साथ आने पर इतने आराम से खरीदारी नहीं हो पाती। वैसे भी सब जानते हैं कि औरतें चाहती हैं कि उन्हें खरीदारी करते वक्त कोई हड़बड़ी न हो। कोई उन्हें कुछ न बोले। सिक्योरिटी साथ नहीं होने पर किये गये सवाल पर उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी लेकर आते हैं तो लोगों को भी दिक्कत होगी। आज आखिरी दिन है। काफी संख्या में लोग यहां आज आये हैं। इसलिए उन्हें कोई दिक्कत न हो और हम भी आराम से घूम सकें। उनसे मीडिया ने जब पूछा कि आप बारीकी से कपड़ों की खरीदारी और उसकी जानकारी ले रहीं हैं। इन सारी चीजों के बारे में आपको क्या कहना है।

उन्होंने कहा है कि ये लोग इतनी दूर से आये हैं, यहां केवल कारीगरी दिखाने आये हैं। अगर आपके सामने कोई ऐसा इंसान खड़ा है जिसके पास उस चीज के बारे में ज्यादा जानकारी है। क्योंकि हम बस एक खरीदार हैं। अगर हम उस चीज की जानकारी उनसे ले लेते हैं तो इसमें क्या खराबी है।

## श्री कृष्ण प्रणामी सेवा आश्रम में हुआ आयोजन

# 171 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह स्वामी सदानंद ने दिया आशीर्वाद

**उपहार स्वरूप मंगलसूत्र, पाजेब, बिछिया, वर-वधू को विवाहित जोड़ा, साड़ी, पैंट-शर्ट का कपड़ा, श्रृंगार के सामान, डिनर सेट, मच्छरदानी, बेडसीट, बेड, चादर तथा नगद दिया गया**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में रविवार को 171 निर्धन जोड़ों का विवाह कराया गया। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चेरीटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श विवाह आचार्य शंकर लाल शास्त्री, उनके पुत्र गौरव शास्त्री एवं उनके सहयोगियों ने कराया। पुंदाग टीओपी के पीछे निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा आश्रम (मंदिर) के प्रांगण में आयोजित समारोह में वर वधू को आशीर्वाद देने कई संस्थाओं के प्रतिनिधि पहुंचे। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप मंगलसूत्र, पाजेब, बिछिया, वर-वधू को विवाहित जोड़ा, साड़ी, पैंट शर्ट का कपड़ा, श्रृंगार के सामान, डिनर सेट, मच्छरदानी बेडसीट, बेड, चादर तथा नगद उपहार दिया गया।

इस अवसर पर पुनीत कुमार पोद्दार, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, विजय अग्रवाल, मारवाड़ी सहायक समिति उपाध्यक्ष सुरेश जैन, सचिव कौशल राजगढ़िया, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष पवन पोद्दार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रीमद्भागवत कथा के यजमान सुनीता राजू अग्रवाल एवं परिवार के सभी सदस्य संस्था के सदस्यों ने बड़े प्रेम से श्रीमद्भागवत का पूजन तथा स्वामी सदानंद महाराज को माल्यार्पण चंदन वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों के साथ श्रीमद् भागवत की आरती की। कथा की अमृत कथा स्वामी सदानंद महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने श्रवण किया।

मौके पर संरक्षक बसंत कुमार गौतम, विजय जालान, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, ओम सरावगी, प्रमोद सारस्वत, नंदू चौधरी, विजय अग्रवाल, पवन पोद्दार, निर्मल छावनिका, विष्णु सोनी, मनीष जालान, विशाल जालान, सुरेश चौधरी, सुरेश भगत, शिवभगवान अग्रवाल, सज्जन पाडिया, सुनील पोद्दार, रमेंद्र पांडे, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह तथा महिला मंडल की विद्या देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, विमला जालान, पूनम अग्रवाल, ललिता पोद्दार, चंदा देवी अग्रवाल और सुमन चौधरी एवं और भी महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

# दो दिन और न्यायिक कार्य से दूर रहेंगे अधिवक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**निर्देश नहीं माननेवालों पर होगी कार्रवाई**

**रांची।** सोमवार और मंगलवार को भी झारखंड में न्यायिक कार्य बाधित रहेगा। झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने यह निर्णय लिया है। रविवार को स्टेट बार काउंसिल की बैठक में यह तय किया गया है कि मंगलवार तक राज्यभर के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे। चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने कहा है कि मुख्यमंत्री के द्वारा जो लिये गये निर्णय हैं उसे टाइम फ्रेम में पूरा करने और अधिवक्ताओं की मांग को भी इंक्लूड करते हुए झारखंड बार काउंसिल को अवगत कराया जाये। इसीलिए राज्य सरकार को 2 दिन का समय दिया गया है। मंगलवार की शाम मीटिंग कर आगे का निर्णय लिया जायेगा। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार और शनिवार को भी राज्य भर के वकील न्यायिक कार्य से दूर रहे थे।

# बिहार में जातिगत जनगणना कराना स्वागत योग्य कदम : राजेंद्र प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार में राज्य सरकार द्वारा जातीय जनगणना शुरू किये जाने के बाद झारखंड में भी इसकी मांग तेज हो गयी है। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय जनगणना करायी जाये। पिछड़ी जातियों की जनगणना के साथ ही आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति जानने के लिए मूलवासी सदान आयोग का गठन किया जाना चाहिए। कहा कि जातिगत जनगणना कराना आरक्षण की बात नहीं है। देश को सही जानकारी मिले यह भी जरूरी है। उन्होंने झारखंड में पिछड़ों के अलावे मूलवासी सदानों के सवर्ण समुदायों की स्थिति का सर्वेक्षण कराने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियों की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण सरकार जब तक नहीं कराती है, तब तक कानूनी अड़चन के कारण पिछड़ी जातियों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की सराहनीय पहल की है। लेकिन जब तक सर्वेक्षण नहीं होगा, इसका कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। झारखंड में पिछड़ी जातियों की आबादी 55 प्रतिशत है। ऐसे में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देना नाइंसाफी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पिछड़ी जातियों का 7 जिलों में आरक्षण शून्य है। सरकार को इसमें तुरंत सुधार करना चाहिए, ताकि पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ मिल सके।

# निर्यात संवर्द्धन और जेम पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन**

**रांची।** भारत सरकार, एमएसएमइ मंत्रालय, एमएसएमइ विकास कार्यालय, कोकर रांची द्वारा रांची में दो दिवसीय निर्यात संवर्द्धन और जेम पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी (नेशनल सेमिनार ) का आयोजन सोमवार को होटल हॉलिडे होम, कांके रोड, रांची में किया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमइ मंत्रालय द्वारा एमएसएमइ इकाइयों को निर्यात संवर्द्धन, जेम, नये बाजार सृजन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भाग लेना ज़ेड, प्रमाणन, स्फूर्ति योजना, क्लस्टर विकास योजना सार्वजनिक खरीद नीति इत्यादि के बारे में वृहद रूप से जागरूक करना है।

इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के उद्योग संघ, चेंबर्स एवं रांची जिले में कार्यरत क्लस्टरों के सहयोग से खरीद और विपणन सहायता योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमियों को विदेश व्यापार महानिदेशालय डीजीएफटी, कोलकाता, कैपेक्सिल कोलकाता एवं जेम, रांची के अधिकारियों से सीधे वातालर्प करने का अवसर मिलेगा जिससे वे अपनी शंकाओं का समाधान कर सकेंगे तथा अपने उद्यम और व्यापार का विकास कर पायेंगे।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 11 बजे होटल हॉलिडे होम, कांके रोड, रांची के सभागार में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, और विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार सिंह, भा.प्रा.से., निर्देशक उद्योग, उद्योग निदेशालय, झारखंड सरकार के द्वारा किया जायेगा।

# हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम 12 जनवरी को



आजाद सिपाही सवांददाता

**रांची।** हनुमान सेवा संस्थान के तत्वाधान में हर साल की भांति इस वर्ष भी युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की याद में हरमू मैदान रांची में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम पंडित विजय शंकर मेहता के उद्बोधन से प्रारंभ होगा। यह कार्यक्रम देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अलग अलग चैनलों के माध्यमों से प्रसारित होगा। कार्यक्रम संध्या 6:30 बजे से सायं 8:30 बजे तक पंडित विजय शंकर मेहता के सानिध्य में होगा। इसके आयोजन की सफलता के लिए कमेटी बनायी गयी है। कमेटी में 150 सौ से भी ज्यादा लोगों को रखा गया है। केंद्रीय आयोजन समिति के राष्ट्रीय संयोजक राकेश भास्कर ने बताया आयोजन के मुख्य संरक्षक सरयू राय हैं, वहीं संरक्षक वरिष्ट पत्रकार हरि नारायण सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रमोहन कपूर, राष्ट्रीय संयोजक राकेश भास्कर, संरक्षक धर्मेंद्र तिवारी, प्रमोद सारस्वत, अखिलेश पांडेय, डॉ सूर्यमणि सिंह, संजीव विजयवर्गीय, प्रदीप वर्मा, अरुण कुमार झा, बिमलेश सिंह, अजय सिंह, राज किशोर सिंह, बीरेंद्र नारायण, नकुल शहदेव, श्याम झा, अभिषेक चौबे, गोपाल सोनी, इंद्रजीत यादव, रामचंद्र जयसवाल, दीपक मारू, रंजीत गाड़ोदिया, सूरज भान सिंह, कुणाल आजमानी सहित काफी संख्या में लोगों को आयोजन से जोड़ा गया है। समिति द्वारा राज्य के सभी युवाओं से धर्म प्रेमियों से आग्रह किया गया है कि 12 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में इष्ट मित्रों सहित सपरिवार शामिल होकर पुण्य अर्जित करें। यह रांची का ऐतिहासिक कार्यक्रम है, जिसमें लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हनुमान जी महाराज से शिक्षा लेते हुए हनुमान चालीसा का सामूहिक जप और पंडित विजय शंकर मेहता का सारगर्भित उद्बोधन को सुन सकेंगे। वहीं हनुमान सेवा संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक राकेश भास्कर व प्रमोद सारस्वत ने रांची के सभी सम्मानित जनमानस से 12 जनवरी को संध्या 6:30 से 8:30 तक रांची के हरमू मैदान में होने वाले एक शाम युवाओं के नाम के कार्यक्रम में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित शामिल होने का आग्रह किया है।

# कांके में हाड़ कंपानेवाली ठंड पारा पहुंचा 1 डिग्री सेल्सियस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य भर में कड़ाके की सर्दी का सितम जारी है। तापमान में लगातार गिरावट होने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आपको बता दें कि राजधानी रांची के कांके में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। बीते 48 घंटे में न्यूनतम तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की कमी आयी है। वहीं, हवा भी 3.3 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चली है। जिसके कारण तापमान में गिरावट आयी है और ठंड बढ़ गयी है।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अनुसार 8 जनवरी को कांके का अधिकतम तापमान 19.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि 7 जनवरी को अधिकतम तापमान 18.5 और न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस मापा गया था। वहीं, 6 जनवरी को तापमान क्रमशः 21.5 और 5.0 डिग्री सेल्सियस था। बताया जा रहा है कि यह तापमान असमान्य नहीं है। आने वाले दिनों में तापमान में और कमी देखने को मिलेगी। दरअसल, रांची के शहरी क्षेत्र की जगह कांके क्षेत्र में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक कम रहती है।



## स्कूलों के समय में परिवर्तन करने की मांग

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू और प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा है कि ठंड के बढ़ते प्रकोप के कारण विद्यालय के समय में परिवर्तन किया जाना चाहिए। अत्यधिक ठंड के कारण बच्चों को सुबह विद्यालय पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। विद्यालयों का समय 10 से 2 बजे तक किया जाना चाहिए था।

# हुवांगहातू पंचायत में कंबल वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय बैंक आफ इंडिया एसी/एसटी/ओबीसी एंपलॉइज एसोसिएशन झारखंड इकाई द्वारा रविवार को नामकुम प्रखंड के हुवांगहातू पंचायत के ककड़ा गांव में कंबल वितरण और मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। साथ ही साथ खेल सामग्री का भी वितरण किया गया।

मौके पर संगठन के महासचिव अरुण जॉन प्रभाल, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील लकड़ा, उपाध्यक्ष प्रकाश ओरांव, उप महासचिव मनीष नारायण, सहायक महासचिव भरत लाल ठाकुर, महिला विंग की संतोषी एमी केर-केट्टा, कार्यकारी सदस्य मनीष कुमार, हरीश सिंह, मो. अली हसन, मनीष मिंज, सुरेश भगत, शैलेंद्र सिंह, माधवी लकड़ा, शैल ऋचा कुजूर, रंजिता बिलूंग, प्रेसिला टोप्पो, बिट्टू कुमार, गाँव के मुखिया विवेक मुंडा अपने वार्ड सदस्यों के साथ द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की पूरी टीम, डेंटल क्लिनिक से आये डॉक्टर भगत की टीम और विशेष आवेदन पर आमंत्रित पलांडू से जोसेफ कच्छप और समस्त पंचायत से आये ग्रामीण उपस्थित थे। खिचड़ी वितरण के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# राज्य में श्रमिकों, किसानों की स्थिति बदहाल : ललित ओझा

**श्रमिक-किसानों की हुई महापंचायत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के तत्वावधान में सोमवार रातू रोड के रॉयल पैलेस सभागार में श्रमिक-किसान महापंचायत बुलायी गयी। श्रमिक-किसान पंचायत में यूनियन के सभी जिलों से प्रतिनिधियों और रांची में निवास करने वाले बड़ी संख्या में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों ने भाग लिया। श्रमिक-किसान पंचायत में झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों और छोटे किसानों ने अपनी बात रखते हुए राज्य की वर्तमान सरकार से नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान समय में श्रमिकों और छोटे किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। श्रमिकों और किसानों के प्रतिनिधियों द्वारा सरकार के खिलाफ आंदोलन के लिए सड़क पर उतरने की बात कही गयी। श्रमिक-किसान पंचायत को संबोधित करते हुए झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। वहीं किसानों के लिए भी पहले से चलायी जा रही योजनाओं को भी बंद कर दिया गया है। जिससे मजदूर भाइयों और किसानों में वर्तमान में राज्य सरकार के कार्यशैली के खिलाफ भारी रोष को देखते हुए राज्य सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की यूनियन के द्वारा बड़ी योजना बनायी जा रही है। ओझा ने कहा कि राज्य सरकार पत्थर और बालू के लूट में व्यस्त है, पर राज्य को चलाने वाले मजदूरों और किसानों की इसे कोई चिंता नहीं है। कार्यक्रम का संचालन संजय जयसवाल और धन्यवाद ज्ञापन नेता बलि राय ने किया। कार्यक्रम को विंदुल वर्मा, मुकेश सिंह, वरुण तिवारी, प्रशांत शाहदेव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उमा राय, महेंद्र यादव, अरुण चौधरी, मक्खन पासवान, होडिल राय, शिवकुमार यादव, बबलू राय, सत्येंद्र यादव, मथुरा राय, मनोज पासवान, बगड़म राय, दिनेश यादव, बिरेन्द्र राय, गौरीशंकर राय, बलेश्वर राय सहित हजारों की संख्या में श्रमिक एवं किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अमर शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को आलम चौक पुनदाग में अमर शहीद शेख भिखारी के शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम समाजसेवी हाजी जहांगीर आलम की अध्यक्षता में हुआ। वहीं आलम ने कहा कि भारत देश महापुरुषों, वीर सपूतों और शहीदों का देश है । अत्याचार के विरुद्ध लड़ना और जंगे आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देना इसकी रीति-रिवाजों में शामिल है। अमर शहीद शेख भिखारी का नाम भी इसी श्रेणी में आता है। उन्होंने अपने जीवन काल में अंग्रेजी शासन व्यवस्था को आसानी से झारखंड की धरती पर पांव पसारने नहीं दिया। अंग्रेजों के खिलाफ अट्ठारह सौ सत्तावन में जंगे आजादी के लिए विद्रोह शुरू किया। अंग्रेजी फौज के कमांडर मैकडोनाल्ड ने पिथोरिया गांव के जमींदार को चांदी के चंद टुकड़े का लालच देकर गद्दारी के लिए तैयार किया। उनके साथ मिलकर शेख भिखारी तक पहुंचने की साजिश रची। शेख भिखारी और उमराव सिंह को साजिश के तहत अपने यहां बुलाया। इसके बाद जानकारी अंग्रेजों को दे दी. उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों बहादुरों को 8 जनवरी 1858 को फांसी दे दी गयी। इस आयोजन में गांव के सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे। इसमें संतोष कुमार, प्रकाश महतो, नदीम अंसारी, बबलू अंसारी, अजय साहू, सोहेल आलम, एहसान अहमद, सईद अंसारी, अजय मुंडा, आकाश साहू, निर्मल साहू, महावीर मुंडा, परवेज आलम, हसनैन अहमद, सारिक हुसैन सहित ग्रामवासी मौजूद थे ।

# एनसीसी के 75 साल पूरे होने पर एकता फ्लेम रन को हरी झंडी दिखायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनसीसी की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर एनसीसी के संकल्प के तहत पिछले साल 20 नवंबर को कन्याकुमारी से नई दिल्ली के लिए एकता फ्लेम रन को हरी झंडी दिखाई गयी। ज्वाला 60 दिनों में तीन हजार किमी की दूरी तय करेगी। उत्तर पूर्व क्षेत्र डिब्रूगढ़-जोरहाट-गुवाहाटी-धुबरी-सिलीगुड़ी आसनसोल-रांची मार्ग के बाद 15 जनवरी 2023 को मुख्य लौ के साथ विलय करने के लिए डिब्रूगढ़ से आगरा तक एक वाहन आधारित रिले फ्लेम ऑफ यूनिटी फ्लेम रन का एक पूर्वी रिले रन निष्पादित कर रहा है। प्रतिष्ठित 'ईस्टर्न फ्लेम रन' को 8 जनवरी 2023 को खेलगांव स्टेडियम रांची में मेजर जनरल एएस बजाज एडीजी एनसीसी निदेशालय बिहार और झारखंड द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। 15 एनसीसी कैडेट 'एकता की लौ' के साथ दौड़े और राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति के उत्साह की सच्ची भावना के प्रतीक 'भारत माता की जय' से वातावरण गुंजायमान हो गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के तीन सौ से अधिक एनसीसी कैडेटों, एनसीसी के पूर्व छात्रों, नागरिक प्रशासन कर्मचारियों, सेना कर्मियों के साथ-साथ पूर्व सैनिकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। जनरल ऑफिसर ने अपने भाषण में कैडेटों को एनसीसी लोकाचार में निहित मूल्यों के बारे में बताया। एनसीसी का प्राथमिक उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करने और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहने के लिए संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का एक पूल बनाना है। इसका उद्देश्य युवाओं में चरित्र, भाईचारा, अनुशासन, एक धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना भी है। यह युवा भारतीयों को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण भी प्रदान करता है।

## हेमेंद्र प्रताप शाही के निधन पर शोक व्यक्त किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाकपा वरिष्ठ नेता हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता और कार्यालय सचिव अजय कुमार सिंह ने रविवार को संयुक्त रूप से बयान जारी कर हेमेंद्र प्रताप शाही के आसमिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है, तथा उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि हेमेंद्र प्रताप शाही एक ईमानदार छवि के नेता थे। पलामू प्रमंडल के कनहर परियोजना को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे थे। वे गढ़वा जिले में किसानों को सिंचाई की सुविधा और पीने का स्वच्छ पानी की व्यवस्था की लंबी लड़ाई लड़ रहे थे। वे 1967 में भवनाथपुर से विधायक चुने गए और 2008 में झारखंड सरकार में स्वास्थ मंत्री के रूप में छह माह कार्य किये। वे पूर्व विधायक संघ के झारखंड निर्माण के बाद से अध्यक्ष रहे। विधायक और सांसद गृहनिर्माण स्वाभिलंभी सहकारी समिति के सदस्य रहे। इनके अथक प्रयास से ही विधायक सहयोग को आबास के लिए भूमि आवंटित की गयी। इनकी मृत्यु से झारखंड की एक आवाज को जनमुद्दों को लेकर उठती थी, सुप्त हो गयी।

# मेरी मति बऊरी मैं राम विसारिओ किन बिध रहन रहऊ....



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में श्री गुरुगोविंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह 10 बजे से विशेष दीवान सजाया गया.दीवान की शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा रहनी रहे सो ही सिख मेरा ओ साहिब मैं उसका चेरा... एवं सबना का मां प्यो आप है... कीर्तन से हुई.तत्पश्चात गुरुद्वारा के भाई सूरज सिंह जी द्वारा जिन प्रेम किओ तिन ही प्रभ पायो... एवं चरण चलो चरण चलो चलो मारग गोविंद... शबद गायन किया गया। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथावाचन कर गुरुगोविंद सिंह की जीवनी के बारे साध संगत को बताते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी मूलतः धर्मगुरु थे, लेकिन सत्य और न्याय की रक्षा तथा धर्म की स्थापना के लिए उन्हें शस्त्र धारण करना पड़े।

विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई राजेंदर सिंह जी जालंधर वाले ने वह प्रगटिओ पुरुख भगवंत रूप, गुरु गोविंद सूरा.... एवं तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो.... तथा चित ना भयो हमरो आवन कहु चुभी रही सुति प्रभ चरनन मह... एवं मेरी मति बऊरी मैं राम विसारिओ किन बिध रहन रहऊ... जैसे एक के बाद कई गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा। ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने वाहेगुरू से अरदास की। हुक्मनामा एवं कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति दिन के तीन बजे हुई। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने भाई राजेंदर सिंह एवं साथियों को गुरुघर का सरोपा देकर नवाजा। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने साध संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। सभा द्वारा दीवान समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। गुरुघर के सेवक पवनजीत सिंह द्वारा कार्यक्रम का यूट्यूब के चैनल मेरे साहिब पर सीधा प्रसारण किया गया। मौके पर लायंस क्लब ऑफ ईस्ट के प्रेसिडेंट रतन अग्रवाल को मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था कराने के लिए गुरु घर का सरोपा देकर सम्मानित किया गया।

मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में लंगर सेवा में अशोक गेरा, सुरेश मिढ़ा, विनोद सुखीजा, महेंद्र अरोड़ा, राज कुमार सुखीजा, हरीश मिढ़ा, मोहन काठपाल, अनूप गिरधर की तथा जोड़े की सेवा में बसंत काठपाल, प्रेम मिढ़ा, लक्ष्मण अरोड़ा, पुरुषोत्तम सरदाना, आयुष पपनेजा, उर्वशी अरोड़ा, गरिमा मिढ़ा की विशेष भागीदारी रही। इस विशेष दीवान में जीवन मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल, हरगोविंद सिंह, नरेश पपनेजा, मोहन लाल अरोड़ा, नीरज गखड़, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, मनोहर मुंजाल, कवलजीत मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, सुभाष मिढ़ा, कमल मुंजाल, जीतू अरोड़ा, जितेंद्र मुंजाल, हरजीत बेदी, वेद प्रकाश मिढ़ा, अनूप गिरधर, अश्विनी सुखीजा, उमेश मुंजाल, नानक चंद अरोड़ा, जीतू काठपाल, गौरव मिढ़ा, कमल अरोड़ा, राजेंद्र मक्कड़, बसंत काठपाल, सोनू खुराना, मनीष गिरधर, ज्ञान मादन पोतरा, ईशान काठपाल, चंदन गिरधर समेत अन्य उपस्थित थे।

### मध्यदेशीय वैश्य समिति के चुनाव में 51 में से 51 मतदाताओं ने किया मतदान

# डोमन प्रसाद गुप्ता ने रूपेश गुप्ता को एक मत से किया पराजित, बने अध्यक्ष

## समाज के सभी लोगों को एक साथ ले चलूंगा: डोमन




## अपने पक्ष में मतदान के लिए डोमन ने दिया धन्यवाद

निर्वाचित डोमन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि समाज एक परिवार की तरह है, इसे आगे और ऊंचाइयों में ले जाना है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने का प्रयास करूंगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

### ये थे उपस्थित

वर्तमान अध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव नरेंद्र गुप्ता, विद्यालय अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, सचिव एनके गुप्ता, रामेश्वर प्रसाद, सुरेश प्रसाद, संदीप कुमार, रामप्रसाद साव, देवेंद्र शरण, अजय गुप्ता, राहुल गुप्ता, बजरंग प्रसाद, विश्वनाथ गुप्ता, निशांत गुप्ता, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।



51 मतदाताओं में से 26 मत डोमन प्रसाद गुप्ता और 25 मौत रूपेश कुमार गुप्ता को मिले।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मध्यदेशीय वैश्य समिति के सत्र 2023-26 का चुनाव रविवार को विकास नगर रोड स्थित गणिनाथ धर्मशाला परिसर में शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। चुनाव पदाधिकारी गणेश प्रसाद गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, अनिल कुमार, नंदकिशोर गुप्ता, आनंद गुप्ता और सुबोध गुप्ता के देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। मध्यदेशीय वैश्य समिति के चुनाव में रूपेश गुप्ता और डोमन प्रसाद गुप्ता के बीच कांटे की टक्कर हुई। वही, 51 मतदाताओं में से 26 मत डोमन प्रसाद गुप्ता और 25 मौत रूपेश कुमार गुप्ता को मिले। चुनाव पदाधिकारी ने एक मत से निर्वाचित डोमन प्रसाद गुप्ता को प्रशस्ति पत्र और बुके देकर उन्हें विजय घोषित किया।

# लेवो जी बलाई, जीण माता आई... लाया थारी चुनरी, करियो मां स्वीकार





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री जीण माता का वार्षिकोत्सव रविवार को मारवाड़ी भवन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूरे आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था तथा श्री जीण माता का भव्य श्रृंगार किया गया। संस्था के सचिव दिलीप पटवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे श्री गणेश पूजन के साथ शुरू हुई। मुख्य यजमान विजय पालड़ीवाल ने सपत्नी गणेश पूजन किया एवं माता की ज्योत जलाई इसके बाद माता का अभिषेक किया गया। इसमें मुख्य यजमान के साथ-साथ सभी सदस्यों ने भाग लिया।

दिन के दो बजे से जीण धाम से पधारे आनंद पाराशर एवं अनुश्री शर्मा के सानिध्य में 751 महिलाओं ने राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में संगीतमय मंगल पाठ किया। मंगल पाठ के साथ-साथ माता का जन्मोत्सव मनाया गया एवं उपस्थित भक्त जनों के बीच बधाइयां बांटी गयी। इसके बाद जीण माता को मेहंदी लगायी गयी। विशेष रूप से बनाया गया 51 फीट का गजरा माता को पहनाया गया। कोलकाता से बनकर आयी 181 फीट की चुनरी भी माता को अर्पित की गयी। साथ ही माता को छप्पन भोग लगाया गया।

इस बार समारोह में विशेष आकर्षण आदिशक्ति के चौसठ योगिनी रूप को जीवन झांकी के रूप में दिखाया गया पूरे कार्यक्रम में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का समापन रात्रि आठ बजे महाआरती के साथ किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई समिति एवं उप समिति बनायी गयी थी। कार्यक्रम में अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, सचिव दिलीप पटवारी, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, महोत्सव कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, प्रदीप सिंघानिया, अमित शर्मा, प्रदीप शर्मा, प्रदीप पटवारी, अमित शर्मा, विनय अग्रवाल, नेहा सिंघानिया, मिथिलेश सिंघानिया, मंजू डीडवानिया, नेहा शर्मा, शशि कला सोमानी, शीतल अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, लक्ष्मी पोद्दार इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

### सेवा भारती का बाल संगम कार्यक्रम संपन्न

# सेवा बस्ती को आदर्श बस्ती बना रही है सेवा भारती: आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेवा भारती, रांची महानगर का बस्ती परिवर्तन योजना को मूर्त रूप देने के लिए 22वां वार्षिकोत्सव सह बाल संगम रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का आयु वर्ग के अनुसार 50 मीटर,100 मीटर का दौड़ एवं गोली चमच दौड़, सिलाई केंद्र की महिलाओं का समूह गीत प्रतियोगिताएं हुई, जहां प्रथम, द्वितीय, तृतीय का चयन पुरस्कार के लिए किया गया। स्वावलंबन समूह गीत प्रतियोगिता के निर्णायक टोली की डॉ सुजाता मजूमदार ,जे पी सिंह,नीलम वर्णवाल ने विजेता समूह को पुरस्कृत किया।

सेवा भारती के बाल संगम के सार्वजनिक कार्यक्रम का उद्घाटन चिन्मय मिशन, रांची के आचार्य स्वामी परिपूर्णानंद एवं डॉ आशा लकड़ा, महापौर रांची ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मंचीय परिचय-स्वागत के उपरांत आचार्य वाहिनी एवं स्वावलंबन वाहिनी का घोष दल के साथ मार्च पास्ट हुआ। मौके पर सेवा भारती, रांची महानगर के सचिव, श्याम टोरका



ने संस्था के वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि सेवा भारती सेवा कार्य के माध्यम से सेवा बस्ती को आदर्श बस्ती बनाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। हमें अपने घर परिवार में भारतीय सभ्यता संस्कृति के अनुरूप रिश्ते नातों के नाम पुकारने के अभ्यास व संस्कार को विकसित करना होगा। मौके पर आशा लकड़ा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए एक कहानी के माध्यम से बच्चों को सदा सत्य बोलने और झूठ न बोलने की बात बताईं। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में चिन्मय मिशन,रांची के आचार्य स्वामी परिपूर्णानंद महाराज ने कहा कि बच्चों में बाल मन से ही संस्कारों का बीजारोपण करने से सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण होता है। यही बच्चे बड़े होकर आगे चलकर के देश के नवनिर्माण में सहभागी बनते हैं।आज जन-जन में राष्ट्रीयता जागरण और नव चेतना जागृत करने की परम आवश्यकता है। एक दिवसीय कार्यक्रम के खेल कूद प्रतियोगिता में 50 मीटर के दौड़ में संजीव कुमार, गांधीनगर, आयुष कच्छप, बड़गाईं, सूरज मुंडा, बरियातू, रोहित उरांव,सरना टोली, मयंक कुमार, हातमा बस्ती, संदीप उराव, अमृता उरांव,लेम बस्ती, खुशी गाड़ी, राखी कुमारी, रातू रोड, आस्था कुमारी, किशोरगंज, गोली चम्मच दौड़ में अभिमन्यु महली नामकुम, ओम कुमार, किशोरगंज विकास मुंडा, बरियातू सुमन कुमार, कृष्णापुरी परी कुमारी, विद्यानगर अदिति कुमारी, तुपुदाना को अतिथियों ने पुरस्कृत किया गया।

मौके पर बाल संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाओं की रस्सा कसी प्रतियोगिता हुई। मौके पर संस्कार केंद्र के बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बाल संस्कार केंद्र के बालक अभिषेक कुमार,बालिका तुलसी कुमारी व शिक्षिका मोनिका टोप्पो ने अपने अनुभव कथन प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती, रांची महानगर के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने किया जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन मिथिलेश्वर मिश्र ने किया। मौके पर राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद, सेवा भारती के प्रांतीय संरक्षक ओमप्रकाश केजरीवाल, प्रांतीय अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, सचिव ऋषि पांडेय, सहसचिव राधेश्याम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अखिलेश्वर नाथ मिश्र, राजकुमार साहू, रामाकांत दुबे, अरुणा सिंह,कंचन प्रभा रामाशंकर बगड़िया, शुभेंदु भट्ट, बंटी सराफ, श्रवण जाजोदिया, कमल पोद्दार, विनोद टिबड़ेवाल उमाशंकर शर्मा, प्रवीण जोशी, पवन बजाज,कमल केडिया, सीमा सिंह, धुर्वा विद्यालय के उप प्राचार्य ललन कुमार और सुनिल पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### एसपी को मिली सूचना पर चतरा पुलिस की कार्रवाई

# ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** ड्रग पेडलरों के विरुद्ध चतरा पुलिस की एक और बड़ी कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित ब्राउन शुगर के खेप के साथ चार पेशेवर तस्कर को गिरफ्तार किया गया। खरीद बिक्री को लेकर एकत्रित सैंपल का 5.42 ग्राम ब्राउन सुगर, तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का चार मोबाइल फोन एवं टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल जब्त किया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार एवं प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम के संयुक्त नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने की कार्रवाई कर सफलता हासिल किया। शहर से सटे कठौतिया मंदिर बरैनी रोड स्थित मंजर अंसारी नामक तस्कर के दुकान से गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार तस्करों को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया। टीम में थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार चौधरी, एसआइ कौशल कुमार सिंह, एएसआइ सिकंदर सिंकू एवं शशिकांत ठाकुर समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# एक अप्रैल को सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ का महाधिवेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की केंद्रीय समिति की आज रविवार को जूम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने की। जूम बैठक का संचालन महासंघ के संरक्षक डा. विजय प्रकाश शर्मा ने किया। बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी एक और दो अप्रैल 23 को रांची में महासंघ का महाधिवेशन होगा। इसमें झारखंड सहित बिहार, उड़ीसा, राजस्थान, दिल्ली, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लगभग दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग लेंगे। दो दिवसीय महाधिवेशन के आयोजन की जिम्मेदारी महासंघ की झारखंड प्रदेश कमेटी को सौंपी गयी है। प्रदेश समिति केंद्रीय समिति के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करेगी। महासंघ की केंद्रीय समिति की ओर से एक कोर कमेटी का गठन किया जायेगा। कोर कमेटी अगले सप्ताह बैठक कर महाधिवेशन का एजेंडा, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा सामाजिक प्रस्ताव तैयार करेगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने महाधिवेशन को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए सभी प्रांतीय इकाइयों से आगे बढ़कर सहयोग करने का आह्वान किया।

जूम बैठक में आचार्य लक्ष्मी नारायण पांडेय,स्वामी दिव्यज्ञान, ज्ञानवर्द्धन मिश्र, भानु प्रताप मिश्र, प्रकाश मिश्र,आचार्य कृष्ण,अशोक मिश्र, डॉ ब्रजबिहारी पाठक, आर के शर्मा, संजीव मिश्र,मिथलेश मिश्रा, रविंद्र मिश्रा, सीताराम पाठक,शरद भक्त, केदार पांडेय, आशीष नायक, प्रवीण पाठक, शेखर आचार्या, एसएन पाठक, उदय मोहन पाठक, अमरीष पाठक,शैलेश पाठक, प्रदीप पाठक, दिलीप पाठक, मनीष बैध, राहुल पाठक, मृत्युंजय पाठक, शिवशंकर उपाध्याय, विनय कुमार मिश्र,अमरनाथ मिश्रा,रंजीत मिश्रा, राजेश मिश्रा, जितेश मिश्रा,सचिन उपाध्याय, शिवशंकर पाठक सहित कई शामिल हुए।

## रिम्स के सिक्योरिटी गाड्र्स मिले सांसद और विधायक से, बतायी समस्या

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिम्स के सिक्योरिटी गाड्र्स रविवार को स्टेडियम में चाय पर चर्चा के दौरान सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल से मिले। गाड्र्स ने उन्हें बताया कि रिम्स में अब होमगार्ड को ड्यूटी में लाया जा रहा है। जिससे कि 370 लोग बेरोजगार हो जाएंगे। इसके बाद सांसद और विधायक दोनों ने कहा कि रिम्स की गवर्निंग बॉडी की बैठक होने वाली है। इसमें विषय को लाकर चर्चा की जायेगी। इसके बाद निर्णय लिया जायेगा कि रिम्स के लिए क्या ठीक रहेगा। साथ ही कहा कि जीबी की बैठक के पहले होमगाड्र्स को लाया जाता है तो वे भी इसका विरोध करेंगे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले व्यक्ति को खो दिया: संतोष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छात्र युवा अधिकार मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष महतो ने कहा कि मजदूरों के लिए रॉबिनहुड और सूचनाधिकार ऐक्टिविस्ट रहे आरकेएमयू के क्षेत्रीय सचिव रमेश विश्वकर्मा की निर्मम हत्या होना रामगढ़ जिले के पुलिस प्रशासन की कार्यशैली और व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाता है। क्षेत्र ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले व्यक्ति को खो दिया है। जिस तरीके से रजरप्पा प्रोजेक्ट जैसे रिहायशी इलाके में उनकी जघन्य हत्या हुई वो सीसीएल और रजरप्पा प्रशासन दोनों को शर्मसार करने वाली है। काफी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पूरे क्षेत्र में कहीं भी सीसीटीवी कैमरा नहीं है और ना ही क्षेत्र में कहीं आने-जाने के रास्तों पर गेट लगा हुआ है, जो कि स्वाभाविक रूप से इस तरह की घटना के पुनरावृत्ति की संभावना पैदा करता है। संतोष महतो ने हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की।

## शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल, किया अंतिम संस्कार

मजदूर नेता रमेश विश्वकर्मा का शव रविवार को पोस्टमार्टम होकर जैसे ही रजरप्पा स्थित आवास पहुंचा। पूरे क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल के बीच उनके आवास से अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा निकाली गयी और बाभनधारा स्थित भेड़ा नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, वरिष्ठ नेता राजेंद्रनाथ चौधरी, हाजी अख्तर आजाद, चंद्रशेखर पटवा, चितरंजन दास चौधरी, मुकेश यादव, बजरंग महतो, गौरीशंकर महतो, तस्लीम अंसारी, महेंद्र मिस्त्री, जगन रविदास, डीएन चौधरी, प्रदीप पटवा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# शिक्षा में विदेशी दखल, खतरे भी

विश्व विद्यालय अनुदान आयोग ने एक जबरदस्त नई पहल की है। उसने दुनिया के 500 श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों के लिए भारत के दरवाजे खोल दिए हैं। वे अब भारत में अपने परिसर स्थापित कर सकेंगे। इस साल भारत के लगभग 5 लाख विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए पहुंच चुके हैं। विदेशी पढ़ाई भारत के मुकाबले कई गुना महंगी है। भारत के लोग अपनी कड़ी मेहनत की करोड़ों डॉलरों की कमाई भी अपने बच्चों की इस पढ़ाई पर खर्च करने को मजबूर हो जाते हैं। इन लाखों छात्रों में से ज्यादातर छात्रों की कोशिश होती है कि वे विदेशों में ही रह जायें और वहां रहकर वे मोटा पैसा बनायें। भारत से प्रतिभा पलायन का यह मूल स्रोत बन जाता है। अब जबकि विदेशी विश्वविद्यालय भारत में खुल जाएंगे तो निश्चय ही यह प्रतिभा-पलायन घटेगा और देश का पैसा भी बचेगा। इसके अलावा वि.वि.अ. आयोग की मान्यता है कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा-पद्धतियां भारत में प्रारंभ हो जायेंगी, जिसका लाभ हमारे पड़ोसी देशों के विद्यार्थी भी उठा सकेंगे। इन सब लाभों की सूची तो ठीक है, लेकिन क्या हमारे शिक्षाशास्त्रियों ने इस मामले के दूसरे पहलू पर भी विचार किया है? इसके दूसरे पहलू का सबसे पहला बिंदु यह है कि भारत में चल रहे विश्वविद्यालयों का क्या होगा? ये विश्वविद्यालय पिछले डेढ़-दो सौ साल से अंग्रेजों और अमरीकियों के नकलची बने हुए हैं? क्या वे ठप्प नहीं हो जायेंगे? जिन माता-पिताओं के पास पैसे होंगे, वे अपने बच्चों को इन भारतीय विश्वविद्यालयों में क्यों पढ़ायेंगे? वे सब विदेशी विश्वविद्यालयों के पीछे दौड़ेंगे। दूसरा, इन विदेशी विश्वविद्यालयों को शुल्क, पाठ्यक्रम, प्रवेश-नियम और अध्यापकों की नियुक्ति में पूर्ण स्वायत्तता होगी। वे भारत के हित की बात पहले सोचेंगे या अपने देश के हित की बात? तीसरा, क्या अब हमारे देश में इस नयी शिक्षा-व्यवस्था के कारण युवा पीढ़ी में ऊंच-नीच का भेदभाव नहीं पैदा हो जायेगा? चौथा, हमारे देश की सारी शिक्षा-व्यवस्था क्या तब पूर्ण नकलची बनने की कोशिश नहीं करेगी? पांचवां, विदेशी शिक्षा-संस्थाओं में पढ़ाई का माध्यम क्या होगा? क्या वे भारतीय भाषाओं को माध्यम बनने देंगे? कतई नहीं। उसका नतीजा क्या होगा? प्रतिभा-पलायन रुक नहीं पायेगा। छठा, इस भाजपा सरकार को बने 8 साल हो गये, लेकिन नई शिक्षा-नीति किसी कागजी शेर की तरह खाली-पीली दहाड़ मारती रहती है। उसमें किसी भारतीयता या मौलिकता का समावेश अभी तक नहीं हुआ है। जब तक सर्वोच्च अध्ययन और अनुसंधान भारतीय भाषाओं के जरिए नहीं होगा और अंग्रेजी का एकाधिकार समाप्त नहीं होगा, यह नई पहल काफी नुक्सानदेह साबित हो सकती है।

**भारत के लोग अपनी कड़ी मेहनत की करोड़ों डॉलरों की कमाई भी अपने बच्चों की इस पढ़ाई पर खर्च करने को मजबूर हो जाते हैं। इन लाखों छात्रों में से ज्यादातर छात्रों की कोशिश होती है कि वे विदेशों में ही रह जायें और वहां रहकर वे मोटा पैसा बनायें।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**श्री सम्मेद शिखरजी की रक्षा केवल जैन विषय नहीं था, केवल जैन समाज की वेदना का मुद्दा नहीं था। इस मुद्दे को भारत की आत्मा की रक्षा से जोड़ कर देखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने और तुरंत निर्णय लिया। इसके लिए सभी संस्कृति विचारक, विशेषकर जैन समाज उनके प्रति ऋणी है।**

# तीर्थ और पर्यटन में जमीन-आसमान का है फर्क

**तरुण विजय**

संस्कृति के क्षेत्र में राजनेताओं की कितनी दखल होनी चाहिए? इन प्रश्नों को श्री सम्मेद शिखर मामले ने खड़ा कर दिया है। क्या अति सुविधाएं देना ही संस्कृति रक्षा है? कल को यदि ठीक बद्रीनाथ और केदारनाथ ही नहीं बल्कि गौमुख तक उड़न खटोले से यात्री पहुंचने लगे, तो इसे संस्कृति रक्षा कहेंगे या संस्कृति का विनाश?

श्री सम्मेद शिखरजी की रक्षा केवल जैन विषय नहीं था, केवल जैन समाज की वेदना का मुद्दा नहीं था। इस मुद्दे को भारत की आत्मा की रक्षा से जोड़ कर देखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने और तुरंत निर्णय लिया। इसके लिए सभी संस्कृति विचारक, विशेषकर जैन समाज उनके प्रति ऋणी है।

राजनेताओं की सांस्कृतिक समझ सामान्यतः बड़े-बड़े मनोरंजक कार्यक्रमों तक सीमित होती है। संस्कृति के विकास का अर्थ होता है अधिक से अधिक होटल, रेलगाड़ियां, उड़न खटोले और पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी। वे भूल जाते हैं तीर्थ और पर्यटन में जमीन आसमान का अंतर होता है। बद्री-केदार तीर्थ हैं, लेकिन नैनीताल, मसूरी पर्यटन स्थल हैं। जब कोई सरकार नहीं थी, कोई वे ढांचागत सुविधाएं नहीं थीं, जिनको आधुनिक कहते हैं, तब भी हजारों लोग जान जोखिम में डाल कर कैलाश मानसरोवर, माता हिंगलाज, अमरनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ और चारों धामों की यात्रा करते थे।

**तीर्थों को पर्यटन स्थल बनाने का षड्यंत्र उनका है, जिनको न तीर्थों की समझ है और न ही पर्यटन की।**

सुविधाएं एक सीमा तक ही आवश्यक होती हैं। जिस बिंदु से तीर्थ की गरिमा, यात्रा की गंभीरता और कष्ट सह कर यात्रा का पुण्य समाप्त होने लगे उसी बिंदु से तीर्थ पर्यटन स्थल में बदलता है। सेल्फी और दारू पीने वाले, मसाला गुटका और हनीमून वाले, मंदिर की पवित्रता को भंग कर प्री-मैरिज फोटो शूट वाले पहुंच जाते हैं। पर्यटन का अति व्यावसायीकरण थाईलैंड मॉडल कहा जाता है जहां सिर्फ देह और धन का व्यापार अर्थव्यवस्था को बल देता है।

अभी कुछ समय पूर्व उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी से चर्चा हो रही थी। कहने लगे अब केदारनाथ में रोप वे बना रहे हैं। सरकार को सोचना चाहिए कि संस्कृति में कितनी दूर तक सरकारी दखलअंदाजी होनी चाहिए।

तीर्थों को पर्यटन स्थल बनाने का षड्यंत्र उनका है, जिनको न तीर्थों की समझ है और न ही पर्यटन की। तीर्थ यात्रियों को आवागमन का मार्ग और चिकित्सा सुविधाएं मिल जायें, यह सरकार का संवैधानिक धर्म है। उस से आगे का काम तीर्थ यात्रियों और उनके धार्मिक अग्रणियों के भरोसे छोड़ देना चाहिए। लेकिन सरकारें धर्म में और उसमें भी भारतीय धर्मों के संदर्भ में (सनातनी, जैन, बौद्ध, सिख आदि) जरा ज्यादा ही टांग अड़ाती हैं। देश भर में केवल सनातन हिंदू धर्म के मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण और हिंदू धार्मिक आय के विकृत अधार्मिक उपयोग की अनंत कथाएं हैं। हिंदुओं का धर्मांतरण बढ़ रहा है। हिंदुओं पर कायर इस्लामी आतंकवादी कश्मीर में क्रूर हमले कर रहे हैं? 76 वर्ष बाद पाकिस्तानी हिंदुओं को अपने पुरखों की अस्थियां विसर्जित करने के लिए सरलीकरण वाली अनुमति मिली है।

कितनी बड़ी विडंबना है, लेकिन हिंदू मंदिरों की अपार आय कहीं भी हिंदू धर्म रक्षा के कार्यों पर खर्च नहीं होती। अनेक प्रदेशों से राजनेताओं ने कोविड एवं अन्य आपदाओं के समय अपने दंभपूर्ण अधिकारों का उपयोग करते हुए करोड़ों रुपये हिंदू मंदिरों के कोष से निकाल कर सरकारी योजनाओं को वित्त पोषित किया। ईसाई और इस्लामी व्यक्तियों को हिंदू उत्सवों, कार्यों, मंदिरों की व्यवस्था में प्रमुख पद दिये जाते हैं।

श्री सम्मेद शिखर जी की रक्षा हेतु संपूर्ण हिंदू सनातनी समाज जैन समाज के साथ खड़ा रहा। झारखंड सरकार को तुरंत जैन समाज से क्षमा मांगते हुए श्री सम्मेद शिखरजी को जैन समाज के संतों के मार्गदर्शन में उनको जैसा चाहिए, वैसा कार्य करना चाहिए। यदि जैन समाज को भारत में धर्म संरक्षण नहीं मिलेगा तो क्या सऊदी अरब में मिलेगा? जैन और हिंदू समाज एक ही है। कुछ दुर्बुद्धि वाले नेताओं ने जैन को हिंदू से अलग अल्पसंख्यक बना दिया। हमारा रोटी-बेटी, तीज-त्योहार, जीने-मरने का संबंध है। दिल्ली के संस्थापक सम्राट महाराजा अनंगपाल तोमर के भाई जैन थे, ऐसा इतिहासकार कहते हैं। महाराजा अनंगपाल ने महरौली में 27 सनातनी-जैन मंदिर बनवाये थे। उनको कुतुबुद्दीन ऐबक ने आक्रमण कर तोड़ा और कुतुब मीनार बनवायी, वहां ऋषभ देव, भगवान महावीर और अनेक यक्षियों के मूर्ति अंकन मस्जिद की दीवारों पर अंकित हैं।

आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जो औपनिवेशिक दास मानसिकता से मुक्ति का सघन अभियान चला रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी के पुनरुदय से लेकर वीर बाल दिवस के आयोजन द्वारा शहीद साहिबजादों के प्रति देशव्यापी स्मृति जागरण, काशी में तमिल संगम, महाराजा अनंगपाल द्वारा निर्मित अनंगताल को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करना, गजनी को हराने वाले महाराजा सुहेलदेव की मूर्ति का अनावरण, संसार की सबसे बड़ी हड़प्पाकालीन पुरातात्विक नगरी राखीगढ़ी में उत्खनन पुनः प्रारंभ करना, बाबा बंदा सिंह बहादुर की जयंती पर 300 साल बाद लाल किले पर राष्ट्रीय सिख समागम का आयोजन, मणिपुर के 14वीं सदी के विष्णु मंदिर में पूजा प्रारंभ, कुछ ऐसे कार्य हैं, जो सदियों तक देश में नयी शक्ति का संचार करते रहेंगे। यह संस्कृति रक्षण के कार्य हैं न कि तीर्थों को पर्यटन स्थल का विकृत रूप देना। जैन समाज के संतों और अग्रणियों को नमन कि उन्होंने भारत की सांस्कृतिक आत्मा को अपने प्रखर आंदोलन से बचा लिया।



**श्री सम्मेद शिखर जी की रक्षा हेतु संपूर्ण हिंदू सनातनी समाज जैन समाज के साथ खड़ा रहा। झारखंड सरकार को तुरंत जैन समाज से क्षमा मांगते हुए श्री सम्मेद शिखरजी को जैन समाज के संतों के मार्गदर्शन में उनको जैसा चाहिए, वैसा कार्य करना चाहिए।**

## जमशेदपुर की खबरें

# गालूडीह के हाटचाली के पास घर में लगी आग, सामान जल कर राख

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गालूडीह।** गालूडीह के हाटचाली के पास रविवार को एक घर में सुबह के समय अचानक आग लग गयी। इससे घर का सारा सामान जलकर राख हो गया, तभी चारों तरफ से लोग ने हाथ मे बाल्टी लेकर दौड़े। घर में आग लगने से पूरे गालूडीह में अफरा तफरी मच गयी। आग भयानक रूप ले चुका था। अगर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो दूसरे घरों को भी आग अपनी चपेट में ले लेती।

राहत की बात यह है कि जब आग लगी, तब परिवार के कोई भी सदस्य घर पर नहीं थे। जानकारी के अनुसार कि जिस घर में आग लगी, उक्त घर का मालिक गालूडीह निवासी लाल नामक एक व्यक्ति का है।

घर में जितेंद्र साव अपने परिवार के साथ पर भाड़े रहता है। जब आग लगी, तब परिवार के लोग घर पर नहीं थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि घर में सुबह पूजा के दौरान पूजा स्थल पर दीया जलाया गया था। इसी दौरान किसी तरह आग लगी होगी। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह के करीब 10 बजे अचानक उसके घर में आग लग गयी। आग से घर का सारा सामान जल कर राख हो गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है।

वहीं सूचना मिलते ही गालूडीह थाना प्रभारी रोशन खाका अपने दल बल के साथ हाटचाली पहुंचे। साथ ही फायर बिग्रेड की गाड़ी तत्काल को सूचना दी गयी। हालांकि स्थानीय लोगों ने हाटचाली के सामने स्थित एक सोलर जलमीनार से पाइप लगा कर पानी की व्यवस्था की गयी और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**विधायक ने डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए शिक्षाविद और बुद्धिजीवियों के साथ की बैठक**

# चयनित स्थल पर ही बनेगा कॉलेज : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड के जिलिंगडूंगरी में स्वीकृत डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए बोड़ाम आदिवासी हाईस्कूल परिसर में क्षेत्र के शिक्षाविद व बुद्धिजीवियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित बैठक में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए।

मौके पर विधायक ने कॉलेज निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने का आश्वासन दिया, जिससे क्षेत्र के लोगों के मन में फैले तरह - तरह के भ्रम को दूर किया गया।मौके पर विधायक ने कहा 16 मार्च 2020 को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बोड़ाम में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए एक ज्ञापन सौंपा गया था। मुख्यमंत्री ने चिंतन मंथन करने के बाद बोड़ाम में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए स्वीकृति दी। स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री को हृदय से आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने बताया कॉलेज निर्माण में विलंब होने पर कोल्हान यूनिवर्सिटी के कुलपति से दो वार मुलाकात कर जल्द ही कॉलेज निर्माण की मांग की गयी। उस दौरान कुलपति से मिली जानकारी के बाद पुनः मुख्यमंत्री से मिल कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। कॉलेज निर्माण की क्लियरेंस करवाकर यूनिवर्सिटी को रिपोर्ट भेजने का काम किया गया। इसके बाद यूनिवर्सिटी, ठेकेदार एवं इंजीनियर ने कोई जानकारी नही दी। बिना जानकारी के स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट भी भेज दिया है। उन्होंने बताया कॉलेज निर्माण में कुलपति, ठेकेदार एवं इंजीनियर के मिलीभगत से बाधा उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा 10 दिनों के अंदर रांची से क्लियरेंस लाकर फरवरी में चयनित स्थल पर ही कॉलेज निर्माण का शिलान्यास किया जायेगा।

विधायक ने कहा कॉलेज शिक्षा का मंदिर है इसपर राजनीति नही होना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के शिक्षाविदों ने बोड़ाम प्रखंड में दो उच्च विद्यालयों का स्वीकृति दिलाने एवं बोड़ाम हाईस्कूल को प्लस टू का दर्जा दिलाने की मांग विधायक से की।

बैठक में पोखोरिया पंसस देवजानी दास ने विधायक से डीमुडीह- पोखोरिया जर्जर सड़क की मरम्मत करने की मांग रखी।

वहीं पार्षद प्रतिनिधि मानिक महतो ने बोड़ाम प्रखंड में अनियमित राशन वितरण की शिकायत विधायक से की। मौके पर टीएसी सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार, शिक्षाविद प्रमथ नाथ मंडल, पार्षद प्रतिनिधि मानिक महतो, पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह,बनमाली बनर्जी, देवजानी दास,श्यामापद महतो, हिमांशु महतो, किशनलाल महतो, दयामय बाउरी, काजल सिंह, विनय मंडल, चंद्रकेतु हेंब्रम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिस्टुपुर तुलसी भवन में सिक्का प्रदर्शनी का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** क्वायन कलेक्टर्स क्लब की ओर से तुलसी भवन बिष्टुपुर में चल रही सिक्का प्रदर्शनी का समापन हो गया। रविवार को समापन समारोह में क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल पटेलनगर, दूसरे स्थान पर एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस के हर्ष रंजन और सिद्धांत सुमन रहे, जबकि तीसरे स्थान पर जुस्को स्कूल कदमा की टीम रही। टीम में अभिनव कुमार और अरिजीत दास शामिल रहे।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्वायन क्लेक्टर्स क्लब के अध्यक्ष वीपी सिन्हा ने कहा कोरोना के बाद यह आयोजन काफी सफल रहा है। बाहर से आए ट्रेडर्स के साथ ही स्थानीय लोगों का भी साथ मिला है। उन्होंने कहा हमारा जोर स्कूल विद्यार्थियों पर है। कोशिश होगी आने वाले साल से सिक्कों के साथ डाक टिकट की प्रदर्शनी भी शुरू होगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स प्रतियोगिता में शामिल हो सके।

श्री सिन्हा ने बताया स्कूली विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए अगले साल से पेंटिंग्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नई पीढ़ी इस आयोजन में काम संभालेंगी। उधर प्रदर्शनी के अंतिम दिन पुराने सिक्कों के साथ विद्यार्थियों में एक हजार के बड़े नोट को देखने का क्रेज रहा। एक हजार के नोट के प्रचलन नहीं होने के बाद स्टूडेंट्स 1975 के एक हजार के बड़े नोट देख रोमांचित रहे। उन्हें लग रहा था इतने बड़े नोट को कैसे हैंडल किया जाता होगा।एसडीएसएम स्कूल के अमन ने बताया एक हजार के बड़े नोट के साथ दो सौ और साढ़े पांच सौ के सिक्के देखना हमारे लिए बिल्कुल नया अनुभव था। उन्होंने कहा देश के पहले गवर्नर जेनरल से लेकर अब तक के गवर्नर जेनरल वाले नोट को देखा। इन नोटों में काफी नॉलेज आया। इससे हमें उस दौर के इतिहास के बारे जानकारी मिला है।

# झारखंड के पहले ओटीटी सिनेमैजिक्स की वेब सीरीज की शूटिंग शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड के पहले ओटीटी सिनेमैजिक्स ने आज एनएच 3 स्थित एक फार्म हाउस में अपनी वेब सीरीज की शूटिंग की शुरुआत की। मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय के साथ झारखंड मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट नंदकुमार सिंह ने पहला शॉट क्लैप किया। झारखंड के पहले ओटीटी सिनेमैजिक्स की पहली वेब सीरीज की रविवार को शूटिंग शुरू हुई। यह वेब सीरीज एक सस्पेंस थ्रिलर है। सिनेमैजिक्स ओटीटी को राजीव सिंह एवं विकास विप्लव की टीम ने डेवलप किया है। झारखंड की प्रतिभाओं को उचित मंच मुहैया कराने के लिए इस ओटीटी प्लेटफार्म को लांच किया गया है। इस वेब सीरीज के प्रोड्यूसर एवं डायरेक्टर राजीव सिंह हैं, जबकि डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी अनिमेष सिंह एवं लाइन प्रोड्यूसर सह पीआरओ राजू मित्रा हैं। पूरे छह एपिसोड वाली इस वेब सीरीज को देखने के लिए सिनेमैजिक एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना पड़ेगा। विकास विप्लव ने इस ओटीटी को क्रिएट किया है। इसके एसिस्टेंट डायरेक्टर सौरभ पात्रा हैं। सीरीज की पूरी शूटिंग झारखंड के अलग-अलग लोकेशंस पर ही होगी, जबकि इसके सारे कलाकार भी झारखंड के ही है। इसमें मुख्य कलाकार के रूप में संजय दत्ता, सैकत चटर्जी, अनीता सिंह, अल्विया सिंह, श्वेता सिंह, सुशांत सहित अन्य कलाकार शामिल हो रहे हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



**शोक : पूर्व स्वास्थ्य मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के पार्थिव शरीर पर हजारों लोगों ने फूल-माला चढ़ाकर नम आंखों से दी विदाई**

# सोन नदी के तट पर राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**अंतिम संस्कार में गढ़वा डीसी एसपी के अलावा जिला एवं पुलिस प्रशासन के कई पदाधिकारी हुए शामिल**

रविकांत चंद्रवंशी

**गढ़वा/केतार।** झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती का पार्थिव शरीर परसोडीह पहुंचते ही कोहराम मच गया। उनके पार्थिव शरीर के देखने के लिए आसपास के गांव के हजारों लोग उपस्थित हुए। उनका अंतिम दर्शन कर फूल माला चढ़ाकर परसोडीह से अंतिम विदा किया। उसके उपरांत उनके पैतृक गांव का कधवन पहुंचा। आसपास के गांव के हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम दर्शन कर विदा किया। पूर्व मंत्री का अंतिम संस्कार सोन नदी के तट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता शामिल हुई। शव पहुंचते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी दल के नेता उनकी श्रद्धांजलि में शामिल हुए। अंतिम संस्कार में गढ़वा डीसी, एसपी के अलावा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के कई पदाधिकारी शामिल हुए।

झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही के पिता हेमेंद्र प्रताप देहाती का शनिवार शाम रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया था। सांस लेने में तकलीफ और यूरिन की समस्या के बाद उन्हें रांची के रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। पिछले करीब 30 दिनों से उनका इलाज रांची में चल रहा था। स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उन्होंने शनिवार की शाम अंतिम सांस ली।

लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती का जन्म 9 मार्च 1932 शिवपुर थाना जिला पलामू में हुआ था। उनकी माता का नाम राज कुंवर और पिता का नाम फनेंद्र नाथ शाही था। हेमेंद्र प्रताप देहाती के तीन पुत्र और दो पुत्रियां हुईं। दो पुत्र की अकाल मृत्यु हो गई और तीसरा पुत्र भानु प्रताप शाही हैं, जो भवनाथपुर विधानसभा के वर्तमान विधायक हैं। लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती का शुरुआती जीवन संघर्ष भरा रहा। 10 वर्षों तक उन्होंने परसोडीह पंचायत के मुखिया बनकर जनता की सेवा की थी। इसके बाद 1969 में मध्यावधि चुनाव में विधायक बने। 1969 से 1972 तक विधायक रहे। मधु कोड़ा सरकार में चार माह के लिए स्वास्थ्य मंत्री भी बने थे।

सोन नदी के तट पर राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। बड़ी संख्या में लोग उनके दाह संस्कार में शामिल हुए। शव पहुंचते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी दल के नेता उनके श्रद्धांजलि में शामिल हुए। गढ़वा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुआ।




अंतिम यात्रा में शामिल भीड़ तथा पिता की अर्थी को कंधा देते विधायक भानु प्रताप देहाती व अन्य




अंतिम सलामी देते पुलिस के जवान तथा मौके पर मौजूद डीसी-एसपी एवं अन्य

## केसीसी ऋण माफी योजना को लेकर प्रखंड परिसर में शिविर का आयोजन आज

**मेराल (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड सरकार के कृषि ऋण माफी योजना को लेकर सोमवार को प्रखंड परिसर में 11 पंचायतों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कृषि विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैंक के अधिकारी तथा प्रज्ञा केंद्र के संचालक एक साथ बैठकर ई केवाईसी का कार्य करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए बीटीएम अजय साहू ने बताया कि बीडीओ प्रवेश कुमार साव के निर्देश पर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने प्रखंड के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी, मेराल पश्चिमी, गेरुआ, हासनदाग, करकोमा, बाना, गोंदा, तेनार, संगबरिया, पढुआ तथा अरंगी पंचायत के कृषक बंधुओं से अपने साथ आधार, बैंक पास बुक की छाया प्रति, राशन कार्ड एवं अपना मोबाइल नंबर लेकर कैंप में आने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वैसे कृषक जो 31 मार्च 2020 से पूर्व बैंक से कृषि ऋण लिए हैं एवं उनका स्टैंडर्ड अकाउंट है, उन कृषक बंधुओं की सूची प्रज्ञा केंद्र संचालक एवं कृषक मित्र के पास उपलब्ध है। उन्ही कृषक बंधुओं को प्रखंड कार्यालय में ईकेवाईसी किया जाएगा। उन्होंने संबंधित पंचायत के कृषक मित्र तथा प्रज्ञा केंद्र संचालक को अपना लैपटॉप के साथ कल 11 बजे तक हर हाल में शिविर में पहुंचने का आग्रह किया है। साथ ही कहा है कि अपने पंचायत की सूची अलग कर सभी पंचायत प्रतिनिधि, कृषक मित्र को अभी उपलब्ध करा दें, ताकि कोई भी व्यक्ति 50 हजार तक के ऋण माफी का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। डीएम ने बताया कि 21 जनवरी तक ही इसे अभियान मोड में करके सूचीबद्ध किसानों को ऋण माफी का लाभ दिलाना है।

## राशन नहीं मिलने की ग्रामीणों की शिकायत पर मुखिया ने जविप्र दुकान पहुंचकर मामले की जांच की

**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंडअंतर्गत कटहर कलां पंचायत के दर्जनों दर्जनों ग्रामीणों ने रविवार को कटहर कलां पंचायत की मुखिया कलावती देवी को आवेदन सौपकर डीलर किरण देवी के खिलाफ नंबर और दिसंबर महीना का अंगूठा लगवाकर कार्डधारियों को राशन नही देने का शिकायत मिलने पर मुखिया कलावती देवी ने तत्काल जनवितरण प्रणाली दुकान पर पहुच कर मामलें का जांच पड़ताल किया । जांच पड़ताल के दौरान डीलर द्वारा नंबर महीना का राशन कुछ कार्डधारकों के बीच बितरण किया गया और कुछ लाभुकों को नही राशन बितरण किया गया है। जबकि दिसंबर महीना का एक एक कार्डधारियो को राशन नही बितरण करने का मामला सामने आया है।इस दौरान मुखिया कलावती देवी ने कड़ी फटकार लगाते हुए डीलर किरण देवी से पूछ ताछ कि तो डीलर किरण देवी ने कहा कि कार्डधारकों से दिसंबर महीना का अंगूठा लगवा लिया गया है। दिसंबर महीना का राशन नही लाया गया है राशन लाते ही लाभुकों के बीच वितरण कर दिया जाएगा।मुखिया फटकार लगाते हुए कहा की 12 जनवरी तक सभी कार्डधारकों को राशन वितरण करने का निर्देश दिया है।और उन्होंने कहा अगले बार से ऐसा हरकत कदा बर्दाश नही किया नाएगा अगर ऐसा फिर ग्रामीणों का शिकायत मिला तो कानूनी करवाई किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम,अरविंद यादव, मुनि देवी, राजेन्द्र पासवान, गया उरांव, सहित सभी पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

**मेराल (आजाद सिपाही)।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ शाखा मेराल द्वारा आनंद मार्ग आश्रम परिसर में रविवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा श्री श्री आनंदमूर्ति की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। आचार्य अवनिद्रानंद अवधुत ने कहा निस्वार्थ भाव रखते हुए समाज हित में लगातार कार्य करना ही मानव जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मुखिया रामसागर महतो ने आनंद मार्ग रिलीफ यूनिवर्सल टीम के सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सेवा में लगे रहते हैं। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय भगत ने कहा कि आनंदमार्गियों के निस्वार्थ सेवा कार्य अन्य लोगों को सेवा कार्य के लिए प्रेरित प्रेरित करती है। कार्यक्रम को डॉ रामानुज प्रसाद बीडीसी छाया कुमारी, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, धर्मेंद्र देव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद मार्ग प्रचारक संघ मेराल के शाखा सचिव डॉ लाल मोहन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजमोहन, रंजीत कुमार, देवीशरण गुप्ता, एसके ठाकुर, अनुज कुमार, कैलाश सोनी, अमरनाथ कुमार, मनोज कुमार, अवधेश कुमार, श्यामलाल कुमार, मदन यादव, आरती देवी, निर्मला देवी, अनुपमा देव, रीमा देवी, तरुण, गार्गी, तरुण आदि शामिल थे।

## एनआरएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ 16 जनवरी को करेगा मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**17 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का लिया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य एनआरएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ के गढ़वा इकाई की बैठक रविवार को सदर अस्पताल परिसर में हुई। बैठक में संघ की प्रमुख मांगों को लेकर 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव और 17 जनवरी को अनिश्चितकालीन हड़ताल राजभवन के पास करने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड राज्य अनुबंधित एनआरएचएम संघ एवं पारा चिकित्सा कर्मी संघ के जिला अध्यक्ष संगीता कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 15 वर्षों से कार्यरत एनएचएम एएनएम जीएनएम एवं अनुबंध कर्मियों को पारा मेडिकल नियमावली 2018 में संशोधन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी पारा मेडिकल कर्मियों का वर्ष 2014 की तर्ज पर विभागीय नियमितीकरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में बरसों से सभी कर्मी पूरी लगन के साथ कार्य कर रहे हैं लेकिन कार्य के अनुकूल सरकार द्वारा उन्हें नियमितीकरण नहीं किया जा रहा है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पारा मेडिकल 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए स्वास्थ्य विभाग में एएनएम, जीएनएम एवं अन्य पारा मेडिकल कर्मियों को विभागीय नियमितीकरण 2014 की तर्ज पर कार्य अनुभव को देखते हुए अविलंब किया जाना आवश्यक है। मांग को लेकर लगातार आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती है तब तक आंदोलन के लिए बने रहेंगे।



बैठक में विजय राम, रीना देवी, कांति तिथि, संजू कुमारी, रंभा कुमारी, वर्षा कुमारी, पूजा प्रकाश, चंचल प्रकाश, संगीता कुमारी, सरिता सिंह, अनुपम कुमारी, प्रीति कुमारी, सुमन, शांति कुमारी, कविता कुमारी, संगम कुमारी, मीना कुमारी, जयंती कुमारी, शारदा कुमार, रितु कुमारी, दुर्गा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जल्द ही तेंदुआ हमारी गिरफ्त में होगा : आरसीसीएफ

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** गढ़वा वन विभाग के आरसीसीएफ कुमार आशुतोष सीसीएफ दिलीप यादव, डीएफओ शशि कुमार ने रविवार को रमकंडा पंडरिया में घटित घटनास्थल का मुआयना किया तथा वन विभाग विश्राम अगर परिसर में आकर वन कर्मियों के साथ मंत्रणा की ।साथ ही कई तरह के दिशा निर्देश दिया। जानकारी देते हुए आरसीसीफ कुमार आशुतोष ने कहा कि आज हम लोगों के द्वारा रमकंडा वह बेरिया रोदो गांव में जाकर निरीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों के द्वारा देखे गई जगह पर चार्ज केज लगाए गए हैं। सभी केजो में सूअर को बांध दिया गया है। वहां पर मचान बनाया जा रहा है। जल्द ही तेंदुआ हमारी गिरफ्त में होगा। सी एफ दिलीप यादव ने कहा कि तेंदुआ को पकड़ने के लिए हमारे वन कर्मी वन क्षेत्र पदाधिकारी सहित एक्सपर्ट लोग लगे हुए हैं तेंदुए का अभी जो लास्ट लोकेशन है वह रमकंडा के आसपास है। मौके पर वन क्षेत्र अधिकारी कन्हैया राम, वन कर्मी आनन्द कुमार, कमलेश, तुसार, अंकित समेत अन्य वन कर्मी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : एआईएमआईएम पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अंसारी ने कहा**

## दबे-कुचले लोगों को आत्मनिर्भर बनाना पार्टी का उद्देश्य

**पार्टी की विचारधाराओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए बूथ कमेटी, पंचायत कमेटी व प्रखंड कमेटी का किया गया है गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** कचहरी रोड स्थित कार्यालय में ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अंसारी ने की। इस बैठक में पार्टी के काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अंसारी ने कहा कि इस पार्टी की विचारधाराओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए बूथ कमेटी, पंचायत कमेटी व प्रखंड कमेटी का गठन किया गया है। इस पार्टी का मुख्य उद्देश्य मुसलमानों, दलितों अल्पसंख्यकों सहित दबे-कुचले लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले 70 वर्षों का चुनावी इतिहास रहा है कि जब तक किसी समाज की भागीदारी व साझेदारी सत्ता में नहीं होगी। उस समाज का विकास संभव नहीं है। झारखंड की वर्तमान सरकार हर प्लेटफार्म पर पूरी तरह से धराशायी हो चुकी है। झारखंड प्रदेश भगवान भरोसे चल रहा है। इस प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है। प्रतिदिन दुष्कर्म सहित अन्य घटनाएं घट रही हैं। लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व चिनिया प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य अयूब मंसूरी की हत्या कर दी गई थी। यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजन जब किसी नेता के पास उक्त घटना के उदभेदन को लेकर गए तो उन्हें डांट कर भगा दिया गया। यह कहां का न्याय है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में विभिन्न पार्टी के 200 लोगों ने ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन कमेटी के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में विभिन्न पार्टियों के 200 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों को प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अंसारी एवम पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ एम एन खान ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान राजद के वरिष्ठ नेता डॉ एम एन सिद्दीकी ने भी ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन कमेटी की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख लोगों में मोहन भुइयां, कपिलदेव भुइयां, विकास भुइयां, सुदामा कुमार रवि, पूरन भुइयां, दिलीप भुइयां, हरिराम, रामचंद्र साव, नौशाद खान, असगर खान ,खुर्शीद खान, अशरफ अंसारी, सौरभ सिंह, गुड्डू मंसूरी, हुसैन मंसूरी, सद्दाम मंसूरी, विजय सिंह, राहुल खान, मेराज आलम सुनील सिंह आदि के नाम शामिल है।

## नहीं रहे गरीबों के मसीहा समाजवादी नेता लाल हेमेन्द्र प्रताप देहाती

# हक हुकूक के लिए आंदोलन ही जीवन था पूर्व विधायक हेमेंद्र प्रताप देहाती का



### कौन थे लाल हेमेन्द्र प्रताप देहाती?

पारिवारिक बंधन में जो व्यक्ति बंधा रहता है वह कभी जनता की सेवा तन मन धन से नहीं कर सकता है। झारखंड़ की इस पावन धरती में अनेक योद्धाओं के साथ साथ जनप्रतिनिधि भी हुए है । जिनकी ईमानदारी, त्याग, तपस्या और मानवसेवा के कारण उनके नामों को देश के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा जाना चाहिए। उन्हीं में से एक है अपना सारा जीवन गरीबों एवं जनता के सेवा में लगा देने वाले हेमेंद्र प्रताप देहाती जी। इनका जन्म आजादी के ठीक 15 वर्ष पहले 1932 में सोनपुरा राजपरिवार भवनाथपुर के परसोडीह पलामू में हुआ था। जब ये सात साल के थे उसी वक्त उनको यह एहसास हो गया था कि जो व्यक्ति परिवार के साथ घनिष्ठ संबंध रखता है जीवन के अंतिम समय पर प्राण त्यागने के समय उसे बहुत कष्ट होता है। प्राण जल्द शरीर से नहीं निकलता है। जो व्यक्ति परिवार के मोह को त्याग कर बैराग्य जीवन जीता है उसकी मृत्यु उतनी आसानी से होती है। आज इस लेख के माध्यम से जानने की कोशिश करेंगे ऐसे त्यागी, तपस्वी, हठी समाजसेवी श्री हेमेंद्र प्रताप देहाती जी के बारे में।

**शत शत नमन**
**विनम्र श्रद्धांजलि**



**सूरज नाथ शाहदेव**
स्वतंत्र स्तम्भकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

हेमेंद्र प्रताप देहाती जी का जन्म सोनपुरा राजपरिवार में हुआ था। पिता का नाम थानेंद्र नाथ शाही माता का नाम उटीम राजकुंवर था। बचपन में उन्हें किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हुई। घर में नौकर चाकर 24 घंटे उनकी सेवा में लगे हुए रहते थे। माता-पिता के लाडले पुत्र थे। श्री देहाती की शिक्षा दीक्षा घर पर हुई थी। वे कभी स्कूल नहीं गये थे बल्कि उनको काशी लाल श्रीवास्तव, बच्चा सिंह, खैरवा चंद्रिका सिंह जैसे गुरु उनको घर पर ही पढ़ाने आते थे। श्री देहाती बचपन में पूरी गंवई वाला जीवन जीते थे। अपने दोस्तों के साथ खेलना और समय बिताना उनकी दिनचर्या में शामिल था। वो बचपन से ही मिलनसार, मृदु भाषी एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे। दूसरों को दुख या तकलीप में नहीं देख सकते थे। श्री देहाती बताते हैं कि उनको बचपन से ही शिकार करने का बहुत शौक था। वो अक्सर अपने नौकर चाकर के साथ जंगलों में शिकार खेलने चला जाये करते थे।

श्री देहाती जी का विवाह 1949 में पटना के लखनपाल गांव की एक कन्या से हुई। जिस वर्ष उनकी शादी हुई थी श्री देहाती जी उसी वर्ष राजनीति के क्षेत्र में एक नये जीवन की पारी की शुरुआत किये थे। वे संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य बन गए। फिर देखते ही देखते वे पार्टी के पूर्णकालिक सदस्य बन गए। आज श्री देहाती के दो पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं। उनके बड़े पुत्र स्व. रामशंकर शाही जी का देहांत एक बीमारी के कारण हो चुका है। दूसरे बेटे भानु प्रताप शाही जी वर्तमान में भाजपा के सदस्य हैं एवं भवनाथपुर से विधायक है। दोनों बेटियों की शादी यूपी में एक बिजनेस परिवार में की गई है। अभी दोनों बेटी अपने परिवार के साथ खुशाहाल जीवन जी रहे हैं।

### देहाती जी का राजनीतिक सफर

श्री हेमेंद्र प्रताप देहाती जी की राजनीतिक सफर तो 1949 में शुरू हो चुकी थी। साल 1958 में पार्टी एवम उस क्षेत्र की जनता की मांग पर वे पंचायत चुनाव लड़ते हैं और भारी मतों से चुनाव जीत जाते हैं। वे 1958 से लेकर 1969 तक परसोडीह पंचायत के मुखिया रहे थे। ये 1962 के विधानसभा चुनाव में भाग लेते हैं। उस समय ये मोटरसाइकिल से ही ये चुनाव प्रचार करते थे। इनके पास चार पहिया वाहन नहीं था। इनके समर्थक कंधे पर बैटरी और लाउडस्पीकर ढोकर ले जाया करते थे। ये चुनाव हार जाते हैं। इनको मात्र 1300 वोट प्राप्त हुए और 2000 रु. खर्च हुए। इनको बहुत ही शर्म महसूस हुई। फिर 1967 के चुनाव में ये फिर से भाग लेते हैं। इस बार 6000 रु. वहां की जनता ने चंदा के रूप में इन्हें दिये थे। उसी पैसे से वे बेहतर तरीके से चुनाव लड़े थे लेकिन चुनाव फिर से हार गए। इनको कुल 18000 वोट प्राप्त हुए। इस बार इनका मनोबल बढ़ा। पार्टी का भी विश्वास इन पर बढ़ा। फिर 1967 में पलामू में भीषण आकाल एवं सूखा पडा था। पूरे पलामू में त्राहिमाम त्राहिमाम होने लगा। लोगों की भूख और प्यास से जान जाने लगी। लगभग 10 हजार लोग इस अकाल में मारे गए। श्री देहाती लोगों की मदद में दिन-रात लगे रहे। वे अपने पैसा और अन्न से जनता की सेवा में दिन रात लगे रहे। वो कहते हैं कि उस समय चापाकल और सिंचाई के लिए पंप का झारखंड़ में प्रयोग नहीं होता था। लोग रेहड़ से ही सिंचाई का काम किया करते थे। जब पलामू में अकाल पड़ा था उसी समय झारखंड में चापाकल एवं सिंचाई के लिए पंप का प्रयोग शुरू हुआ। वे बताते हैं कि अकाल के समय गिधौर, मुंगेर राजपरिवार के सदस्य कुमार सुरेश सिंह जी रांची के कमिश्नर थे एवं जीपी मल्लिक एसडीओ थे उन दोनों ने ही आकाल में काफी मदद की। उनके योगदान को वे कभी नहीं भूले। अकाल के समय पूरी दुनियां से लोगों की मदद की गई थी। अमेरिका से गेहूं, मुस्लिम देशों से खजूर तो भारत के पड़ोसी देशों से चावल मदद के रूप में भेजी गई थी। गुजरात के रणछोड़ बाबा की तरफ से एक लाख लोगों को एक साल तक भोजन कराया गया था। श्री देहाती इन समाजिक कार्यकर्ताओं एवं सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर दिन रात असहाय, गरीब, भूखे बच्चे, महिलाओं एवं पुरुषों की बिना किसी भेदभाव के मदद करते रहे। अकाल के समय एवं उनके मुखिया के कार्यकाल के समय समाजसेवा, त्याग, तपस्या एवं मेहनत को देखते हुए ही पार्टी ने उन्हें 1969 का विधानसभा का जब उपचुनाव हुआ तो भवनाथपुर से फिर से उम्मीदवार बनाया। भवनाथपुर की जनता ने इस बार कोई गलती नहीं की और इनके पक्ष में खुल कर मतदान किया और ये चुनाव जीत गए। इस बार इनके पास 8000 रु. थे और इन्होंने 8000 रुपये लोगों से चंदा करके उठाये थे, कुल 16000 रु में ही चुनाव लड़े और इन्हें 22076 वोट मिले और कांग्रेस के उम्मीदवार नगर उण्टारी स्टेट के राजा शंकर प्रताप देव को 6000 मतों से शिकस्त देने में सफल हो गए। श्री देहाती जी को भारी मतों से अपना विधायक के रूप में जनप्रतिनिधि चुना और पलामू की आवाज बनाकर लोकतंत्र के मंदिर बिहार विधानसभा में भेजा गया था और इन्होंने पलामू की जनता को निराश भी नहीं किया। सयुंक्त सोशलिस्ट पार्टी साधनविहीन पार्टी थी अतः भवनाथपुर चुनाव जीतने के बाद हेमेंद्र प्रताप देहाती जी की चर्चा पूरे बिहार में होने लगी।

(जारी)

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## पत्नी की हत्या कर फरार पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू थाना क्षेत्र के डमारी गांव में शनिवार को मामूली विवाद के बाद पत्नी की हत्या कर फरार युवक को 24 घंटे के भीतर पुलिस ने ताऊ मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम अशोक कुमार महतो है। उसने पूछताछ के दौरान पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि आपसी विवाद के दौरान क्रोध में आकर उसने पत्नी की हत्या कर दी। बताते चलें कि शनिवार की रात गांव के एक घर में मृत्यु भोज खाने गई महिला जब वाहस लौटी तो किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया। जिसके बाद नाराज पति ने धारदार चाकू से मारकर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद अपने दोनों बच्चों को अपने पिता रतनलाल महतो के पास पहुंचा कर भाग गया था।

## पंचपरगानिया भाषा के विकास के लिए सभी को मिल कर करना होगा प्रयास : राम दुर्लभ

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू पंचपरगानिया भाषा विकास समिति के तत्वाधान मे रविवार को बुंडू स्थित सूर्य मंदिर परिसर में वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ गोविंद महतो ने की। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी राम दुर्लभ सिंह मुंडा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पंचपरगनिया भाषा के विकास के लिए सभी लोगों को आगे आने का आह्वान किया। समिति के सचिव डॉ करम चंद्र अहीर ने छात्रों से जिला विस्तार आंदोलन में पंचपरगनिया भाषा को भी पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, हजारीबाग आदि जिलों में मान्यता देने की मांग की। इस मौके पर स्नातकोत्तर पंचपरगनिया विभाग रांची विश्वविद्यालय, स्नातकोत्तर और स्नातक पंचपरगनिया विभाग डीएसपीएमयू रांची, डोरोंडा कॉलेज रांची, पीपीके कॉलेज बुंडू, सिल्ली कॉलेज सिल्ली के छात्र-छात्राओं और पंचपरगनिया भाषा प्रेमी के लोगों द्वारा टुसू गीत व भादर गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ गोविन्द महतो, डॉ अंबिका स्वांसी, डॉ भूतनाथ प्रमाणिक, डॉ दिनबंधु महतो, विद्यासागर यादव, डॉ परान किशोर सिंह, राजकिशोर स्वांसी, पुरेन्द्र अहीर, डॉ नरेंद्र दास, डॉ बासुदेव महतो, कृष्णा सिंह मुंडा, अमित पातर, लक्ष्मीकांत प्रामाणिक, हलधर अहीर, सुरेश चंद्र महतो, पंकज महतो, सहदेव महतो, रुपेश कुमार, मुकेश कुमार, सुदर्शन अहीर, हेमंत अहीर, आदि अनेक पंचपरगनिया भाषा प्रेमी तथा कला प्रेमी मौजूद थे।

## सोनाहातू में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भाजपा कार्यालय में रविवार को कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी ने की। जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष जलेन्द्र कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष सह सोनाहातू प्रभारी लक्ष्मण मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। जलेंद्र कुमार ने बूथ कमेटी को सक्रिय करने पर जोर दिया। कहा कि सभी बूथों में मजबूत बूथ कमेटी का गठन 15 जनवरी तक कर लें। साथ ही शक्ति केंद्र में अध्यक्ष का चयन करने को कहा। मौके पर ज्योति प्रसाद, इंद्रजीत महतो, परीक्षित मंडल, बानेश्वर महतो, श्रीपति महतो, धीरेंद्र महतो, वासुदेव भगत, भुनेश्वर महतो, खगेश महतो, नरेश महतो आदि थे।

## भाजपा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर तक मजबूत करने का निर्णय



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भाजपा बुंडू मंडल ग्रामीण कार्यसमिति की बैठक रविवार को अध्यक्ष धीरेन महतो के आवास पर हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला उपाध्यक्ष सह बुंडू मंडल ग्रामीण प्रभारी प्रभु दयाल बड़ाईक उपस्थित थे।

इस कार्यसमिति में निर्णय लिया गया कि बूथ कमेटी का मजबूती करण एवं पार्टी के विचारों को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर चौधरी महतो, विनय जायसवाल, गणेश कुम्हार, गुप्तेश्वर प्रसाद, राजीव मुंडा, जमील अंसारी, कमरुज्जमा, शिवलाल महतो, परमेश्वर महतो, बंटी चौधरी, प्रफुल्ल महतो, भावतारण महतो, भोलानाथ महतो, दुर्योधन महतो, महावीर स्वासी, सहदेव महतो, राजेश कर्मकार, एनामुल अंसारी, सखी देवी, संपूर्णी देवी, लक्ष्मण महतो, लक्ष्मी नारायण महतो, आनंद जयसवाल, सौरभ अधिकारी, सोमा उरांव, रंजीत महतो, हरीश चंद्र महतो, सतनारायण मुंडा, अंगद स्वासी, सुखदेव मुंडा. बुधराम स्वासी, शिबू महतो आदि थे।

## सिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा आज पूर्व मंत्री करेंगे पदयात्रा का शुभारंभ

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन सोमवार को 11 बजे से सिल्लीडीह से झारखंड मोड़ तक आयोजित किया जाएगा। भारत जोड़ो पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं व समर्थकों को शामिल होने का आह्वान किया गया है। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा की पूर्ण रूप से तैयारी हो चुकी है।

## भोलवा टुंगरी मेला समिति की बैठक में 21 को मेले का आयोजन करने का लिया गया निर्णय

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली भोलवा टुंगरी मेला समिति की एक बैठक रविवार को मेला परिसर स्थित मैदान में हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया लालू उरांव ने की। बैठक का संचालन फारूक मोमिन ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 21 जनवरी को मेला आयोजित करने का का निर्णय लिया गया। मेले में फुटबॉल टूर्नामेंट, महिला पाता नाच, मुर्गा लड़ाई आदि कार्यक्रम का निर्णय लिया गया। मेले के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सुभाष महतो को संयोजक, विकास महतो को अध्यक्ष, हराधन महतो, मनोहर महतो विशाल महतो एवं चांद हुसैन को उपाध्यक्ष, शिशुपाल महतो को सचिव, खेल प्रभारी वंशीधर उरांव एवं धीरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से समस्याओं का निवारण की अपील

# खूंटी जिले में समस्याओं को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे कांग्रेसी

## समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा और उग्र आंदोलन : कालीचरण मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



समस्याओं के निवारण की मांग को लेकर धरने पर बैठे कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

**खूंटी।** जिला मुख्यालय में बाईपास सड़क निर्माण, अनियमित विद्युतापूर्ति में सुधार सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों के समाधान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता रविवार को अपनी ही गठबंधन सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए। शहर के प्रमुख भगत सिंह चौक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और खूंटी के सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा से शहर के ज्वलंत मुद्दों का जल्द निवारण करने का अनुरोध किया। धरने में बैठे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि इन मुद्दों का जल्द से जल्द निवारण नहीं किया गया, तो जिला कांग्रेस कमेटी और उग्र प्रदर्शन करेगा। धरने में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा, खूंटी विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अरुण सांगा, शशिकांत होरो, रविकांत मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, गोपाल भगत, गुलाम गौस, डॉ अनिल बड़ाईक, सुशील सांगा, मरियम आईंद, मीनाक्षी तोपनो, कैसर खान, सुनीता गोप, पुरुषोत्तम राम गौंझू, सोहैल अंसारी, गुलीट मिश्रा, विक्की स्वांसी, फिरोज आलम, लव भगत, अनिता कुमारी, अनमोल धान, कैलाश मुंडा, उस्मान खान, सामाजिक कार्यकर्ता मार्शल बारला आदि शामिल थे। मंच संचालन देवजीत देवघरिया व धन्यवाद ज्ञापन विल्सन तोपनो ने किया।

## सीएफटीयूआइ के राज्यव्यापी श्रमिक संपर्क अभियान की शुरुआत

**खलारी (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय श्रमिक संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ फ्री ट्रेड यूनियन्स ऑफ इंडिया के राज्यव्यापी श्रमिक सम्पर्क अभियान का शुभारंभ रविवार को हुआ। राज्यव्यापी श्रमिक संपर्क अभियान ब्राम्बे, रांची से संगठन के प्रदेश कोआर्डिनेटर भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि सीएफटीयूआई का किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। वर्तमान समय में दिहाड़ी मजदूरों का जीवन स्तर बहुत ही खराब है। राज्य और केंद्र सरकारों के कल्याणकारी योजनाओं की मजदूरों को कोई जानकारी नहीं है। जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं का लाभ गरीब मजदूर नहीं ले पा रहे हैं। कहा कि झारखंड के मजदूरों के साथ अन्य राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में शोषण होता है।

## एक-दूसरे के काम में नहीं करेंगे हस्तक्षेप : अब्दुल

**स्थानीय संवेदक संघ का वनभोज सह मिलन समारोह सपही नदी में हुआ संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत ठेकेदारी करने वाले स्थानीय, विस्थापित प्रभावित लोगों के लिए स्थानीय संवेदक संघ द्वारा सपही नदी तट पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अब्दुल अंसारी एवं संचालन जितेन्द्र कुमार ने किया। इस समारोह में उपस्थित सभी संवेदकों द्वारा ठेकेदारी कार्य में टेंडर की प्रक्रिया में आपसी प्रतिस्पर्धा को खत्म करने की बात हुई। बैठक में सभी ने एक स्वर में प्रतिस्पर्धा के तहत एक-दूसरे के काम में हस्तक्षेप नहीं करने पर सहमति जताई। इसके अलावे स्थानीय संवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर काम देने, ग्रामीण क्षेत्रों में सीएसआर के तहत होने वाले कार्यों में स्थानीय संवेदको की प्राथमिकता उपलब्ध कराने सहित कई बातों पर विचार विमर्श किया गया एवं सभी संवेदको से एकजुट होने की अपील की गई। बैठक के बाद उपस्थित सभी संवेदकों ने सामूहिक रूप से वनभोज का आनंद लिया। वनभोज सह मिलन समारोह में मुख्य रूप से अर्जुन महतो, जानकी महतो, महेश प्रसाद, राजेन्द्र साव, हदीश अली, सुरैश महतो, खुर्शीद अंसारी, अरूण उरांव, महेन्द्र महतो, विकास महतो, राजू साव, सोनू गुप्ता, रमेश महतो, नरेश महतो, प्रदीप महतो, महेश महतो, नागेश्वर महतो, दिनेश महतो, रोहित केसरी, बिनोद उरांव, बीके महतो, श्रवण महतो, कामेश्वर महतो, सुरेश महतो, धनंजय महतो, मुकेश महतो, सुरेन्द्र करमाली, संतोष महतो, बाबूलाल कुमार, दीपक कुमार, सनोज महतो, मोहन महतो, जुगेश्वर पटेल, दिलेश्वर महतो, सोहर महतो, जलेश्वर यादव, तेजनाथ महतो, निर्मल महतो, परमेश्वर महतो लक्ष्मण मंडल, गोविंद उरांव, बिजली महतो, दिनेश महतो, राजेश महतो, निकेत कुमार, मनकु महतो, नागो महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## देश की आजादी में शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का रहा अहम योगदान : इकबाल हुसैन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में रविवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस मनायी गयी। वहीं, बहेरा, बचरा, कल्याणपूर और न्युमंगरदाहा में शहादत दिवस पर कुरानखानी व फातेहा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शेख भिखारी के इशाले शवाब के लिये कुरान खानी एवं दुवा की गई। मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने जंग ऐ आजादी में देश के लिए कुर्बानी देने वाले वीर सपूत शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि दोनों वीर शहीदों ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे। शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह ने देश की आजादी के लिए अपनी कुर्बानी दी है। उसके शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस कार्यक्रम में कारी रेयसात, मोहम्मद जूलफान, हाफिज सफीक, आजाद, नौशाद आलम, मोहम्मद फिरोज, सदिक मियां, मोहम्मद गुफरान, मोहम्मद सफिक आदि मौजूद थे।

## खलारी झामुमो की बैठक में 11 को शिबू सोरेन का जन्मदिन धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



**खलारी(आजाद सिपाही)।** करकट्टा स्थित झामुमो प्रखंड कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने की। बैठक में 11 जनवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का जन्मदिन धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बताया कि इस दिन झामुमो खलारी की ओर से एक अभियान की शुरूआत की जाएगी जिसमें प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से अभी तक लाभावितं नहीं हुए लोगों को पंचायत स्तर पर चिन्हित किया जाएगा एवं उन्हें झामुमो हर कदम पर सहयोग कर प्रखंड मुख्यालय से लाभान्वित कराने का प्रयास करेगा। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष नंदू मेहता, प्रखंड सचिव महेंद्र चौहान, सह सचिव चितरंजन सिंह, मुकेश यादव, उपाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह, कलाम रिजवी, सुभाष प्रजापति, मीडिया प्रभारी विशाल पासवान, कार्यालय सचिव छोटू राम, कार्यकारिणी सदस्य विक्की मुंडा, मायापुर पंचायत सचिव दिलीप यादव, चुरी दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष अजय मुंडा, गोपाल सिंह आदि थे।

### मुड़मा में आयोजित रांची जिला मुखिया संघ की बैठक में लिया गया निर्णय

# शिवरत मुंडा बने जिला मुखिया संघ के उप सचिव

**पुतुल देवी और तेजी किस्पोट्टा को बनाया गया सदस्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



जिला मुखिया संघ की बैठक में उपस्थित मुखियागण।

**खलारी।** हुटाप पंचायत के मुखिया शिवरत मुंडा को जिला मुखिया संघ का उप सचिव बनाया गया है। इसे लेकर मुड़मा में रांची जिला मुखिया संघ की बैठक आयोजित हुई। जिसमें हुटाप मुखिया शिवरत मुंडा को जिला उपसचिव चुना गया। इसके अलावा सक्रिय सदस्य में मुखिया तेजी किस्पोट्टा एवं मुखिया पुतुल देवी को बनाया गया है। जिला मुखिया संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य बनाये जाने पर खलारी प्रखंड के मुखिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। खलारी मुखिया संघ के अध्यक्ष पुतुल देवी ने बताया कि इस बैठक में झारखंड वित्त आयोग का गठन करने, त्रिस्तरीय प्रतिनिधियों को उचित मानदेय देने, पंचायतीराज के किसी भी पद के प्रतिनिधियों के पदासीन रहते हुए मृत्यु होने पर परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने, सभी 29 विभागों का पूर्णरूपेण अधिकार देने की मांग की गई। बैठक में खलारी प्रखंड से मुखिया दीपमाला कुमारी, ललिता देवी, शांति देवी, पुष्पा खलखो, सुनीता देवी, मलका मुंडा, शिवनाथ मुंडा उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बेदिया-मांझी मुद्दे को लेकर झारखंड स्तरीय आंदोलन तेज करने का लिया गया निर्णय

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** बेदिया विकास परिषद् सिल्ली प्रखंड की बैठक रविवार को बनुवाडीह गांव में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता युगेश्वर मांझी और संचालन त्रिदेव बेदिया ने किया। बैठक में बेदिया विकास परिषद् झारखंड के महासचिव रामफल बेदिया, अध्यक्ष-शंकर बेदिया, सरंक्षक देवकी नंदन, कोषाध्यक्ष गोबिंद बेदिया, परिषद् के सदस्य-रामानंद बेदिया शामिल थे। बैठक में बेदिया विकास परिषद् के सम्मेलन की तैयारी, सामाजिक रीति-रिवाजों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष-शंकर बेदिया ने कहा कि बेदिया विकास परिषद् का जन्म 10 वर्ष पूर्व हुआ था। जिसके लिए समाज के सामाजिक विकट परिस्थितियों में बेदिया समुदाय के लोग एकीकृत होकर प्रभावशाली आंदोलन चलाया था। इन वर्षों में बेदिया विकास परिषद् ने समाज में कई उपलब्धियां हासिल की है। देवकी विद्या ने कहा कि हमेशा से बेदिया-मांझी की समस्या को सामाजिक समस्या के साथ-साथ राजनीतिक पर भी विचार करना चाहिए। रामानंद बेदिया ने कहा कि बेदिया समुदाय के अंदर कोई दहेज प्रथा प्रचलन नहीं है। सरकार को इसके लिए समाज को सम्मानित करना चाहिए। प्रखंड में बेदिया सामाजिक संगठन को मजबूती करने पर जोर दिए जाय। इस मौके पर रिझू बेदिया,मुचीराम मांझी, दिनेश कुमार बेदिया,सोहन बेदिया, अर्जुन बेदिया आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

### मारपीट में घायल महिला ने खलारी डीएसपी से लगायी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थानान्तर्गत पहाड़ी मंदिर के समीप रहने वाली एक महिला की बेरहमी से पिटाई और उसके सिर के बाल उखाड़ लेने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामला खलारी थाने तक भी पहुंचा, लेकिन एक सप्ताह बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय पुलिस की उदासीनता को देखकर अब महिला न्याय के लिए जगह-जगह गुहार लगा रही है। इसी संदर्भ में महिला ने पुलिस उप अधीक्षक खलारी को आवेदन देकर न्याय के लिए गुहार लगाया है। खलारी डीएसपी को दिए आवेदन में महिला ने बताया है कि पहाड़ी मंदिर खलारी के निकट वह पूजा सामग्री बेचती है। एक जनवरी की रात पड़ोस के एक परिवार के लोग महिला के घर के समीप ही पटाखा फोड़ रहे थे। महिला ने उन्हें अन्यत्र जाकर पटाखा फोड़ने को कहा। इसके बाद एक पटाखा उसके दुकान के तिरपाल के उपर फेक दिया गया। तब महिला ने घर जाकर अपने पति को फोन कर इसकी सूचना दी। उसके पति ने खलारी पुलिस को जानकारी दी। खलारी थाना के एक सहायक अवर निरीक्षक दो कांस्टेबल के साथ वहां पहुंचे। पटाखा के कारण महिला के दुकान का तिरपाल जल गया था। महिला द्वारा विरोध करने पर उक्त परिवार के युवक ने महिला के पति और महिला के साथ पुलिस के सामने ही मारपीट करने लगे। पुलिस ने बीच बचाव करना चाहा, लेकिन पीटने वाले भारी पड़े। महिला को बेरहमी से पीटते हुए एक युवक ने महिला के सीने पर पैर रखकर उसके सिर के बाल उखाड़ दिये। महिला द्वारा खलारी थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी गई। पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर आरोपी सिर ऊंचा कर घूम रहे हैं। वहीं महिला का परिवार भय के कारण हमेशा के लिए खलारी छोड़ देने की तैयारी कर रहा है। इस मामले पर खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम ने बताया कि थाना में दोनों पक्षों की ओर से कांड अंकित कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### कुरमी समाज का मिलन सह वनभोज का आयोजन

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** कुरमी /कुड़मी समन्वय समिति का वनभोज सह मिलन समारोह रविवार को प्रखंड के कांची नदी के तट पर आयोजन किया गया। समारोह में समिति के संयोजक लालचन महतो उपस्थित हुए। वक्ताओं ने कहा कि कुरमी जाति पहले आदिवासी थे और आगे भी रहेंगे। इसके लिए कुरमी समाज के लोगों को जागरूक होना पडेगा और गांव- कस्बे में ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाना पडेगा। इसकी जिम्मेदारी सभीं को उठानी पड़ेगी। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 10 को बड़कीटांड़ में मनेगी नीलांबर-पीतांबर जयंती



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रथम स्वतंत्रता संग्रामी वीर नीलांबर पीतांबर की जयंती बड़कीटांड़ खलारी में 10 जनवरी को मनाई जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के रामलखन गंझू ने बताया कि जयंती समारोह को लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रहा है। जयंती समारोह स्थल की साफ-सफाई किया गया है। वहीं कार्यक्रम को लेकर स्टेज पंडाल बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त फागु बेसरा एवं विशिष्ट अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के महासचिव सैनाथ गंझू, एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग, अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, पुरनाडीह पीओ नरेश सिंह, केडीएच पीओ जे अब्राहाम, रोहिणी पीओ डी.के सिंह, रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता सहित मुखिया एवं कई जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

### केडीएच कचरी मोड़ बनेगा नीलांबर पीतांबर चौक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडीएच कचरी मोड़ में स्थानीय लोगों की आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदीप भोगता और संचालन रामजतन गंझू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 10 जनवरी को प्रथम स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर पीतांबर दिवस पर बरटोला, केडीएच स्थित नीलांबर पीतांबर चौक का नामकरण किया जाना है। साथ ही समिति का गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष गोपाल गंझू, सचिव रामजतन गंझू, कोषाध्यक्ष रवि गंझू का चयन किया गया। बैठक में मिथुन गंझू, रामजीत गंझू, लालाजीत गंझू, गोपाल गंझू, बासुदेव गंझू, राजेश गंझू, राजेश उरांव, रवि गंझू, मुनेष्वर गंझू, मोहन गंझू, महेंद्र गंझू, अर्जुन गंझू, प्रकाश गंझू, रामेष्वर गंझू, राजू सिंह, दिलिप गंझू आदि उपस्थित थे।

### हत्याकांड के अभियुक्त के घर हुई कुर्की-जब्ती

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ पुलिस ने रविवार को रडगावँ में हुए एक वकील की हत्याकांड के अभियुक्त भुवन ताती के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक सरायखेला जिले के रायडीह निवासी भुवन तांती के खिलाफ तमाड़ थाने में कांड संख्या 58/21 अंकित किया था। उस पर साल 2021 में ही वकील की हत्या में शामिल होने का आरोप है, जिसके बाद से वह फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा बार-बार उसकी तलाशी में दबीश दी गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने कुर्की जब्ती की कार्रवाई की।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
09

## ग्रामीणों ने बैठक कर बेड़वारी गांव में फूड पार्क निर्माण का किया विरोध



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के बेड़वारी गांव में बनने वाले फूड पार्क का विरोध ग्रामीणों ने शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को ग्राम प्रधान जिबू पाहन की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि फूड पार्क के लिए चिन्हित जमीन में सैंकड़ों वर्षों से ग्रामीण पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि उक्त जमीन में गांव के आदिवासी समुदाय द्वारा हरगड़ी पूजा भी की जाती है। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि उक्त जमीन में फूड पार्क बनने से ग्रामीणों का धार्मिक व सांस्कृतिक परंपरा को नुकसान होगा। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने उक्त जमीन में एक स्वर से फूड पार्क निर्माण का विरोध करने का निर्णय लिया। वहीं मामले पर बुढ़मू सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार फूड पार्क निर्माण के लिए उक्त जीएम जमीन का प्रस्ताव जिला में भेजा गया है। सरकार के निर्देश के आलोक में आगे कार्रवाई की जाएगी।

## नगड़ी में शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस मना

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आलम चौक पुनदाग में अमर शहीद शेख भिखारी शहादत दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अमर शहीद शेख भिखारी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गांव के समाजसेवी हाजी जहांगीर आलम ने शहीद शेख भिखारी के शहादत के बारे में लोगों को बताया। मौके पर वाहिद अंसारी, संतोष कुमार, प्रकाश महतो, नदीम अंसारी, बबलू अंसारी, अजय साहू, सोहेल आलम, एहसान अहमद, सईद अंसारी, अजय मुंडा उपस्थित थे। सभा में धन्यवाद ज्ञापन निसार आलम ने किया।

## सुंदरकांड पाठ को लेकर किया जनसंपर्क

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** श्री प्रचार मंडल नगड़ी के द्वारा आगामी 21 जनवरी को होने वाले 1001 भक्तों के द्वारा सुन्दरकाण्ड का सस्वर पाठ को लेकर रविवार को श्री मानस प्रचार मंडल नगड़ी के वरीय सदस्यों ने देवरी के प्राचीन देवी मंडप प्रचार करते हुए जन संपर्क किया। मौके पर श्री मानस प्रचार मंडल के सदस्यों ने मंदिर समिति सदस्यों और ग्रामीणों से सुन्दरकाण्ड का सस्वर पाठ में शामिल होने का अपील की। बैठक में मुख्य रूप से हेमंत केशरी, कमलेश केशरी, संजीव केशरी, अरविंद केशरी, रघुनंदन केसरी, रामानंद केशरी, संजीव केशरी, शंभू चौधरी, अरूण प्रमाणिक, अखिलेश केसरी सहित दर्जनों सदस्य शामिल थे।

## दस हजार नगद सहित पांच लाख की चोरी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सेमरा मौजा के इटकी मोड़ रोड स्थित सच्चिदानंद शाही के मकान में शनिवार की रात चोरी हो गयी। चोर घर व अलमारी का ताला तोड़कर दस हजार नगद सहित करीब पांच लाख की संपत्ति चुरा ले गये। इसमें सोने की हाथ की चूड़ी, नेकलेस, अंगूठी व दो जोड़ी कान की बाली सहित चांदी के जेवरात शामिल हैं। इस संबंध में सचिदानंद द्वारा थाना को लिखित सूचना दी गयी है। घटना की रात सचिदानंद घर में ताला बंद कर सपरिवार मोरो स्थित अपने पुराने घर चले गये थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## शेख भिखारी का शहादत दिवस मना

**इटकी (आजाद सिपाही)।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद शेख भिखारी का शमीमाबाद स्थित आंगनबाड़ी प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर शहीद भिखारी के चित्र पर फूल-माला चढ़ाये गये व उनकी वीर गाथाओं की चर्चा की गयी। कार्यक्रम में केंद्र के निदेशक अंजुम जमाल, तलत आरा, फरहा अंबर, संध्या बरियार, एसके सिन्हा व साकिफ सहित अन्य शामिल थे।

## मांडर में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कांग्रेस पार्टी कार्यालय में शहीद टिकैत उमरांव सिंह एवं शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी उपस्थित हुईं। उन्होंने शहीदों को माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड की भूमि शहीदों की भूमि है। आजादी की लड़ाई में यहां के वीरों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। शहादत दिवस के मौके पर जरूरतमंदों के बीच कम्बल का भी वितरण किया। मौके पर जमील मलिक, आरिफ हसन, आबिद अंसारी, संजय उरांव, नेयाजुल खान, तबारक खान, नसीम अंसारी, फारूक खान व अन्य लोग उपस्थित थे।

## सिस्टर सुमन की अंतिम मन्नत समारोह में शामिल हुईं विधायक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के इडरी गांव में आयोजित सिस्टर सुमन टेरेसा तिर्की की अंतिम मन्नत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। जहां उन्होंने सिस्टर सुमन टेरेसा तिर्की को पुष्प गुच्छा व शाल ओढाकर सम्मानित किया। मौके पर उपप्रमुख मोदस्सिर हक करमा उरांव, नवल किशोर सिंह जिला परिषद सदस्य बेरोनिक उरांव, सिस्टर ब्राबला एक्का, सिस्टर नीलिमा केरकेट्टा, सिस्टर टेरेसा किंडो, महेश्वर गोप, चंद्रावती, सोमरा लोहरा, सरोज कुजूर, पूनम तिर्की, फिल्मुन बेक, संजय कच्छप एवं अन्य धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## पिठोरिया में बाइक की चोरी

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पिठोरिया-रांची मुख्य मार्ग में बाढू गांव कब्रिस्तान के पास से 7 जनवरी की रात 8:30 बजे एक हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी हो गई। जिसका नंबर जेएच01बीपी- 3692 है। मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर नवाटोली निवासी योगेंद्र उरांव पिता जिरकू उरांव की थी। इस संबंध में योगेंद्र उरांव के द्वारा पिठोरिया थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। पिठोरिया पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मांडर में क्षत्रिय महासभा की बैठक आयोजित

**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोसई आश्रम स्थित मैदान में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक अध्यक्ष बसंत कुमार शाही की अगुवाई में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मांडर विधानसभा के युवा नेता सन्नी टोप्पो को आमंत्रित किया गया था। बैठक के दौरान महासभा के सदस्यों ने एक स्वर में कहा क्षेत्र में विकास का पहिया थम गया है। आये दिन कमीशन खोरी, भ्रष्टाचार की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। अशिक्षा, पलायन, किसानों की दयनीय स्थिति आज किसी से छिपी हुई नहीं है। संसाधन सभी हैं और उचित नेतृत्व के अभाव में विकास हो नहीं पा रहा है। बैठक के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए सन्नी टोप्पो ने कहा मांडर विधानसभा के पांचों प्रखंड में विकास के नाम पर कहीं कुछ किया नहीं जा रहा है। आज उचित नियोजन नीति के अभाव में विद्यार्थियों के बीच निराशा का माहौल है। कई ऐसे मुद्दे हैं जिनमें थोड़ा सा ध्यान दिए जाने से ना केवल विधानसभा में बल्कि पूरे राज्य में विकास की गंगा बहेगी। मौके पर भुनेश्वर सिंह, राजू सिंह, मिनेश शाही, सुरेन्द्र शाही, दीपक सिंह, तनु सिंह, राज कुमार सिंह, अरबिन्द सिंह, सतानन्द शाही सहित क्षत्रिय समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

### शहादत दिवस : शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह किये गये याद, वक्ताओं ने कहा

# देश की आजादी में इनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता

### जसपुरिया सेवा केंद्र ने गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** शहीद शेख भिखारी वेलफेयर डेवलपमेंट सोसाईटी एवं जसपुरिया सेवा केन्द्र के तत्वावधान में रविवार को महेशपुर स्कूल मैदान में शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जसपुरिया सेवा केन्द्र के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया रोशनलाल मुण्डा, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, मुमताज खान, कांग्रेस नेत्री शहनाज खातुन, लोकसेवा समिति के अध्यक्ष नौशाद आलम, कंचन दास, समशुल होदा, शेख भिखारी के वंशज शेख चरकु आदि ने शेख भिखारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

मौके पर जैलेंद्र कुमार, रोशनलाल मुण्डा, नौशाद आलम आदि वक्ताओं ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं झारखण्ड के दो महान वीर सपूत शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ 1857 में मोर्चा खोला और उन्हें झारखण्ड से खदेड़ दिया। बाद में अंग्रेजों ने छल-कपट की नीति से दोनों स्वतंत्रता सेनानियों को पकड़ कर फांसी पर लटका दिया। देश की आजादी में इन दोनों शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

इस अवसर पर जसपुरिया सेवा केन्द्र एवं प्रखंड प्रशासन की ओर से सैकड़ों गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अध्यक्षता शेख चरकू ने तथा संचालन जावेद खान ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समशाद खान, समीम खान, शेख आसिफ, अल्ताफ खान, शहनवाज खान, शेख इसराफिल, रफीक खान, चुनू आदि का योगदान रहा।



### लोक सेवा समिति ने शहीद शेख भिखारी के वंशज को किया सम्मानित

समारोह में लोक सेवा समिति की ओर से शहीद शेख भिखारी के वंशज शेख चरकु को सम्मान दिया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष नौशाद आलम, शहनाज खातुन, कंचन दास, समशुल होदा, प्रमुख दीपा उरांव, राजेन्द्र मुण्डा, मुमताज खान, समीम खान आदि ने शेख चरकु को शॉल ओढ़ाकर एवं झारखण्ड रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

# तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला 12 जनवरी से

### आयोजन समिति के सदस्यों ने किया प्रचार कार्ड का विमोचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं के समीप नगड़ी मेला टिकरा में मनाये जाने वाले स्वर्णरेखा महोत्सव 2023 को लेकर नगड़ी मेन रोड स्थित सत्संग भवन में रविवार को स्वर्णरेखा महोत्सव के पदाधिकारियों के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केसरी सहित सभी पदाधिकारियों ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि 12 जनवरी से लेकर 14 जनवरी तक तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव 2023 सह मकर संक्रांति मेला का आयोजन किया गया है। 12 जनवरी को स्वामी स्वामी विवेकानंद जयंती सह विश्व युवा दिवस के पर विश्व गुरु की राह में बढ़ता भारत एवं स्वामी विवेकानंद की भूमिका के विषय में क्षेत्र के दर्जनों स्कूल के विद्यार्थियों के बीच संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 13 जनवरी को कृषि विभाग के द्वारा क्षेत्र के हजारों किसानों के लिए कृषि प्रदर्शनी सह कृषि मेला का आयोजन किया गया है तथा 14 जनवरी को स्वर्णरेखा महोत्सव 2023 का समापन समारोह सह मकर संक्रांति मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर प्रचार कार्ड का विमोचन किया गया।

प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केसरी, कोषाध्यक्ष प्रदीप महतो, महामंत्री चूड़ामणि महतो, संरक्षक दौलत राम केसरी, हाजी साकिर अहमद, केशव कुमार भगत, राम कुमार केसरी, उपाध्यक्ष शहीद अहमद, सुरेश साहू, अजय कुमार, कृजीवन महतो, मनीष कुमार केसरी, शेखर पाठक, अब्दुल गफ्फार, कमलेश केसरी, हाजी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# चिलदाग पंचायत में आजसू पार्टी ग्राम व महिला कमेटी का गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** चिलदाग पंचायत में रविवार को आजसू पार्टी की एक बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिप सदस्य व पार्टी के केन्द्रीय सचिव राजेन्द्र शाही मुण्डा थे जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में पंचायत प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह भोगता मौजूद थे।

बैठक में प्रभारी विरेन्द्र सिंह भोगता की देखरेख में पंचायत के सभी गांवों के लिए पुरूष ग्राम कमेटी एवं महिला कमेटी का गठन किया गया। पंचायत के सिमलिया ग्राम कमेटी अध्यक्ष पंकज महतो, सचिव ज्योतिष महतो एवं कोषाध्यक्ष चमरू मुण्डा, लालगढ़ गांव के लिए प्रवेश महतो को अध्यक्ष, रोशन महतो को सचिव एवं सूरज मुण्डा को कोषाध्यक्ष, सोसो ग्राम के लिए अध्यक्ष रामदयाल मुण्डा, सचिव संजीव मुण्डा एवं कोषाध्यक्ष सूरज मुण्डा, चिलदाग गांव के लिए अध्यक्ष प्रेम महतो, सचिव प्रकाश महतो एवं कोषाध्यक्ष आशुतोष करमाली चुने गये।

वहीं चिलदाग गांव के लिए आजसू महिला कमेटी का भी गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष पार्वती देवी, सचिव उषा कुमारी एवं कोषाध्यक्ष अनु देवी बनाये गये।

इस अवसर पर राजेन्द्र शाही मुण्डा एवं विरेन्द्र सिंह भोगता ने कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी के नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक ले जाने का आहवान किया।

इस मौके पर सहिन्द्र महतो, मुना मुण्डा, धरमु महतो, रूपनाथ साहू, करण सिंह भोगता, महेश महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बैठक : भाजपा टाटीसिलवे मंडल कार्यसमिति की बैठक में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा

# बूथ जीता तो चुनाव जीता इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता कार्य करें

### सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें : मनोज चौधरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भाजपा टाटीसिलवे मंडल की कार्यसमिति की बैठक रविवार को महिलौंग स्थित सरला बिरला सभागार में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में की गयी। मंच का संचालन महामंत्री अमित कुमार मिश्रा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी व खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मनोज चौधरी ने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें।

पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि आगामी वर्ष चुनावी वर्ष है। हम सभी कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बूथ को जिताना है। क्योकि बूथ जीता तो चुनाव जीता इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करना है। सुरेंद्र महतो ने शक्ति प्रमुख, पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति, बूथ अध्यक्षों और प्रभारी के साथ बैठक कर प्रत्येक बूथ पर मन की बात सुनने को कहा। अमित मिश्रा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश का मान सम्मान देश विदेश में बढ़ा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि चलाई जा रही योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिये हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करे। मुक्तिनाथ मिश्रा ने संगठन के द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, राजेश यादव, सत्यजीत कुमार सिंह, राणा दिनकर सिंह, नूतन पाहन, पुरुषोत्तम मिश्रा, श्रीदाम सिंह मुंडा, गिरिधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, विजय महतो, बड़ाम मुखिया कृष्णा लोहरा, वीरेंद्र ओझा, प्रदीप मुंडा, मनोज महतो, सन्नी पांडे, राकेश कुमार सिंह, केसी सिंह, सप्रेस महतो, गोवर्धन महतो, अरविंद महतो, प्रदीप मुंडा, कर्मा लोहरा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## शहादत दिवस पर वीर शहीद शेख भिखारी को खिजरी विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** वीर शहीद शेख भिखारी के बलिदान दिवस के अवसर पर रविवार को शहीद के पैतृक गांव खुदिया-लोटवा में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद शेख भिखारी की तस्वीर पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, प्रमुख अनुपमा देवी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, बीडीओ विजय कुमार सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, पूर्व उपप्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, रमेश उरांव, अमाल खान, तुलसी खरवार, प्रेमनाथ मुंडा, सुरेश साहू, रवि साहू, सूरज पठान, रशीद अंसारी, मुबारक अंसारी, रोजलिन लकड़ा सहित कई लोग शामिल थे। मौके पर विधायक और प्रखंड प्रशासन की ओर से 100 गरीब महिला-पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर विधायक ने शेख भिखारी के वंशजों की मांग पर गांव में सड़क बनाने की घोषणा की।

## टिकैत उमरांव एवं शेख भिखारी शहीद स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे राजनेता



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शहादत दिवस के अवसर पर शहीद टिकैत उमरांव सिंह व शेख भिखारी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक कार्यकर्ता चुट्टुपालू स्थित शहीद स्थल, पैतृक गांव खटंगा और खुदिया पहुंचे। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी रमेश उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रो. प्रेमनाथ मुण्डा, पंसस ललिता देवी, प्रमुख, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू, राजेश गुप्ता, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, मुखिया दीपक बड़ाईक, विक्रांत तिवारी, राजकिशोर साहू, अलखनाथ महतो, दिलीप मेहता, अशोक गुप्ता, झारखंड नागरिक विकास परिषद के अध्यक्ष रणधीर चौधरी, रामकुमार महतो, कामेश्वर महतो आदि शामिल रहे। शहादत दिवस के अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप के द्वारा खटंगा, खुदिया में भवन और मकबरा निर्माण योजना का शिलान्यास किया गया।

## भाजपा नेता ने अपने जन्मदिन पर वृद्धों को कंबल एवं बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री बांटी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल ओरमांझी के युवा व ऊर्जावान नेता शशि मेहता ने अपने जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में केक काटकर सबों से आशीर्वाद लिया। सभी बड़ों ने शशि के उज्जवल भविष्य की कामना की। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए शशि ने गरीब व असहाय वृद्धों के बीच कंबल वितरण किया। वहीं गरीब बच्चों के बीच पेन, पेंसिल, कॉपी, चॉकलेट, बिस्कुट बांटे। शशि मेहता को आशीर्वाद देने वालों में राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, राजेश गुप्ता, सतीश बड़ाईक, संतोष गुप्ता, दिलीप मेहता, विक्रांत तिवारी, राजकिशोर साहू, अलखनाथ महतो, जयगोविंद साहू, नीतीश कुमार, किशोर महतो, शिव कुमार महतो, ललिता देवी, सीता देवी, प्रतिमा देवी, आनंद महतो, दीपक बड़ाइक, दीन दयाल लोहरा व अन्य शुभचिंतक शामिल थे।

## केसरवानी समाज ने किया वनभोज का आयोजन

**कांके (आजाद सिपाही)।** बोड़ेया कांके स्थित पोटपोटो नदी परिसर में केसरवानी वैश्य समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह वर्ष 2023 में भी पूर्वजों से चली आ रही प्रथा के तहत बंजारी माता का पूजा अर्चना कर समाज के सदस्यों के साथ वनभोज का आयोजन किया। बंजारी माता के संगम स्थल पर केसरवानी समाज विगत कई वर्षों से पूजा अर्चना कर अपनी मन्नतों को मानते हैं और पूर्वजों से चली आ रही रूढ़िवादी परंपरा को निभाते हैं। वनभोज के आयोजन में समाज के बुजुर्गों को सामाजिक परंपरा के तहत शाँल आकर सम्मानित भी किया गया। आयोजन में केसरवानी समाज के कैलाश केसरी, पंकज केसरी, उपेंद्र केसरी, दिलीप केसरी, अरुण केसरी, अजीत केसरी, दीपक केसरी, संजीव केसरी, मनोज केसरी, अजय व अनिल का काफी योगदान रहा।

## भाजपा नेता ने दर्जनों गांवों में 500 कंबल बांटे

**कांके (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कांके प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव, चौक चौराहों, मानसिक अस्पतालों के परिसर में जाकर इस भीषण ठंड में राहत के लिए गरीबों के बीच 500 कंबल का वितरण किया। इस मौके पर स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कहा कि इस वर्ष अन्य वर्षो की तुलना में कांके क्षेत्र में भीषण ठंड पड़ रही है। गरीबों को राहत देने के उद्देश्य से मैं अपने स्तर से कंबलों का वितरण भाजपा कार्यकताओं के साथ कर रहा हूं। जरूरत पड़ी तो दोबारा भी कंबलों व गर्म कपड़ों का वितरण करूंगा। इन्होंने सरकार से मांग की है कि चौक चौराहा, गांव में गरीबों के लिए अलाव की भी व्यवस्था करने की जरूरत है। इन्होंने सुकुरहुट्ठ, गारू, मालश्रृंग, सियार टोली, मनातू, करकट्टा सहित कई मुंहल्लों व मानसिक अस्पताल सीआइपी, रिनपास के परिसर में रहने वाले गरीबों के बीच कमरों का वितरण किया कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। साथ में रितेश तिवारी, चुनिंद महतो, शानू महतो रंजीत महतो अमित महतो राजेंद्र प्रजापति उदय शाश्वत व ग्रामीण उपस्थित थे।

## टुसू पर्व पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके के मनातू गांव में टुसू पर्व के अवसर पर समाजसेवी अनूप कुमार महतो के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कुदलूम के असिस्टेंट प्रोफेसर कमलेंद्र नाथ त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर मोहित कुमार तिवारी व अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर वागीश दुबे, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अजीत कुमार उपस्थित थे। पेंटिंग प्रतियोगिता में श्वेता कुमारी को प्रथम पुरस्कार, नीतीश कुमार को द्वितीय पुरस्कार एवं स्वाति कुमारी को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं अभि महतो, विवेक महतो, सुजल महतो, अभिषेक महतो, रौनक राज, नीतू कुमारी, अंजली कुमारी को सांत्वना पुरस्कार मिला। समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने कहा कि टुसू पर्व हम सभी झारखंडवासियों की धरोहर है और इसे हमें संजोकर रखना चाहिए। मुख्य अतिथि आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कुदलूम के असिस्टेंट प्रोफेसर कमलेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से ही बच्चों के अंदर की प्रतिभा को निखारा जा सकता है और बच्चों को शिक्षित कर समाज को सशक्त बनाया जा सकता है।

## नवजात शिशुओं को गर्म कपड़ा निशुल्क उपलब्ध कराना उद्देश्य है : कंचन



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने अपनी पत्नी कंचन सिंह के साथ सदर अस्पताल के प्रसूति वार्ड में 22 नन्हे बच्चों को हाथ से बुना हुआ स्वेटर अपने हाथों से दिया। इस दौरान एसपी ने 5 टीवी मरीजों को भी गोद लिया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि 2025 तक देश को टीवी से मुक्त करना है। इस लिए पांच टीवी मरीजों को गोद लिया गया है। जो एक जनकल्याण का कार्य है। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस समाज की सेवा के लिए कृतसंकल्पित है चाहे ब्लड देने का मामला हो या कोई अन्य मामला हो इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इस कड़ाके की ठंड में शहर के सभी चौक चौराहों पर पलामू पुलिस अलावा की ब्यवस्था करेगी ताकि लोगों को इस ठंड से कुछ राहत मिल सके। कंचन सिंह ने कहा कि हम लोगों का 4 से 5 लोगों का एक छोटा सा ग्रुप है। जो बुने हुए स्वेटर को खरीद कर जरूरतमंद लोगों को बांटता है। उन्होंने कहा कि लोग घर में बैठे-बैठे आराम से स्वेटर बुन सकते हैं। बुने हुये स्वेटर का अपना क्रेज होता है। आजकल ऑनलाइन भी बुने हुये स्वेटर मंगाए जा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण का यह अच्छा उपाय भी है। इन्हें किसी एनजीओ के माध्यम से भी जोड़ा जा सकता है।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन के लिए रसोइया को किया प्रशिक्षित



विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत विश्रामपुर प्रखंड के सभी विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सह सहायिका का एकदिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण रविवार को रेहला बुनियादी विद्यालय परिसर स्थित बीआरसी में भवन में संपन्न हुआ। जहां प्रखंड में कार्यरत 243 रसोईया सह सहायिका में से 195 को प्रशिक्षित किया गया। शिविर में रसोइया को विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन को और भी बेहतर बनाने की गुर सिखाए गया। बतौर प्रशिक्षक बीआरपी मनोज पाठक,बीआरपी अखिलेश कुमार दुबे,सीआरपी कृष्णा कुमार, सीआरपी संजय कुमार दुबे एवं सीआरपी अनुराग सिंह ने सभी रसोइया प्रशिक्षुओं को बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन मुहैया कराया जाना अनिवार्य है। जिससे बच्चे कुपोषण का शिकार न हों। पूर्व से संचालित योजना जिससे मिड-डे-मील कहा जाता था, अब यह पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के नाम से जाना जायेगा। वही सभी को साफ सफाई की महत्ता को भी बताया गया। मौके पर पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के अजीत तिवारी,श्याम सुंदर वर्मा,प्राचार्य भोला सहित कई लोग मौजूद थे। प्रशिक्षणोंपरांत प्रखंड एवं संकुल स्तरीय कुकिंग रसोइया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 195 रसोईया ने भाग लिया। सभी ने संकुल स्तर पर अलग-अलग बैठकर विद्यालयों में बनाये जाने वाले मध्यान भोजन की व्यंजन तैयार की। साथ हीं बनाये गये व्यंजनों को बारी-बारी से चखते हुए प्रतियोगिता के लिए नामित किया गया। संकुल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन दिखाने वाले विजेता रसोइया को एक हजार एवं उपविजेता को पांच सौ रुपये नगद एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में प्रखंड स्तर पर विजेता बनी रसोइया को नगद दो हजार एवं उप विजेता को एक हजार रुपये नगद एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

## स्वास्थ के क्षेत्र में भी विकसित हो रहा बिश्रामपुर : डा. लीली



बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर के कोशियार रोड में रविवार को साईं अल्ट्रासाउंड सेंटर खुला। बिश्रामपुर के पहले अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टला पूर्ति, थाना प्रभारी शशि रंजन, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, एएसआइ अनंत कुमार सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। डां लीली ने कहा कि स्वास्थ के क्षेत्र में भी बिश्रामपुर विकसित हो रहा है। यहां अल्ट्रासाउंड सेंटर का खुलना इस बात को साबित भी करता है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि बिश्रामपुर स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होते जा रहा है। अब यहां के लोगों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए जिला मुख्यालय मेदनीनगर नही जाना पड़ेगा। साईं अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक डीके पांडेय ने बताया की सरकारी गाइड लाइन का पालन हुए अत्याधुनिक मशीन एवं प्रशिक्षित टेक्नीशियन द्वारा यहां पर उचित शुल्क के साथ अल्ट्रासाउंड किया जायेगा। मौके पर मजदूर नेता मनोज शुक्ला, डब्लू चौबे, डा. पाल, दिनेश दुबे, कमाता पांडेय,संजय उपाध्याय सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने धर्मदेव सिंह यादव ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी का किया स्वागत

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** परिसदन भवन में भाजपा के प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डां लक्ष्मीकांत वाजपेई से भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने मिलकर अंगवस्त्र से स्वागत किया तथा प्रशासन द्वारा पांडू के ग्राम मुरुमातु से चार माह पूर्व दिन दहाड़े उजाड़े गये विस्थापन का अत्यंत तंगहाल जीवन जी रहे महादलित मुसहर परिवार प्रकरण में प्रशासन द्वारा सरासर झूठे मुकदमें दर्ज कर बेवजह परेशान किये जाने की घटना को विस्तार से जानकारी देते हुए साथ ही संगठन के भूमिका की भी पूरी जानकारी दी।

### भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने पलामू जिला कार्यसमिति की बैठक में हुए शामिल

# वर्तमान सरकार से जनता खूद को ठगा महसूस कर रही: लक्ष्मीकांत वाजपेयी

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। भाजपा के प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई का पलामू आगमन हुआ। पलामू पहुंच उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति की कामकाजी बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की एवं संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। प्रदेश प्रभारी सह राज्य सभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि मैं यहां भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच रहकर काम करने आया हूं। कार्यकर्ताओं को मजबूत करने आया हूं। यहां नेतागिरी करने नहीं आया हूँ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यहां के आदिवासी, युवाओं, किसानों, महिलाओं से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता को झूठा आश्वासन देकर उनका वोट लिया और अब जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। यहां अपराध, उग्रवाद और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने सरकारी अधिकारियों को जनता की सेवा करने के काम में नहीं, बल्कि लूटने के काम में लगा रखा है। राज्य में सिर्फ केंद्र द्वारा संचालित विकास की योजनायें ही धरातल पर दिख रहीं हैं। राज्य सरकार के पास राज्य के विकास के लिए कोई रोडमैप नहीं है। हेमंत सरकार राज्य नहीं बल्कि सिर्फ अपने विकास के लिये काम कर रही है। राज्य की स्थिति बद से बदतर हो गई है। जनता इन्हें सत्ता से बेदखल करने के लिए व्याकुल है। श्री वाजपेयी ने कहा कि पार्टी द्वारा संचालित कार्यक्रमों के माध्यम से हमारे कार्यकर्ता जनसेवा भी कर रहे हैं और जनमुद्दों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन भी कर रहें है। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा ही राज्य का विकास कर सकती है क्योंकि सिर्फ भाजपा के पास ही राज्य के विकास का विजन है। बाकि सारे दलों का विजन तो सिर्फ अपने परिवार का विकास है। सांसद ने कहा कि यह सरकार विकास विरोधी है। क्योंकि इस सरकार में केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियांवयन में भी परेशानी आ रही है। जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि भाजपा पलामू राज्य सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ लगातार आंदोलनरत हैं। राज्य सरकार के गलत नीतियों के कारण यहां की जनता को लगातार बालू-बिजली की कमी एवं अन्य कई प्रकार के असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

**बैठक में मुख्य रूप से विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, विनोद सिंह, डिप्टी मेयर मंगल सिंह, श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, विपिन सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, अमलेश दुबे, नीलू मिश्रा, कामेश्वर कुशवाहा, अमित तिवारी, अविनाश वर्मा, कर्नल संजय सिंह, विजय ओझा, प्रभात भुइयां, भोला सिंह, सुनील पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह, रामचंद्र यादव, शिवदीप सिंह, अजय तिवारी, रीना किशोर,शिव कुमार मिश्रा,ज्योति पांडे,जितेंद्र तिवारी, प्रदीप सिंहा, उदय शुक्ल,लवली गुप्ता, रूपा सिंह, श्यामा द्विवेदी, सीटू गुप्ता, संटू सिंह, अजय सिंह, सोमेश सिंह, नवेंदु मिश्रा जिला के सभी मंडल अध्यक्ष समेत जिला कार्यसमिति के सदस्यगण उपस्थित थे।**

## मंत्री रामेश्वर उरांव ने लगाया जनता दरबार, सुनी समस्याएं



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड सभागार में रविवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें झारखंड सरकार के वित्त एवं खादय आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने जनता की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में 32 आवेदन आये। मंत्री रामेश्वर उरांव ने बारी-बारी से सभी आवेदन पर आवेदन कर्ता से बात की। इन्होंने कहां की शतप्रतिशत तो नहीं पर सभी आवेदन को जिस विभाग से संबंधित है वहां पर भेज दिया जा रहा है और निश्चित तौर पर जो समस्या आई है उस पर विचार कर समाधान किया जायेगा। जनसुनवाई में सोहडी गांव के सरिता देवी ने दबंगों द्वारा जमीन जबरन हथिया कर वहां पर प्लांट लगाकर जमीन पर रास्ता निकाल दिया गया है, मना करने पर धमकी देता है और पुलिस बुला लेता है। उस महिला ने मंत्री जी से निवेदन करते हुए कहा कि मेरे पास 42 डिसमिल ही जमीन है। हम हरिजन हैं भुइयां जाति से आते हैं। जमीन रहेगा तो हम वहां पर रहकर 2, 4 सूअर पालकर बच्चों का भरण पोषण कर सकते हैं। मंत्री रामेश्वर उरांव ने महिला को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले को मैं स्वयं देखूंगा और इस संबंध में सीधे एसपी से बात करूंगा। बोहिता के ललित राम ने कहा कि जमीन का ऑनलाइन हो चुका है। सीओ के द्वारा ओटीपी छोडने पर रसीद कटेगा। सीओ द्वारा ओटीपी नहीं छोड़ा जा रहा है, आजकल कह कर कई महीनों से दौड़ाया जा रहा है। ओटीपी से संबंधित कई लोगों ने शिकायत की। बीस सूत्री सदस्य ने जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में विलंब हो रहा है, सीओ के लॉगिन में पड़ा रहता है। निरंजन प्रसाद ने आवेदन देते हुए कहा कि सलैया गांव के महेंद्र मेहता के द्वारा सार्वजनिक तलाब के बांध को काटकर मिट्टी भरकर उसे कब्जा कर लिया गया है। उस से मुक्त कराने की गुहार लगाई। कसियाडीह के अरूण साव के अलावे अन्य कई लोगों ने केसीसी लोन माफ नहीं होंने की बात कही। इस दौरान पत्रकारों के द्वारा नियोजन नीति पर सवाल किया गया जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि हम लोगों ने नियोजन नीति बना दी थी पर कोर्ट का जो आदेश है, वह सब आपके सामने हैं। हम लोग फिर देखेंगे इसे। सतबरवा में चार करोड़ की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं होंने और सतबरवा में डॉक्टर नहीं होंने की बात पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण से संबंधित जो भी आवेदन आये हैं, आने वाला बजट में उन सभी योजनाओं को ले ली जायेगी। इस जनसुनवाई में सतबरवा थाना प्रभारी अमित सोनी ,बीडीओ राज किशोर प्रसाद, सीओ प्रशांत कुमार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, पूर्व विस प्रत्याशी रूद्र शुक्ला, दीना नाथ तिवारी, कमलेश प्रसाद, प्रमुख रिमादवी, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, एमओ रजनीकांत पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा नेताओं ने प्रदेश प्रभारी का सतबरवा में किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/पलामू ।** रविवार को भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का फूल माला पहनाकर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने ब्रह्म बाबा स्थान सतबरवा में स्वागत किया। पलामू सांसद वीडी राम, विधायक आलोक कुमार चौरसिया, मेदिनीनगर डिप्टी मेयर मंगल सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार नारा लगाते हुए प्रदेश प्रभारी का पूरे जोशो खरोश के साथ स्वागत किया। प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपायी ने स्वागत स्थल पर उतर कर एक-एक करके सभी भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं से मिले। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार, आशीष कुमार सिन्हा, अवधेश सिंह चेरो, बैजनाथ प्रसाद, सुरेंद्र, चंचल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एनसीपी के सक्रिय कार्यकर्ता सह एलआइसी अभिकर्ता के आकस्मिक निधन पर शोक



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड एनसीपी के सक्रिय कार्यकर्ता सह एलआईसी अभिकर्ता 48 वर्षीय अशोक तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया है। वह काफी दिनो से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर मिलते ही एनसीपी कार्यकताओं व नेताओं में शोक व्याप्त है। उनके निधन पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अशोक तिवारी के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की। एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह ने अशोक तिवारी के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है। एनसीपी नेताओ व कार्यकताओं ने हुसैनाबाद स्थित पार्टी कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया। मौके पर एनसीपी नेता मनान खान, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, राजकुमार ठाकुर, बालिस्टर सिंह, चंदन सिंह, विजय राजवंशी, हंसराज सिंह, राजकुमार प्रजापति, ज्यौदीन खान, दिलीप पल, प्रमोद प्रजापति, मनदीप राम, रतन लाल, शिवलाल राम, विनय पासवान, अंजली शर्मा, विमलेश सिंह, अखिलेश सिंह, गुडू सिंह, दिलीप पाल आदि शामिल थे। साथ ही उनके निधन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनंजय तिवारी, राष्ट्रीय परशुराम सेना के हुसैनाबाद प्रभारी जय प्रकाश उपाध्याय, मधुसूदन पाठक, कामाख्या पाठक, किसान तिवारी, हृदय शंकर उपाध्याय, अखलेश ओझा, मनु पांडे, लखन तिवारी, पलीता पाठक, कमला पांडे, मनोज बैध, नंदन पाठक, मुन्ना उपाध्याय पिंटू तिवारी आदि ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## बृजनंदन बाबू हमेशा गरीब गुरबो की हक अधिकार की आवाज थे: सुशील सिंह



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोशी पंचायत के सिंदुरिया गांव निवासी एकडरी पंचायत के पूर्व मुखिया व भाकपा नेता स्व0 बृजनंदन सिंह की पुण्य तिथि रविवार को मनायी गयी। मुख्य अतिथि औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेंद्र कुमार सिंह ने की। संचालन मनोज कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी प्रतिमा के समक्ष सांसद समेत अन्य अतिथियों ने माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कर्नल डॉ संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, सुरेन्द्र कुमार सिंह,भृगुनाथ सिंह, प्रोफेसर अशोक सिंह, रामप्रवेश सिंह,यमुना सिंह आदि ने माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि स्व बृजनंदन बाबू गरीब-गुरबों की हक व अधिकार के लिये संघर्ष करते रहे। वह अपने पूरे जीवन में निष्पक्षता के साथ कार्य करते रहे। ऐसे लोगो के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि स्व बृजनंदन सिंह दलितों और गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन उनके लिए संघर्ष में बिताया। उनके आदर्शों को अपना कर समता मूलक समाज की कल्पना की जा सकती है। कार्यक्रम में शैलेंद्र कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से दिलीप कुमार सिंह,तकी हुसैन रिजवी,धनंजय कुमार सिंह,अभय कुमार सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, अमित कुमार सिंह,अनुज कुमार सिंह,मुन्ना कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, युगेश जी, अनुज कुमार सिंह, अजय सिंह, मुखिया आत्मेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, शिवलाल राम आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बीडीओ ने डिलरों को 15 जनवरी तक खाद्यान्न वितरण का दिया निर्देश

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर बीडीओ सह प्रभारी एमओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने नगर परिषद और प्रखंड के सभी डीलरों को आगामी 15 जनवरी तक बकाया खाद्यान्न वितरित करने का आदेश दिया है। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने बताया कि ई पॉश मशीन के वेबसाइट में तकनीकी त्रुटि के कारण कई डीलर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अक्तूबर माह का राशन वितरित नही कर पाये थे। राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्यान्न वितरण तिथि का विस्तार किया है। इस दौरान इ पॉश मशीन का वेबसाईट भी खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि जो भी डीलर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना व झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का खाद्यान्न पूर्व में वितरित नही किये हैं वे 15 जनवरी तक हर हाल में लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण कर दें।

## पूर्व मंत्री के शव यात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रदेश के पूर्व स्वास्थ मंत्री भानू प्रताप शाही के पिता पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती के शव यात्रा में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डां ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी शामिल हुए। इसके अलावा श्री चंद्रवंशी दाह संस्कार में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल ने अंतिम समाजवादी नेता भी खो दिया। मौके पर रविंद्र पासवान, पवन गुप्ता, रघुराज पांडेय, पप्पू पांडे, रामलला दुबे, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## खराब चापाकल की मरम्मती करा कर ग्रामीणों की समस्या को किया निदान

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज नगर पंचायत के ग्राम बिशुनपुर में महीनों से खराब चापाकल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों का निदान रविवार को समाजसेवी राजीव रंजन ने मिस्त्री बुलाकर कराया इसकी जानकारी ग्रामीणों ने रंजन को दी थी। वहीं चापाकल की मरम्मती से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है और श्री रंजन के प्रति आभार प्रकट किया। ज्ञात हो की समाजसेवी राजीव रंजन ने अब तक दर्जनों चापाकल की मरम्मती कराया है। इस दौरान प्रसिद्ध सिंह, मनीष सिंह, रिशू पटेल, जनार्धन सिंह, युवराज सिंह, सुरेंद्र कुमार, विवेक कुमार, विकास सिंह आदि दर्जनों लोगों ने उन्हें आभार प्रकट किया।

# स्पोर्ट्स




वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के एकल अभियान के तहत बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव, रांची में आयोजित दो दिवसीय दक्षिण झारखंड संभाग प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया।

## दक्षिण झारखंड संभाग प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में रामगढ़ ओवर ऑल चैंपियन




**रांची (आजाद सिपाही)।** वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के एकल अभियान के तहत बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव, रांची में आयोजित दो दिवसीय दक्षिण झारखंड संभाग प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। रविवार को आयोजित विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा में बच्चों ने भाग लिया और अपने खेल का प्रदर्शन किया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैम्पियन रामगढ़ जिला बना। वहीं, रातू, रांची उपविजेता बना। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपक रोशन और पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने विजेताओं को टॉफी दिया। रामगढ़ जिला को नौ गोल्ड, चार सिल्वर और दो ब्रान्ज मेडल मिला। रामगढ़ को कुल 59 प्वाइंट मिले। वहीं, रातू को पांच गोल्ड, तीन सिल्वर और पांच ब्रान्ज मिला। कुल 39 प्वाइंट प्राप्त हुए। समापन समारोह में न्यायाधीश दीपक रोशन ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। गांव से चल कर जो भी बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए है, वे बधाई के पात्र है। प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी बात है। पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को खेल से परिचय कराने की एक कोशिश है। आज के समय में खेल से सफलता हासिल की जा सकती है। शिक्षा के साथ खेल से जुडेंगे तो मानसिक और शारीरिक दोनों का विकास होता है। इस अवसर पर पूर्वी क्षेत्र की सचिव रेखा जैन, वनबंधु परिषद के अध्यक्ष रमेश धरणीधरका, वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के सचिव जयदीप मोदी, डीएवी स्कूल पूर्वी क्षेत्र के निदेशक एमके सिन्हा, झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, अनुपमा राजगढ़िया, विजया आजमानी, सुमन मिनोचा, राज जैन, मुकेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विशेष केडिया, कपिल भाटिया, दीपक श्रीवास्तव, अमरेंद्र विष्णुपुरी समेत अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जैन ने किया। समापन समारोह के पूर्व बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में रविवार को भी दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद इत्यादि की प्रतिस्पर्धा हुई। वहीं, टाना भगत स्टेडियम में कुश्ती, कबड्डी इत्यादि खेल की प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजेता बच्चे फरवरी माह में राष्ट्रीय खेल में सहभागिता देने हेतु लखनऊ जाएंगे। जो बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर विजेता घोषित होंगे, उन्हें स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपनी देखरेख में प्रशिक्षित करेगा।

## जिला लॉन टेनिस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का कर्जन ग्राउंड में हुआ आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** कर्जन ग्राउंड में दिन रविवार को जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न चौथे शामिल होकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इससे पूर्व जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन ने अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न चौथे का शॉल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिला की टीम ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 8 से 11 जनवरी तक कार्जन ग्राउंड में चलेगा। प्रतियोगिता में बेहतर करने वाली टीमों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मौके पर विशेष रूप से जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन निदेशक राकेश गुप्ता, कॉच मोहम्मद रफीक, चंद्रमोहन पटेल, उदय कुमार, संजय तिवारी एवं यशबीर जग्गी सहित कई गणमान्य लोग शामिल थें।

# तोपचांची में बाइक में विस्फोटक, महिलाओं समेत सात घायल, एक की हालत गंभीर

## एसएनएमएमसीएच में चल रहा घायलों का इलाज, बम निरोधक दस्ते ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के तोपचांची थाना से महज कुछ दूरी पर स्थित तोपचांची मोड़ के समीप गोमो रोड पर रविवार की दोपहर एक बाइक में भीषण विस्फोट हो गया। इस घटना में बाइक सवार युवक के दाएं पैर के चिथड़े उड़ गए। जबकि पास में ही सब्जी बेच रही कई महिलाएं की धमाके की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। फिलहाल सभी को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। उक्त हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार पिंटू बर्णवाल (38) को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना में घायल सब्जी बेचने वाली महिलाओं की पहचान मालती देवी (48) शुशीला देवी(27) बुधनी देवी (48) टुपली देवी (50) के रूप में हुई है। सभी तोपचांची की ही रहने वाली हैं। धमाके में सुशीला देवी को चेहरे में गंभीर चोट आई है, जबकि बुधनी देवी को आंखों में गंभीर चोट लगे हैं। उधर, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल को घेर कर पूरी तरह सील करते हुए जांच शुरू कर दी है। बतातें चलें कि तोपचांची का पूरा इलाका नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। इस कारण धमाके के बाद से स्थानीय लोग दहशत में हैं। फिलहाल पूरे मामले में पुलिस कुछ भी बताने से बच रही है।









### धमाके के बाद मौके पर मची अफरातफरी, बंद होने लगी दुकानें

तोपचांची नक्सल प्रभावी क्षेत्र होने के कारण अचानक हुए धमाके से लोग भयभीत हो गए और सड़क पर इधर-उधर भागने लगे। हालांकि उन्हें पता चला कि जब धमाका बाइक में हुआ है, तब लोगों ने राहत की सांस ली। बावजूद इसके क्षेत्र में भय का माहौल बरकरार है। प्रशासन से क्षेत्र के सील कर दिया है।

### क्या है पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक रविवार अपराह्न 3.30 बजे जेएच 10बी डब्लू / 0536 नामक बाइक पर सवार हरिहरपुर थाना क्षेत्र के गोमो निवासी पिंटू बर्णवाल बगोदर से गोमो की ओर जा रहा था। इस बीच तोपचांची-गोमो सड़क पर वह सब्जी लेने के लिए रूका। तभी बाइक में विस्फोट हो गया। जिससे सब्जी बेच रहीं 4 महिलाएं भी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास के दुकानों में लगे शीशे तक चकनाचूर हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि धमाके की आवाज आसपास के एक किलोमीटर तक दूर सुनाई दी। दूसरी ओर, घटना में गंभीर रूप से घायल पिंटू बर्णवाल ने एसएनएमएमसीएच में इलाज के दौरान पत्रकारों को बताया कि वो बगोदर से लोको बाजार गोमो स्थित अपने घर जा रहा था। तभी तोपचांची मोड़ के समीप बाइक खड़ी कर सब्जी ले रहा था। उसने जैसे ही बाइक की डिक्की से थैला निकालने के लिए डिक्की खोली वैसे ही धमाका हो गया।

दूसरी ओर, घायल पिंटू के अनुसार बाइक में कैसे और क्या विस्फोट हुआ उसे इसकी कोई जानकारी नहीं है। वहीं, धमाके में घायल एक सब्जी बेचने वाली महिला मालती देवी ने बताया कि सब्जी लेने के बाद पिंटू ने जैसे ही बाइक को चालू किया वैसे ही धमाका हो गया।

### विस्फोट को लेकर रहस्य बरकरार

घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार एक व्यक्ति सब्जी लेने के लिए रुका था। उसने जैसे ही गाड़ी की डिक्की खोला धमाका हो गया। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि सम्भवतः गाड़ी की डिक्की में बम रखा हुआ था, जबकि कुछ लोगों का कहना है कि आसपास का क्षेत्र नक्सल प्रभावित है जिस कारण उक्त व्यक्ति अन्य कोई विस्फोटक पदार्थ ले जा रहा होगा। वहीं कुछ स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि कोयलांचल में फिलहाल कोयले का अवैध खनन का कार्य चरम पर है। खनन में प्रयुक्त की जाने वाली विस्फोटक सामग्री भी हो सकती है। फिलहाल पुलिस प्रशासन द्वारा स्थानीय बम स्क्वाइड की टीम को घटमस्थल पर बुलाकर जांच कराई जा रीह है। ताकि धमाका चीज से हुआ है इसकी सही जानकारी मिल सके।

## कतरास रेलवे मेंस कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई स्व एसएन चौबे की पुण्यतिथि



**कतरास (आजाद सिपाही)।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस कतरास शाखा कार्यालय में रविवार को वरीय नेता स्व एसएन चौबे की पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित जनों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रदांजलि अर्पित की। यूनियन के महामंत्री पीएस चतुर्वेदी ने कहा कि केंद्र सरकार जिस तरह रेल कर्मियों के साथ दोहरी नीति अपना रही है उसे समझने की जरूरत है। जब तक हम एकता के सूत्र में बांधकर अपने हक व अधिकार के लिए संघर्ष नहीं करेंगे तब तक हमें सफलता नहीं मिलेगी। इस मौके पर सहायक महामंत्री बीके महाजन, एनके सिंह, एमपी कर्ण, अनिल कुमार सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, अनिल कुमार सोनी, श्याम किशोर कल्लू, हैदर अलि, जय नाथ महतो, संतोष कुमार राम, जगन कुमार, निर्मला देवी, सरिता देवी, अरूणा देवी और सत्येंद्र यादव आदि थे ।

## रात के अंधेरे में अवैध रूप से काटे गए दर्जनों हरे पेड़



**महुदा (आजाद सिपाही)।** पादुगोडा पंचायत के कुलटांड़ गांव जाने वाले सड़क किनारे वर्षों से लगे दर्जनों हरेभरे पेड़ो की जमीन कारोबारी अंधाधूंध कटाई कर रहे हैं। बताते चले कि जंगल में विगत कुछ दिनों से कारोबारियों द्वारा रात के अंधेरे का फायदा उठाकर हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। अब तक दर्जनों बड़े पेड़ काटे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों की सूचना पर जब वन विभाग की टीम गांव पहुंची तो मौके पर कोई नहीं मिले। वहीं टीम पेड़ों के खूंट देखकर दंग रह गए। जंगल में जगह-जगह पेड़ भी गिरे पड़े मिले और पेड़ों के आसपास कोई नजर नहीं आया। फिलहाल वन विभाग की टीम इसकी जांच कर रही हैं। इस संबंध में वन अधिकारी नारायण महतो ने कहा ग्रामीणों की सूचना पर निरीक्षण करने पहुंचा हूं। जंगल की साफ-सफाई हुई थी एवं कुछ पेड़ मौके पर कटे हुए थे। इसकी जांच की जा रही हैं। साथ ही यह भूमि वन पंचायत की है या सिविल भूमि इस बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## श्रवण महतो बने बाघमारा के अंचल अध्यक्ष



**महुदा (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बाघमारा अंचल का चुनाव रविवार को दामोदर नदी के तट पर स्थित खेलाय चंडी प्रांगण तेलमोचो में संपन्न हुआ। जिसमें जिला कार्यकारणी द्वारा प्रतिनियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक प्रभात रंजन एवं सुनील कुमार की देखरेख में आठ सदस्यी अंचल समिति का चयन किया गया। समिति में श्रवण कुमार महतो अंचल अध्यक्ष, टेरेसा खलको उपाध्यक्ष, पूजा कुमारी उपाध्यक्ष, रामेश्वर महतो सचिव, अजय कुमार एवं अनिता कुमारी संयुक्त सचिव, संजय कुमार झा संगठन मंत्री, मन्नवर सुल्तान कोषाध्यक्ष निर्वाचित किये गये। जिला प्रतिनिधि के रूप में विजेंद्र कुमार मिश्रा, दीपक कुमार सिन्हा,बादल चंद्र गोराई, इंदु कुमार पासवान, सुदाम प्रसाद साव, अंबुज कुमार महतो, योगमाया कुमारी, कुमारी जागृति, मदन कुमार सिंह, संजीव प्रसाद, विनोद कुमार, गंगा नारायण सिंह चुने गए। राज्य प्रतिनिधि के रूप में दीपक कुमार वर्णवाल,प्रवीण कुमार लाला, दीपक कुमार सिन्हा, संजय कुमार सुमन, तापस कुमार खवास एवं मानिक चंद्र दास निर्वाचित हुए। कार्यक्रम में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार, चण्डीचरण दास, महासचिव नंदकिशोर सिंह, मो.असलम, आरती ख्वास, अशोक कुमार, शंभू शरण अम्बष्ट, अनिल कुमार पासवान आदि उपस्थित थे।

## पुरनाडीह पंचायत में जरुरतमंद लोगों के बीच दीप नारायण सिंह ने किया कंबल वितरण



**कतरास (आजाद सिपाही)।** टुंडी के पुरनाडीह पंचायत में यूथ फोर्स की ओर से जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यूथ फोर्स पिछले 15 साल से टुंडी के गरीब, मजदूर और किसान समेत जरूरतमंदों की लगातार सेवा कर रहा है। इसी कड़ी में बढ़ती ठंड को देखते हुए यूथ फोर्स की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर जदयू टुंडी प्रखंड अध्यक्ष प्रबोध पांडेय, गोतम कुमार पांडेय, फागुर सिंह, तिलक सिंह, मंगल महतो, उमेश ठाकुर, जितेन्द्र सिंह, उबेद सोरेन, लक्ष्म सिंह, गजेन्द्र सिंह,बिरबल सिंह, मोहन मंडल, सुखदेव मंडल, हदीश अंसारी, बासुदेव रजक, जानकी तुरी, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

### महिला के पटना पहुंचने व वहीं गिरफ्तार होने की सूचना पाकर वापस लौटी

# हत्या में शामिल संदिग्ध महिला की तलाश में बरोरा पहुंची पटना पुलिस

**20 दिसंबर को राकेश कुमार नामक युवक की हुई थी हत्या**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** पटना फुलवारी शरीफ में दिसंबर 2022 में राकेश कुमार नामक व्यक्ति की हत्या के मामले में एक महिला को गिरफ्तार करने के लिए पटना पुलिस ने रविवार को मुराईडीह कॉलोनी निवासी जयनारायण चौहान के घर पर दबिश दी है। हालांकि उक्त महिला को पटना स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिए जाने की सूचना मिलने पर पटना पुलिस वापस लौट गई। पुलिस बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह कॉलोनी निवासी जयनारायण चौहान की बहन देवंती देवी की तलाश में यहां पहुंची थी। फुलवारी शरीफ थाना के सब इंस्पेक्टर भगवान राम ने बताया कि 20 दिसंबर को राकेश कुमार (22) की हत्या हुई थी और शक के अधार पर मृतक की मौसी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस यहां पहुंची थी। लेकिन देवंती देवी को रविवार की सुबह की ट्रेन से पटना के लिए निकल गई थी और जैसे ही पटना स्टेशन पर उतरी वहां की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पटना पुलिस से इससे अधिक जानकारी देने से इन्कार कर दिया। पटना की छापामारी टीम में फुलवारीशरीफ थाना के सब इंस्पेक्टर भगवान राम, धर्मेन्द्र प्रसाद सहित महिला कांस्टेबल शामिल थीं।



बरोरा में हत्या की संदिग्ध महिला की तलाश करती पटना पुलिस।

# बैंड बाजा तो काजी नहीं पढ़ाएंगे निकाह...

**निकाह आसान करो मुहिम के तहत 55 मुस्लिम संगठनों ने बैठक कर लिया सामूहिक निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मुस्लिम समुदाय ने समाज में आए दिन फैल रही बुराइयां और शादी विवाह में जरूरत से ज्यादा खर्च को रोकने के लिए रविवार को बैठक कर सर्वसम्मति निर्णय लिया कि समाज के किसी भी बरात में डीजे, पटाखा, नाच गाना पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। अगर कोई इस निर्णय का उल्लंघन करता है तो कोई भी काजी व ईमाम उसका निकाह नहीं पढ़ाएंगे और ना ही संगठन का कोई भी सदस्य उस निकाह में शामिल होगा। वासेपुर बायपास रोड स्थित एक होटल में तंजीम अहले सुन्नत धनबाद के नेतृत्व में लगभग 55 संगठनों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यगण व धनबाद शहर के उल्माओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। तंजीम के सचिव मौलाना गुलाम सरवर कादरी ने बताया कि यह निर्णय सर्वसम्मति से ली गई है। मुफ्ती मोहम्मद रिजवान अहमद सादी ने शिक्षा पर जोर देते हुए मुसलमानों से अपील की कि विवाह समारोह में फिजूलखर्ची ना कर उन्हीं पैसों को बच्चों की उच्च शिक्षा में लगाएं। वहीं धनबाद इमारत ए शरिया के मुफ्ती मोहम्मद शाहिद ने कहा कि समाज में फैली बुराइयों से बचने का एक ही रास्ता है कि मुसलमान अपने नबी की सुन्नत को अपनाए। स्कॉलर मौलाना नौशाद आलम और मौलाना सिराज अहमद मिस्बाही ने कुरान और हदीस के जरिए लोगों को समझाया कि गाना, बजाना, नाचना यह सब इस्लाम में मना है। बैठक की अध्यक्षता तंजीम के अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अलाउद्दीन और उप सचिव मौलाना शकील अहमद सकाफी ने की। मौके पर मौलाना आबिद रजा कादरी आदि थे।




### कनकनी में मनायी गयी पूर्व सांसद योगेश्वर प्रसाद योगेश की 87वीं जयंती समारोह

# राजनीति के आदर्श पुरुष थे योग्श्वर प्रसाद योगेश : जलेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** कनकनी चार नंबर योगेश स्मृति पुस्ताकलय परिसर में रविवार को योगेश स्मृति मंच के तत्वावधान में कांग्रेस के पूर्व सांसद, मंत्री व पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य योगेश्वर प्रसाद योगेश की 87वां जयंती मनायी गयी। समारोह की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं संचालन महामंत्री रामगोपाल भुवानिया ने किया। सबसे पहले योगेश जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। नेताओं ने योगेश्वर प्रसाद की जयंती कांग्रेस कार्यालय में आयोजित करने व उनकी प्रतिमा धनबाद मे स्थापित करने की बात कही। अपने संबोधन में कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि योगेश जी एक सच्चे और ईमानदार नेता थे। हमेशा गरीबों के बीच उनके दुख दर्द को दूर करने में लगे रहते थे। वे राजनीति के आर्दश पुरूष थे। उनका कार्यकाल कोयलांचल का स्वर्णिम युग था। हम उनके बताए रास्ते पर चल कर ही उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है। वहीं, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि योगेश जी एक सच्चे सिपाही थे। विधायक, सांसद और मंत्री बन जनता की सेवा करते रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि योगेश जी एक महान नेता थे। योगेश बाबू कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे। उन्होंने पार्टी व जनता के लिए अपना सारा जीवन न्योछावर कर दिया। वहीं, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा ने कहा कि योगेश जी धनबाद की राजनीत में महान व्याक्ति थे। वे कोयलांचल के गांधी के रूप मे याद किए जाते है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रविन्द्र वर्मा ने कहा कि आज कल लोग राजनीति को गंदा कर रहे है। ऐसे में स्वच्छ छवि के नेता योगेश जी की कमी महसूस हो रही है। प्रदेश सचिव वैभव सिन्हा ने कहा कि बाघमारा में माफिया हावी है। ऐसे में योगेश बाबू जैसे नेता की जरूरत है। प्रदेश सचिव शमशेर आलम ने कहा कि योगेश जी गांधीवादी विचार के नेता थे। समारोह को कांग्रेस नेता असलम मंसूरी, राजकुमार महतो, गोमिया विधानसभा प्रभारी रवि चौबे, रामप्रीत यादव, श्रीराम चौरसिया, हाकिम खान, अक्षवर प्रसाद आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सिपाही चौहान, सिकंदर आजम, साहिर खान, संजय जयसवाल, अवधेश पासवान, मिस्टर खान, रामेश्वर तुरी, इम्तियाज आलम, सुदर्शन चौहान, डब्ल्यू पासवान, रूपेश चौहान, राणा प्रताप चौहान, मुस्लिम खान और एकराम कुरैशी आदि उपस्थित थे।



योगेश्वर प्रसाद योगेश की जयंती समारोह में उपस्थित कांग्रेसी नेता।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### धनबाद में कोरोना ने दी दस्तक, आइआइटी आइएसएम में शिकागो से आया छात्र संक्रमित

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आइआईटी आइएसएम में विदेश से आया एक छात्र कोरोना संक्रमित पाया गया। उसके सैंपल को जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला सर्विलांस पदाधिकारी डॉक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि आईआईटी आईएसएम में एक छात्र, जो शिकागो से आया था, वह कोविड पोजिटिव पाया गया। आगे की जांच के लिए उसके सैंपल को जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाएगा। जिला सर्विलांस पदाधिकारी ने बताया कि संक्रमित छात्र एक जनवरी 2023 को शिकागो से नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा। वहां उसकी कोविड जांच नहीं हुई थी। बीते चार जनवरी को वह एक अन्य छात्र के साथ राजधानी एक्सप्रेस से धनबाद पहुंचा और यहां से आईआईटी आईएसएम गया। जहां पहले से ही एक आइसोलेशन केंद्र बनाया गया है। वहां बाहर से आने वाले छात्रों को पहले रखा जाता है। दोनों छात्रों को आइसोलेशन सेंटर में रखा गया। वहीं शिकागो से जो छात्र आया था उसे बुखार भी था। दोनों छात्रों के सैंपल की आरटी पीसीआर पद्धति से आइआइटी आइएसएम ने टैग एसआरएल लैब में जांच की गई। जांच में शिकागो से आने वाला छात्र कोविड पोजिटिव पाया गया। छात्र की पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद जिला सर्विलांस पदाधिकारी ने बोगी नंबर, बर्थ नंबर सहित पूरी कांटेक्ट ट्रेसिंग की। पदाधिकारी ने बताया कि अभी छात्र में कोविड के लक्षण नहीं दिखाई दे रहे हैं। कहा कि लोगों को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अपील भी की कि बाहर निकलते समय मास्क अवश्य पहने। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाने से बचें तथा अपने और अपने परिजनों को सुरक्षित रखें।

### रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय में प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन

**महुदा (आजाद सिपाही)।** विधारण विकास मिशन और स्व महावीर महतो स्मारक समिति द्वारा रविवार को रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय में जेएसएससी सिलेबस पर आधारित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजित हुई। जिसमें जेपीएससी मेंस में सफल छात्र- छात्राओं सहित लगभग 500 विद्यार्थियो ने भाग लिया।

### तेनुघाट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 25 लाख की लागत से बनेगा पीसीसी पथ एवं डायनिंग हॉल



**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने तेनुघाट शिविर संख्या 3 गोमिया प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 25 लाख रुपये की लागत से पीसीसी पथ एवं डायनिंग हॉल का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी परिसर में पीसीसी सड़क एवं डाइनिंग हॉल नहीं होने से बच्चों को काफी असुविधा होती थी। जिसे लेकर भवन निर्माण विभाग से अनुशंसा करा कर डाइनिंग हॉल एवं पीसीसी सड़क बनाने का आश्वासन दिया था, जिसका आज शिलान्यास किया गया है। संवेदकों को जल्द से जल्द कार्य करने का आग्रह किया। इस मौके पर मुखिया बिंदु देवी, जगदीश सिंह, तेनुघाट पंचायत मुखिया पति मुन्ना श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि अशोक यादव, पप्पू यादव, मंटू यादव ,,संतोष यादव, प्रदीप चौधरी, बासु यादव आदि उपस्थित थे।

### वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में दुर्गा सोरेन सेना का किया गया सम्मान, दर्जनों युवाओं ने ली सदस्यता



**तेतुलमारी (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी क्षेत्र के वेस्ट मोदीडिह कोलियरी में दुर्गा सोरेन सेना का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष राहुल कुमार, जिला महानगर अध्यक्ष अशोक कुमार, राजीव रंजन, अरविंद कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। इस मौके पर बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष का भी मनोनयन किया गया। साथ ही दर्जनों युवाओं ने सेना की सदस्यता ग्रहण की। अपने संबोधन में दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय युवा अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि ने कहा कि आने वाला दिन युवाओं का होगा। दुर्गा सोरेन सेना का विस्तार पूरे झारखंड में किया जा रहा है।कहा कि झारखंड के प्रत्येक जिला में संगठन के जिला अध्यक्ष का चुनाव कर पूरे जिले के साथ ही पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर दुर्गा सोरेन सेना के धनबाद जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, बल्लभ बाल्मीकि, राजवीर चौहान, पंकज सिंह, पंकज मुंडा, मुकेश चौहान, विक्की राजभर, शहाबुद्दीन अंसारी, जावेद खान, अरुण साहनी, सोनू बाल्मीकि और बेनू पासवान आदि उपस्थित थे।

# 13 को दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज को हरी झंडी दिखायेंगे मोदी

● 3200 किमी से अधिक की दूरी करेगा तय

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को वाराणसी से दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज 'एमवी गंगा विलास' को हरी झंडी दिखाएंगे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि लग्जरी क्रूज भारत और बांग्लादेश के पांच राज्यों में 27 नदी प्रणालियों में 3,200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगा। बयान में केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के हवाले से कहा गया है कि एमवी गंगा विलास भारत को दुनिया के नदी क्रूज मानचित्र पर लायेगा।

**नदी क्रूज पर्यटन की होगी शुरुआत :** सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13 जनवरी को वाराणसी में एमवी गंगा विलास नामक दुनिया की सबसे लंबी नदी क्रूज का शुभारंभ भारत के लिए नदी क्रूज पर्यटन के एक नए युग की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध विरासत वैश्विक मंच पर और आगे बढ़ेगी क्योंकि पर्यटक आध्यात्मिक, शैक्षिक, कल्याण, सांस्कृतिक और साथ ही भारत की जैव विविधता की समृद्धि का अनुभव करने में सक्षम होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि काशी से सारनाथ तक, माजुली से मयोंग तक, सुंदरबन से काजीरंगा तक, यह क्रूज जीवन भर का अनुभव प्रदान करता है। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में यह अद्भुत पहल, भारत में रिवर क्रूज पर्यटन में एक नये युग की शुरुआत है।



**स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक करेंगे पहली यात्रा**

एमवी गंगा विलास की पहली यात्रा में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक वाराणसी से डिब्रूगढ़ की यात्रा का आनंद लेंगे। डिब्रूगढ़ में एमवी गंगा विलास के आगमन की अपेक्षित तिथि एक मार्च है। एमवी गंगा विलास के यात्रा कार्यक्रम को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के स्थानों पर रुकने के साथ भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए तैयार किया गया है।

**51 दिनों की क्रूज योजना :** एमवी गंगा विलास क्रूज को दुनिया के सामने देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया गया है। विश्व विरासत स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों, नदी घाटों, और बिहार में पटना, झारखंड में साहिबगंज, पश्चिम बंगाल में कोलकाता, बांग्लादेश में ढाका और असम में गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों सहित 50 पर्यटन स्थलों की यात्रा के साथ 51 दिनों की क्रूज की योजना बनायी गयी है। एमवी गंगा विलास पोत 62 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा है। इसमें तीन डेक हैं और 36 पर्यटकों की क्षमता वाले 18 सुइट्स हैं, जिनमें पर्यटकों के लिए एक यादगार और शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए सभी सुविधाएं हैं। यह प्रदूषण मुक्त तंत्र और शोर नियंत्रण तकनीकों से लैस है।

**सारनाथ और माजुली को भी करेगा कवर :** वाराणसी में प्रसिद्ध 'गंगा आरती' से, यह बौद्ध धर्म की महान श्रद्धा के स्थान सारनाथ में रुकेगी। यह मायोंग, जो अपने तांत्रिक शिल्प के लिए जाना जाता है और माजुली, जो सबसे बड़ा नदी द्वीप और असम में वैष्णव संस्कृति का केंद्र है, को भी कवर करेगा।

**भारतीय विरासत से रूबरू होने का मिलेगा मौका :** यात्री बिहार स्कूल ऑफ योगा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय भी जायेंगे। इससे उन्हें समृद्ध भारतीय विरासत से रूबरू होने का मौका मिलेगा। यह क्रूज रॉयल बंगाल टाइगर्स के लिए प्रसिद्ध बंगाल डेल्टा की खाड़ी में सुंदरबन के जैव विविधता से भरपूर विश्व धरोहर स्थलों के साथ-साथ एक सींग वाले गैंडों के लिए प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से भी गुजरेगा।

**रोजगार के पैदा होंगे अवसर :** केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने देश में नदी क्रूज पर्यटन को विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस क्षेत्र के विकास से भीतरी इलाकों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सरकार देश में रिवर क्रूज टूरिज्म की सफलता के लिए क्षमता निर्माण के लिए पूंजीगत व्यय कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में इस क्षेत्र के अधिकतम प्रदर्शन और तेजी से विकास के लिए नदी पर्यटन सर्किट को मौजूदा पर्यटन सर्किट के साथ विकसित और एकीकृत किया जाएगा।

**अपनी तरह की पहली क्रूज सेवा है एमवी गंगा विलास :** एमवी गंगा विलास क्रूज अपनी तरह की पहली क्रूज सेवा है। नौवहन, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्रालय के तहत अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के समर्थन से इस सेवा की सफलता से उद्यमियों को देश के अन्य हिस्सों में नदी परिभ्रमण का पता लगाने के लिए उत्साहित होने की संभावना है।

# जागृति उत्सव 2023 में कला, शिल्प और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने किया आकर्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर दो दिवसीय प्रदर्शनी और सांस्कृतिक उत्सव 'जागृति उत्सव-2023' में प्रदर्शित स्थानीय हस्तशिल्प सामग्री और स्थानीय उद्यमियों के उत्पादों ने लोगों को आकर्षित किया, जिन्होंने स्थानीय और लोक कलाकारों के प्रदर्शन का भी आनंद लिया। ओपी सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने आनंद विहार मैदान में जागृति उत्सव दो दिवसीय प्रदर्शनी और सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन किया। एमसीएल के जागृति महिला मंडल द्वारा आयोजित जागृति उत्सव में एमसीएल के सभी क्षेत्रीय महिला मंडलों की संगठन ने भाग लिया। यह उत्सव स्थानीय व्यंजनों, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करता है। जागृति उत्सव में 45 स्टॉल लगे हुए है जो लोगों को आकर्षित कर रहा है।



एमसीएल के सीएमडी ओपी सिंह ने औपचारिक रूप से स्टॉल खोलने की उदघोषणा की। इस अवसर पर केशव राव, निदेशक (कार्मिक), पीके पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, जुगल कुमार बोरा, निदेशक (तकनीकी), अजीत कुमार बेहुरा, निदेशक (वित्त), जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह, जागृति महिला मंडल की चार उपाध्यक्ष अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल, आरती बोरा और रश्मि बेहुरा आदि ने जागृति उत्सव का परिदर्शन किया। इसके पश्चात सीएमडी, निदेशक एवं अध्यक्षों ने जागृति महिला मंडल की पत्रिका 'जागृति' के 6वें संस्करण का भी विमोचन किया, जिसमें विभिन्न विषयों पर लेखों के अलावा महिला निकाय द्वारा की जाने वाली सामाजिक सेवा कार्य की झलकियां को भी शामिल किया गया है। एमसीएल के क्षेत्रीय महिला मंडल की स्टॉल आगंतुकों के लिए आकर्षक रहा, जो आने वाले लोगों के लिए रुचि की विभिन्न वस्तुओं को प्रदर्शित करता है।

जागृति उत्सव में प्रदर्शनी के अलावा स्थानीय कलाकारों और संगीत बैंड द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रदर्शित किये जा रहे हैं। सामाजिक कार्य और स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, इस उत्सव ने स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को अपनी प्रतिभा और उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

# राजौरी आतंकी हमले में 18 लोग हिरासत में

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में हुए आतंकी हमले के मामले में पुलिस ने 18 लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। राजौरी के एसएसपी मोहम्मद असलम ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, रविवार को एक जनवरी की शाम को हुई फायरिंग में घायल एक और युवक प्रिंस शर्मा की मौत हो गयी। इसके बाद मरने वालों की संख्या सात पहुंच गयी है। इनमें दो बच्चियां भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के डांगरी गांव में हुए आतंकी हमले के आरोपियों का पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन चल रहा है। जांच और पूछताछ में हमें कुछ अहम सुराग मिले हैं। ऐसा लग रहा है कि राजौरी शहर के पास कुछ गांवों में आतंकी छिपे हुए हैं। जांच सही दिशा में चल रही है। जल्द ही इस हमले की गुत्थी सुलझ जाएगी। हमले के बाद राजौरी जिले के कई गांवों में पांच जनवरी को ग्राम रक्षा समिति (वीडीसी) का कैंप लगाया गया। इसमें उन लोगों के नामों की लिस्ट बनाई गई, जो वीडीसी का सदस्य बनना चाहते हैं। इन लोगों को एलएमजी जैसे आधुनिक हथियार दिए जायेंगे।

# चीन में हिंसा, कोरोना टेस्ट किट बनाने वाली फैक्ट्री ने लोगों को निकाला

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन में कोविड टेस्ट किट बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार को हिंसा हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर दवाओं के बॉक्स फेंके। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये लोग नौकरी से निकाले जाने और सैलरी न मिलने से नाराज थे। इन्होंने विरोध प्रदर्शन किया तो पुलिस ने रोका और इसकी वजह से हिंसा हुई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, चूंगचींग शहर में कोविड टेस्ट किट बनाने वाली जायबायो कंपनी ने कई कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया और सैलरी भी नहीं दी। इसके बाद फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शनकारी सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गये। हिंसा के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रोटेस्ट कर रहे लोग पुलिस पर दवाओं के खाली बक्से और स्टूल फेंक रहे हैं। पुलिसकर्मी भागते नजर आ रहे हैं। उन्होंने हेलमेट और सेफ्टी गियर्स पहन रखे हैं।

**जीरो-कोविड पॉलिसी हटने के बाद कर्मचारियों को निकाला :** वीडियो में लोगों नारेबाजी करते हुए सुना जा सकता है। वो कह रहे हैं- हमारा पैसा वापस करो। एक यूजर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- ये जीरो-कोविड पॉलिसी हटाने का नतीजा है, अब कोरोना काल में इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियों कर्मचारियों को निकाल रही हैं। क्योंकि उनके मुताबिक अब प्रोडक्शन कम होगा, इसलिए कंपनी में ज्यादा लोगों की जरूरत नहीं।

# इलाज के अभाव में आज भी दम तोड़ रहें हैं, ऐसे में नि:शुल्क शिविर वरदान है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

● हेल्थ मिशन ट्रस्ट के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का 200 लोगों ने कराया इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरीमहुआ।** खोरीमहुआ अनुमंडल कार्यालय के बगल स्थित उत्क्रमित चरवाहा विद्यालय डोमायडीह में झारखंड हेल्थ मिशन ट्रस्ट के माध्यम से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। रांची रिम्स और वेदांत से आये विभिन्न रोगों के आठ चिकित्सकों की टीम द्वारा नि:शुल्क ईलाज तथा मुफ्त दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने झारखंड हेल्थ मिशन ट्रस्ट के चेयरमैन रविंद्र कुमार की सराहना करते हुए कहा कि आज भी सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में इलाज के अभाव में लोग दम तोड़ रहे हैं, ऐसे में रांची के रिम्स तथा वेदांत जैसे बड़े हॉस्पिटल के एक-दो नहीं, कुल आठ-आठ बड़े-बड़े डॉक्टरों को बुला कर सभी वर्ग के लोगों का मुफ्त इलाज करना, मुफ्त दवा देना बड़ी बात है। साथ ही कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के लिए लोगों को आगे आना चाहिए।



श्री सिंह ने घोषणा करते हुए कहा कि झारखंड हेल्थ मिशन ट्रस्ट को हम एक एंबुलेंस मुहैया करायेंगे, जो धनवार क्षेत्र के बीमार लोगों को इलाज के लिए मुफ्त में रांची तक पहुंचाने का काम करेगी।

रिम्स के हेड एंड नेक सर्जन डॉ अभिषेक कुमार रामधीन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग जानकारी के अभाव में इलाज नहीं करा पाते हैं और कैसे डॉक्टरों से इलाज कराना है, इसकी असमंजसता बनी रहती है, ऐसे में शिविर के माध्यम से हुए इलाज से डॉक्टरों को समझ पाते है और संस्था के माध्यम से सही इलाज करा पाते हैं।

रिम्स के यूरोलोजिस्ट डॉ ए जमाल ने कहा कि ऐसे शिविर के माध्यम से डॉक्टर और पेशेंट के बीच की खाई को पाटने का काम किया जाता है और मरीज अपने परेशानियों को खुल कर सामने रख पाते हैं। झारखंड हेल्थ मिशन ट्रस्ट के चेयरमैन रविंद्र कुमार ने कहा कि ट्रस्ट का मिशन ही है कि गरीबों को हरसंभव मदद की जाये, बेहतर इलाज कराया जाये। इसी उद्देश्य से धनवार सहित अन्य प्रखंडों में जगह-जगह पर शिविर लगा कर मुफ्त इलाज तथा दवा उपलब्ध कराया जा रहा है।

इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन स्थानीय पंचायत समिति सदस्य सदानंद राय तथा रांची से आये डॉक्टरों द्वारा फीता काट कर किया गया। इसके उपरांत यूरोलोजिस्ट डॉ ए जमाल, हेड एंड नेक सर्जन डॉ अभिषेक कुमार रामधीन, डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ आनंद मोहन झा, डॉ संजना गुप्ता, डॉ विकास कुमार लाल, डॉ विशाल लाल सहित अन्य डॉक्टरों द्वारा लगभग 200 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया। इस दौरान स्थानीय समाज सेवी दीपक पांडेय, अतुल गुप्ता प्रवीण रॉय, दिनेश रॉय, रिंकू गुप्ता, उत्तम गुप्ता, लालजीत राणा, अशोक गुप्ता, पवन कुमार शर्मा उपस्थित थे।

# हिमाचल में सात नये मंत्री बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने रविवार को सात मंत्रियों को शपथ दिलायी। इनमें सबसे पहले कर्नल धनीराम शांडिल को शपथ दिलायी गयी। इनके बाद विधायक चंद्र कुमार, हर्षवर्धन, जगत सिंह नेगी, रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली।



अकेले शिमला जिले से तीन विधायक विक्रमादित्य, रोहित और अनिरुद्ध मंत्री बने हैं। इसके अलावा कांगड़ा से चंद्र कुमार, किन्नौर से जगत सिंह नेगी, सोलन से धनीराम शांडिल और सिरमौर से हर्षवर्धन को भी मंत्री बनाया गया है। हमीरपुर से सीएम सुखविंदर सुक्खू और ऊना से डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री हैं। पांच जिलों को कोई मंत्री पद नहीं मिला।

मंत्रियों को शपथ दिलाने से पहले मंत्री बनने से चूके 6 विधायकों को सीएम ने मुख्य संसदीय सचिव की शपथ दिलायी। इनमें सुंदर सिंह ठाकुर, एमएल ब्राक्टा, राम कुमार, आशीष बुटेल, किशोरी लाल और संजय अवस्थी शामिल हैं।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**